हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com

धनबाद, बुधवार 16 अक्टूबर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 193, मूल्य : 2 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe

Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### 2014 बैच के आईएएस अधिकारी वरुण रंजन बने रांची के डीसी




रांची : रांची डीसी को बदल दिया गया है. वरुण रंजन रांची के नए डीसी बनाये गये हैं. कुछ दिन पहले ही राहुल सिन्हा को हटाकर मंजूनाथ भजंत्री को रांची डीसी बनाया गया था. लेकिन आज उन्हें भी हटाकर वरूण रंजन को रांची डीसी बनाया गया है.रांची के नये डीसी वरुण रंजन ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया. उन्होंने निवर्तमान उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से पदभार लिया. वरुण रंजन 2014 बैच के आईएएस अधिकारी हैं.यहां बता दें कि वरूण रंजन इससे पहले धनबाद के डीसी थे, लेकिन पीएम के कार्यक्रम में ड्यूटी कोताही बरतने पर उन्हें हटा दिया गया था. रांची डीसी के पद पर पदस्थापित होने के कुछ दिन बाद चुनाव आयोग ने मंजूनाथ भजंत्री को डीसी बनाए जाने पर आपत्ति जताई थी. कार्मिक द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब मंजूनाथ भजंत्री को जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी की जिम्मेवारी सौंपी गई है. वहीं जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित मृत्युंजय कुमार वर्णवाल को मनरेगा आयुक्त बनाया गया है.

### चुनाव को लेकर कांग्रेस हुई एक्टिव तीन पर्यवेक्षक नियुक्त किया

रांची : झारखंड में विधानसभा चुनाव का एलान होते ही कांग्रेस एक्टिव हो गयी है. पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विधानसभा चुनाव को देखते हुए तीन वरिष्ठ कांग्रेसियों को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है. जिसमें कांग्रेस सांसद तारिक अनवर, पूर्व सांसद अधीर रंजन चौधरी और तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्का मालू विक्रमार्का आदि शामिल हैं. कांग्रेस ने महाराष्ट्र के लिए भी पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है. इनकी भूमिका झारखंड चुनाव सीट शेयरिंग के साथ-साथ उम्मीदवारों के चयन और प्रचार में अहम भूमिका होगी.

### आईओसी बॉटलिंग प्लांट के ठेकेदार की निर्मम हत्या, जेवियर कॉलेज के पीछे जंगल में मिली अधजली लाश

सरायकेला : जिले के गम्हरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत जेवियर स्कूल के पास जंगल से पुलिस ने एक जली हुई लाश बरामद की है। मृतक की पहचान आदित्यपुर थाना क्षेत्र शिवपुरी कॉलोनी निवासी विभांशु शशांक उर्फ जीतू के रूप में की गई है। जो गम्हरिया इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के बॉटलिंग प्लांट में ठेकेदारी करता था। मृतक बीते 12 अक्टूबर से लापता था। इस बीच परिजनों ने आदित्यपुर थाना में गुमशुदगी को लेकर शिकायत दर्ज की थी। इधर 14 अक्टूबर सोमवार दोपहर पुलिस ने गुमशुदा विभांशु शशांक का जला हुआ शव गम्हरिया जेवियर स्कूल के पीछे जंगल से बरामद किया है। मामले की जानकारी होने पर आदित्यपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार के साथ गम्हरिया थाने की पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची एवं शव को कब्जे में ले लिया है। वही शव के बगल में मोबाइल, पर्स, एक मोटरसाइकिल संख्या JH05CG-1065 के अलावा एक थैला गिरा हुआ मिला है. जिस पर बिहार, गया टिकारी का पता लिखा है। बताया जाता है कि मृतक का ससुराल गया टिकरी है जो कुछ दिन पूर्व ही ससुराल से लौटा था.

### 62वें वॉलोंग दिवस पर भव्य आयोजन करेगी सरकार, चीन को ऐसे मिलेगा कड़ा संदेश

नई दिल्ली : भारतीय सेना 1962 में हुए भारत-चीन युद्ध के दौरान वॉलोंग की जंग में शहीद हुए वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। 62वें वॉलोंग दिवस के मौके पर इस दौरान एक महीने तक कई स्मारक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ये समारोह 17 अक्तूबर 2024 से शुरू हो कर 14 नवंबर, 2024 तक आयोजित किए जाएंगे। वॉलोंग की लड़ाई में भारतीय सेना ने बेजोड़ बहादुरी, समर्पण और अदम्य साहस का परिचय दिया था। यह युद्ध युद्ध किबिथू, नामती ट्राई जंक्शन, वॉलोंग और अरुणाचल प्रदेश के सुदूर पूर्वी हिस्सों में लड़ा गया था। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन के साथ चल रहे गतिरोध के बीच अरुणाचल प्रदेश में वॉलोंग दिवस का भव्य आयोजन चीन को कड़ा संदेश माना जा रहा है। इससे पहले 10-11 अक्तूबर को वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास गंगटोक के फॉरवर्ड एरिया में भारतीय सेना के टॉप कमांडरों की कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की गई थी।

### हजारीबाग में बीएसएफ के 373 जवानों की ट्रेनिंग पूरी

हजारीबाग(ईएमएस)। हजारीबाग के बीएसएफ प्रशिक्षण केंद्र एवं स्कूल के रानी लक्ष्मीबाई परेड ग्राउंड में मंगलवार को दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया।समारोह में कुल 373 नवआरक्षकों ने देश सेवा की शपथ ली।इस दौरान भव्य पारंपरिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया एवं भारत माता की जय के नारे के साथ नवआरक्षकों ने देश की अखंडता, एकता के लिए तिरंगे के नीचे शपथ ली। 44 सप्ताह के कठिन परिश्रम, लगन के साथ नवआरक्षकों ने बुनियादी प्रशिक्षण पूरा किया। दीक्षांत परेड में बैंड की धुन पर कदम से कदम ताल मिलाकर जवानों ने परेड किया।वहीं दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महानिरीक्षक केएस बनियाल ने सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया।इस मौके पर हजारीबाग और आसपास के कई गणमान्य लोग भी उपस्थित हुए और परेड का आनंद उठाया।

### भाजपा ने सांसद डॉ. के. लक्ष्मण को संगठन चुनाव के संचालन के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी नियुक्त किया

नई दिल्ली (ईएमएस)। भाजपा ने सांसद डॉ. के. लक्ष्मण को संगठन चुनाव के संचालन के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही पार्टी ने संगठन चुनाव के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी और राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने संगठनात्मक नियुक्ति को लेकर पत्र जारी करते हुए बताया कि भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्णय के अनुसार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संगठन चुनाव के संचालन के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी एवं राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारियों की नियुक्त की घोषणा की है।

## भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी

# झारखंड में 13 और 20 नवंबर को दो चरण में होंगे विधानसभा चुनाव

**मतगणना 23 नवंबर को,आचार संहिता लागू**

**पहले चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना 18 और दूसरे चरण की 22 अक्टूबर को जारी होगी**



रांची(ईएमएस)। भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। इसी के साथ मंगलवार की शाम साढ़े तीन बजे से झारखंड में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है।राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि चुनाव 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में होंगे। मतगणना 23 नवंबर को होगी। पहले चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना 18 और दूसरे चरण की 22 अक्टूबर को जारी होगी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करेगा। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव हमारी प्राथमिकता होगी। शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाना भी हमारी प्रथमिकता सूची में है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पहले चरण में 43 विधानसभा क्षेत्रों में तथा दूसरे चरण में 38 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होंगे। पहले चरण के लिए नामांकन 25 अक्टूबर तक और दूसरे चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर होगी। पहले चरण के नामांकनों की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर और दूसरे चरण की स्क्रूटनी 30 अक्टूबर को होगी।

**पहले चरण में 43 विधानसभा सीटों पर चुनाव होंगे**

**सीट** - कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया, चतरा, बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, ईचागढ़, सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसांवा, तमाड़, तोरपा, खूंटी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, सिसई, गुमला, विशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा, मनिका, लातेहार, पांकी, डालटेनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा, भवनाथपुर.

**दूसरे चरण में 38 विधानसभा सीटों पर चुनाव होंगे.**

**सीट**- राजमहल, बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, महेशपुर, शिकारीपाड़ा, नाला, जामताड़ा, दुमका, जामा, जरमुंडी, मधुपुर, सारठ, देवघर, पौड़ेयाहाट, गोड्डा, महगामा, रामगढ़, मांडू, धनवार, बगोदर, जमुआ, गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी, बाघमारा, सिल्ली व खिजरी.

## दो लोकसभा और 48 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का एलान

**13 नवंबर को मतदान, 23 को आएंगे नतीजे**

नई दिल्ली : महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव के साथ-साथ देश के तमाम राज्यों में खाली पड़ी लोकसभा और विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों का एलान हो गया है। चुनाव आयोग ने देश में खाली लोकसभा की दो और विधानसभा 48 सीटों पर उपचुनाव की तारीखों का एलान किया है। चुनाव आयोग के अनुसार 13 नवंबर को दो लोकसभा और 48 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होगी और 23 नवंबर को ही इन सभी सीटों के परिणाम आएंगे।

लोकसभा की खाली पड़ी केरल की वायनाड लोकसभा सीट काफी प्रमुख सीट मानी जा रही है, क्योंकि पिछली बार यहां से कांग्रेस नेता राहुल गांधी यहां सांसद रहे थे। हालांकि इस साल की शुरुआत में हुए लोकसभा चुनाव में भी उन्होंने वायनाड लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी, लेकिन दो लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़कर जीतने के बाद उन्हें एक सीट खाली पड़नी थी। जिसमें उन्होंने अपने पार्टी की परंपरागत रायबरेली सीट को अपने पास रखते हुए वायनाड सीट को खाली करते हुए इस्तीफा दे दिया था। फिलहाल कांग्रेस पार्टी ने मौके पर ही लोकसभा सीट के उपचुनाव के लिए अपने प्रत्याशी का नाम घोषित किया था, और राहुल गांधी की बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा का नाम जारी किया था।




**48 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव**

14 राज्य, 48 विधानसभा सीटें, जहां उपचुनाव

| राज्य | सीटें | राज्य | सीटें |
|---|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 9 | केरल | 2 |
| राजस्थान | 7 | मध्य प्रदेश | 2 |
| पश्चिम बंगाल | 6 | सिक्किम | 2 |
| असम | 5 | गुजरात | 1 |
| बिहार | 4 | उत्तराखंड | 1 |
| पंजाब | 4 | छत्तीसगढ़ | 1 |
| कर्नाटक | 3 | मेघालय | 1 |

**महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट पर उपचुनाव**

वहीं अन्य एक लोकसभा सीट की बात करें तो, इसमें महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट है।

**किस राज्य में कितनी विधानसभा सीटों पर उपचुनाव?**

अब राज्यों में खाली पड़ी विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की बात करें तो, देश की 14 राज्यों की 48 विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव की घोषणा की गई है। इसमें उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटें, राजस्थान की 7 विधानसभा सीटें, पश्चिम बंगाल की 6 विधानसभा सीटें, असम की 5 विधानसभा सीटें, बिहार की 4 विधानसभा सीटें, पंजाब की 4 विधानसभा सीटें, कर्नाटक की 3 विधानसभा सीटें, केरल की 2 विधानसभा सीटें, मध्य प्रदेश की 2 विधानसभा सीटें, सिक्किम की 2 विधानसभा सीटें के साथ-साथ मेघालय, गुजरात, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ की 1-1 विधानसभा सीटें शामिल हैं।

## महाराष्ट्र में बज गया चुनावी बिगुल एक चरण में होगा विधानसभा चुनाव

**20 नवंबर को मतदान, 23 को चुनाव परिणाम**

मुंबई, (ईएमएस)। आख़िरकार मंगलवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया। केंद्रीय चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने घोषणा करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में एक चरण में ही मतदान होगा। वहां 20 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को मतों की गिनती करवाई जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में एक संसदीय क्षेत्र नांदेड़ के लिए उपचुनाव 20 नवंबर को होगा जबकि 23 नवंबर को मतगणना एक साथ ही की जाएगी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटें हैं। महाराष्ट्र में विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को खत्म होगा। वहां 9.63 करोड़ मतदाता हैं। जिनमें से 4.97 करोड़ पुरुष और 4.66 करोड़ महिला मतदाता हैं। पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 20.93 लाख है। कुल 1 लाख 186 पोलिंग बूथ पर वोट डाले जाएंगे। मंगलवार दोपहर साढ़े तीन बजे नई दिल्ली में चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया। इसके साथ ही महाराष्ट्र में चुनाव आचार संहिता लागू हो गया है। 288 सीटों वाली विधानसभा के लिए एक चरण में वोट डाले जाएंगे। पिछले विधानसभा चुनाव में भी एक ही चरण में वोट डाले गए थे। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को मतदान होगा। 23 नवंबर को मतगणना होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि हम एक नया गोल्ड स्टैंडर्ड सेट कर रहे हैं। हम जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं।

## झामुमो ने मंईयां सम्मान की राशि बढ़ने पर निकाला विजय जुलूस

रांची : मंईयां सम्मान योजना को एक हजार रूपए से बढ़ाकर 2500 रूपए करने की खुशी में झामुमो ने विजय जुलूस निकाला. राजधानी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड सरकार का आभार प्रकट करने हुए जिला स्कूल से अलबर्ट एक्का चौक तक विजय जुलूस निकाल कर हेमंत सरकार को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि यह योजना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दृढ़ संकल्प का परिणाम है. उन्होंने यहां की बेटियां, बहनों और महिलाओं के लिए बहुत ही संवेदनशील होकर सोचा और उन्हें मुख्य धारा से जुड़ने के लिए 2500 रुपए की सम्मान राशि की योजना देने का काम किया.

मंईयां सम्मान योजना की तीन किस्त राज्य की 52 लाख से भी अधिक महिलाओं के खाते में जा चुकी है और इसी दिशा में उन्हें सशक्त करने के लिए 2500 की सम्मान राशि महिलाओं को दी जाएगी. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जो कहते हैं वो करते हैं, भाजपा की तरफ फर्जी घोषणा और योजना नहीं लाते. समनूर मंसूरी, अश्विनी शर्मा, जनक नायक, बीरू साहू, कलाम आजाद, रामानंद बेदिया,डॉ हेमलाल कुमार मेहता, नयन तारा उरांव, राखी देवी, अंशु लकड़ा, उषा उरांव, संध्या गुड़िया, सुषमा बरदेवा, राधा हेंब्रम, पुष्पा बरदेवा, फरीद खान, सबीबुल रहमान, परवेज़ आलम गुड्डु, विलयम रिचर्ड लकड़ा आदि उपस्थित थे.

## जैप-1 में 19 वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का हुआ उद्घाटन

रांची : डोरंडा स्थित जैप 1 में मंगलवार को 19 वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का उद्घाटन हुआ है. सीआईडी के द्वारा आयोजित कराए जा रहे ड्यूटी मीट का गृह सचिव वंदना दादेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने उद्घाटन किया. चार दिन तक चलने वाले पुलिस ड्यूटी मीट में इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर के लिए विधि विज्ञान परीक्षा (लिखित), मेडिको लीगल परीक्षा, पुलिस फोटोग्राफी, क्राइम इन्वेस्टीगेशन लॉ रूल्स और कोर्ट जजमेंट, विज्ञान प्रायोगिक और मौखिक परीक्षा होगी. इस चार दिवसीय राज्य स्तरीय पुलिस ड्यूटी मीट में दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र, रांची, कोयला क्षेत्र, बोकारो, संथाल परगना क्षेत्र, दुमका, उतरी छोटानागपुर क्षेत्र, हजारीबाग, पलामू क्षेत्र, डालटनगंज, कोल्हान क्षेत्र, चाईबासा और



अपराध अनुसंधान विभाग सहित श्वान दस्ता की टीमें भाग ले रही है. परीक्षा के बाद परीक्षक मंडल द्वारा सभी विषयों पर उत्कृष्ट प्रतिभागियों का चयन कर एक राज्य स्तरीय टीम का गठन किया जाएगा.

## निष्पक्ष चुनाव की गारंटी, लाल आतंक को बूथ से दूर रखेंगे सीआरपीएफ-बीएसएफ सहित सीएपीएफ के दस हजार जवान

नई दिल्ली : झारखंड में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। नक्सल प्रभावित राज्य में दो चरणों के तहत चुनाव होंगे। पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को होगा, जबकि दूसरे चरण की वोटिंग 20 नवंबर को होगी। चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने के केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। झारखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विधानसभा चुनाव के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो और बिना किसी भय के लोग, चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकें, इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अर्धसैनिक बलों के करीब 10000 जवानों की अग्रिम तैनाती कर दी है। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में सीआरपीएफ की 35 कंपनियां, बीएसएफ की 25, सीआईएसएफ की 10, आईटीबीपी की 15 और एसएसबी की 15 कंपनियां, झारखंड भेजी गई हैं।

**जम्मू कश्मीर में शांतिपूर्ण चुनाव से बढ़ा आत्मविश्वास**

जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अब महाराष्ट्र व झारखंड में विधानसभा चुनाव की तिथि घोषित की गई हैं। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों ने पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर में भी शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराया है। वहां पर तीन चरणों में विधानसभा चुनाव हुआ था। सभी उम्मीदवारों को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए विशेष रणनीति तैयार की थी। विधानसभा चुनाव में आतंकी, किसी तरह की बाधा न पहुंचा सकें, इसके मद्देनजर जेएंडके में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 1000 कंपनियां तैनात की गई थी। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के एक लाख से अधिक जवानों ने जम्मू कश्मीर में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराया है।



**केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के 10 हजार जवानों की तैनाती**

अब झारखंड विधानसभा चुनाव में अर्धसैनिक बलों की एडवांस तैनाती की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गत सप्ताह ही झारखंड सरकार के मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी को सूचित किया है। निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के मुताबिक, यह निर्णय लिया गया है कि झारखंड विधानसभा चुनाव में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की सौ कंपनियों (लगभग 10000 जवान) की अग्रिम तैनाती की जाएगी। केंद्रीय बलों को झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में एरिया डोमिनेशन, विश्वास बहाली के उपाय, फ्लैग मार्च और सर्विलांस का काम सौंपा गया है। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की निर्धारित कंपनियां 14 अक्तूबर को अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंच गई हैं।

**केंद्रीय बलों की मूलभूत जरुरतों का ध्यान**

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड सरकार से आग्रह किया था कि वह सीएपीएफ की तैनाती का डिटेल डेपलॉयमेंट प्लान तैयार करे। इस मामले में संबंधित फोर्स और चीफ फोर्स कोर्डिनेटर के साथ चर्चा की जाए।

केंद्रीय बलों की मूवमेंट और डेपलॉयमेंट के समन्वय की जिम्मेदारी सीआरपीएफ को सौंपी गई है। चुनावी ड्यूटी के लिए आ रहे केंद्रीय बलों की मूलभूत जरुरतों का ध्यान रखा जाए। उनके ट्रांसपोर्टेशन, लॉजिस्टिक, रहने की जगह और दूसरी आवश्यकताओं बाबत त्वरित निर्णय लिया जाए। सीआरपीएफ से कहा गया है कि वह कंपनियों की मूवमेंट के लिए स्पेशल ट्रेन और पर्याप्त कोचों की व्यवस्था का काम देखें।

## संक्षिप्त खबरें

### एसडीओ ने की धनबाद विस के सभी एईआरओ के साथ बैठक



धनबाद : अनुमंडल पदाधिकारी सह 40 धनबाद विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी, राजेश कुमार ने पुराने समाहरणालय में विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने 40 धनबाद विधानसभा के सभी सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, सभी सेक्टर ऑफिसर, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी के साथ विधानसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन-2024 के निमित्त गठित मीडिया कोषांग को लेकर नगर आयुक्त ने की बैठक



धनबाद : नगर आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी, मीडिया कोषांग, रवि राज शर्मा की अध्यक्षता में झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन-2024 के निमित्त गठित मीडिया कोषांग की बैठक समाहरणालय में कई गई। इस दौरान चुनाव में मीडिया कोषांग व एमसीएमसी, मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी की जिम्मेदारी पर जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह समेत अन्य पदाधिकारियों के साथ चर्चा की गई। नगर आयुक्त ने कहा कि इसके लिए जरूरी है कि एमसीएमसी के अधिकार व कार्यों की पूरी जानकारी रहे। उन्होंने सभी कार्यालय कर्मियों को पूरी तत्परतापूर्वक अपने कर्तव्यों के निर्वहन करने का निदेश दिया है। मौके पर नगर आयुक्त, रविराज शर्मा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सुनिल कुमार सिंह, सहायक नगर आयुक्त सुश्री शिखा कुमारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, आलोक कुमार मिश्रा, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर सुश्री विनीता कुमारी समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

### भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी व फेडरल बैंक के संयुक्त तत्वाधान में ब्लड डोनेशन कैंप का किया गया आयोजन




धनबाद : मंगलवार को फेडरल बैंक मटकुरिया रोड धनबाद एवं भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद के संयुक्त तत्वावधान में ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया गया। जिसमें 12 युनिट ब्लड संग्रह किया गया। कैंप में चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह, भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद एवं नोडल पदाधिकारी ब्लड डोनेशन बेनजीर परवीन, संयुक्त सचिव दिलीप सिंह,आजीवन सदस्य प्रमोद गोयल , आजीवन सदस्य उज्जवल नायक एवं बैक की तरफ़ से समीर कुमार प्रबंधक एवं ब्रांच हेड राणा रोहित एवं कुमार मधुरेन्द्र सिंह कार्यकारिणी सदस्य सह सलाहकार अध्यक्ष, भारतीय रेडक्रास समिति उपस्थित थे। कैंप में एसएनएमएमसीएच के मानिक, विष्णु,राजु शंभु साहिनी ने अपना सराहनीय योगदान दिया।

### प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई स्वर्गीय ज्ञान रंजन की जयंती

रांची(ईएमएस)।झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में पूर्व सांसद स्व. ज्ञानरंजन की जयन्ती मनाई गयी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ0 रामेश्वर उराँव ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने स्व. ज्ञानरंजन के व्यक्तित्व और उनके जुझारूपन की चर्चा करते हुए कहा कि स्व. ज्ञानरंजन ने झारखंड अलग राज्य की लड़ाई को मुकाम तक पहुंचाया। उनका पूरा राजनैतिक जीवन झारखंड अलग राज्य के लिए समर्पित था। उन्होंने अपने पूरे जीवनकाल में कांग्रेस के मजबूती एवं झारखंडवासियों की समृद्धि के लिए लड़ाई लड़ी। कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ0 रामेश्वर उराँव ने कहा कि स्व. ज्ञानरंजन अपने आप में एक आंदोलन थे, झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में उन्होंनें अग्रणी भूमिका निभायी। झारखंड आंदोलन में इनके योगदान को स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा।श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में सर्वश्री प्रदीप तुलस्यान, संजय लाल पासवान, रवीन्द्र सिंह, अभिलाष साहू, अमूल्य नीरज खलखो, सतीश पॉल मुंजनी, राजन वर्मा, सोनाल शांति, जगदीश साहू, सुरेन राम, खुर्शीद हसन रूमी, उमेश चौधरी, वशिष्ठ लाल पासवान, राजू राम, राजीव प्रकाश चौधरी, शहीद अहमद, शमीम अख्तर आजाद, राजेन्द्र चन्द्र राजू, पप्पू पासवान, ऐनुल हक, बेलस तिर्की, रामानंद केशरी आदि शामिल थे।

### कुव्यवस्था हारेगी, जनता विजयी होगी : सुदेश महतो

रांची(ईएमएस)।चुनाव आयोग द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किए जाने पर आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि यह चुनाव कुशासन के खिलाफ एक लड़ाई है, जिसे हमें जीतना है। कुव्यवस्था हारेगी, जनता विजयी होगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान करते हुए कहा कि पूरी सेवा, समर्पण और निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

झारखण्ड सरकार
उपायुक्त का कार्यालय(समाज कल्याण शाखा),धनबाद
नया समाहरणालय भवन, भूतल, कमरा नं०-16
दूरभाष- 03262296055,
Email ID - dswo-dhanbad@jharkhandmail.gov.in

-:: आवश्यक सूचना ::-

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या-2196, दिनांक- 23.09.2022 एवं आदेशांक-2044, दिनांक-24.07.2023 एवं स्वीकृत्यादेश संख्या-1101 / 65(स्वी0) दिनांक- 05.08.2024 तथा आवंटनादेश संख्या-61(आ0) दिनांक-07.08.2024 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में आंगनबाड़ी चलो अभियान योजना के तहत धनबाद जिलान्तर्गत संचालित आँगनबाड़ी केन्द्रों में स्कूल पूर्व शिक्षा प्राप्त कर रहे 03 वर्ष से 06 वर्ष के बच्चों के लिए गर्म पोशाक (Winter Uniform) की क्रयापूर्ति हेतु दिनांक-16.10.2024 को आमंत्रित निविदा (P.R. No.- 337875) को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

PR 338944 Women, Child Development & Social Security(24-25).D

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, धनबाद

# ऑप्यूलेंट दिवाली और ब्राइडल बाज़ार का हुआ शानदार उद्घाटन





रांची : होटल रैडिसन ब्लू, रांची में दो दिवसीय ऑप्यूलेंट दिवाली और ब्राइडल बाज़ार का भव्य उद्घाटन मंगलवार को हुआ. कार्यक्रम की शोभा विशेष अतिथि एक्ट्रेस युक्ति कपूर ने बढ़ाई, जो लोकप्रिय टीवी शो मैडम सर में करिश्मा सिंह की भूमिका के लिए जानी जाती हैं. उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी द्वारा किया गया, जिन्होंने इस अद्भुत फैशन प्रदर्शनी की सराहना की। यहां देशभर के मशहूर डिज़ाइनर्स के शानदार संग्रह पेश किए गयें हैं. जहां आप करवा चौथ धनतेरस दिवाली और वेडिंग जोरदार खरीददारी कर सकते हैं.

समारोह की शुरुआत अपग्रेडेड प्राइमरी स्कूल, सिंदवार टोला, रांची के बच्चों द्वारा, लायंस क्लब रांची समर्पण के सहयोग से प्रस्तुत स्वागत नृत्य से हुई, जिसने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। मौके पर युवा समाजसेवी सह भोजपुरी गायक, आशुतोष द्विवेदी , यूनिवर्सल इंडिया इंटरनेशनल ब्यूटी पेजेंट की फर्स्ट रनरअप रिद्धिमा मित्तल उपस्थित रहीं.

#### प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण

दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, वाराणसी, बेंगलुरु, कश्मीर और रांची के प्रसिद्ध डिज़ाइनरों का नवीनतम संग्रह।

हर शैली के लिए खास डिज़ाइन किए गए परिधान।

हर घंटे लकी ड्रा, जिसमें चांदी के सिक्के पुरस्कार के रूप में दिए जा रहें हैं.

#### प्रदर्शनी में शामिल डिज़ाइनर कलेक्शन

आभूषणों की विस्तृत श्रृंखला।

डिज़ाइनर एथनिक वेयर, जिसमें सूट, कुर्तियाँ, साड़ियाँ, लहंगे और ब्राइडल वेयर शामिल हैं।

प्रदर्शनी में विशेष विंटर कलेक्शन भी प्रदर्शित किया जा रहा है, जिसमें लक्ज़री कोट, जैकेट, स्वेटर और कार्डिगन शामिल हैं। यहां Embellish Skin स्टॉल घरेलू स्किनकेयर ब्रांड है जो रासायनिक मुक्त उत्पादों से बनाया गया है। पौष्टिक साबुनों और कोमल जैविक क्लींजर से लेकर कुमकुमादी तेल जैसे शानदार फेशियल ऑयल तक, हर उत्पाद शुद्ध और प्राकृतिक स्किनकेयर देने के लिए सावधानी से तैयार किया गया है।

वहीं डिजायनर एवं सिल्क की साड़ियों का अद्भुत कलेक्शन उपलब्ध है, इसके साथ ही, द पॉश द्वारा दिवाली बोनांजा प्रस्तुत किया गया है, जिसमें हैंड एम्ब्रॉइडेड बेड कवर, कॉटन सैटिन बेड कवर, प्रिंटेड बेडशीट्स और कस्टम बेड कवर शामिल हैं। The wrap studio द्वारा उपहार प्रायोजित किए गए हैं,एक्ट्रेस युक्ति कपूर का मेकओवर लुक्स सैलून, रतू रोड द्वारा किया गया है।

एग्जीबिशन की डायरेक्टर रीना अग्रवाल ने बताया रांची के फैशन प्रेमियों ने इस आयोजन का भरपूर आनंद लिया,उन्होंने सभी को सादर आमंत्रित किया है कहा कि वे इस अद्भुत प्रदर्शनी का हिस्सा बनें!

## चुनाव के दौरान मनी पॉवर, मसल पॉवर, मिस इनफॉर्मेशन एवं एमसीसी पर रखे विशेष ध्यान : के. रवि कुमार




रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन कार्य में लगे पदाधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन कर सभी प्रत्याशियों के लिए समान अवसर प्रदान कर सकेंगें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा 4 एम (मनी पॉवर, मसल पॉवर, मिस इनफॉर्मेशन एवं एमसीसी) पर विशेष ध्यान देने का निर्देश है। पीवीटीजी, वरिष्ठ मतदाता एवं दिव्यांग मतदाताओं पर विशेष ध्यान देते हुए उनके लिए सुगम मतदान की व्यवस्था करनी है। श्री कुमार मंगलवार को विधानसभा निर्वाचन की घोषणा के उपरांत निर्वाचन सदन से ऑनलाइन माध्यम से सभी जिले के उपयुक्तों के साथ बैठक कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करा लें। मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि वहां बिजली एवं लाइटिंग की व्यवस्था हो। स्वीप कैलेंडर तैयार कर मतदाताओं के बीच नैतिक मतदान के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि कम मतदान प्रतिशत वाले सभी मतदान केंद्रों के कारणों की समीक्षा करते हुए उनके निराकरण के उपायों पर कार्य करें। शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करने हेतु विशेष अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केंद्रों पर प्रीजाइडिंग ऑफिसर के साथ 4 पोलिंग ऑफिसर की नियुक्ति की जानी है। इस हेतु पहले से पदाधिकारियों को चिह्नित करते हुए उनकी सूची तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि इस बार के निर्वाचन में मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से वोटर टर्नआउट मैनेजमेंट सिस्टम की ट्रेनिंग सभी पदाधिकारियों को दी गई है, जिसका अनुपालन करते हुए सुगमता के साथ मतदान संपन्न कराना है।इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा द्वारा पीपीटी के माध्यम से सभी पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता लागू होने के पहले 72 घंटे के अंदर क्या करना है, इसकी विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने पदाधिकारियों को विज्ञापन, सरकारी संसाधनों के उपयोग, निर्वाचन व्यय, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, सर्विलांस टीम आदि के अनुपालन से संबंधित जानकारियां साझा की।इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित ऑनलाइन माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्त उपस्थित थे।

## सीपीआई-एमएल को भी इंडिया गठबंधन में मिलेगी जगह

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन और ताकतवर होने जा रहा है। राज्य विधानसभा चुनावों में सीपीआई-एमएल को भी इंडिया गठबंधन में जगह मिलेगी। पार्टी विधानसभा चुनाव में चार सीटों पर चुनाव लड़ सकती है।बीते चुनाव में इंडिया गठबंधन में तीन पार्टियां थीं, झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और आरजेडी। इन तीनों पार्टियों ने पिछली बार मिलकर चुनाव लड़ा था। अब इस गठबंधन में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) भी शामिल होगी।लोकसभा चुनाव में सीपीआई-एमएल को कोडरमा सीट मिली थी। इस सीट से सीपीआई-एम के विनोद सिंह चुनावी मैदान में थे। मुकाबला बीजेपी उम्मीदवार और मौजूदा केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी से था। हालांकि माले को इस सीट पर करारी हार मिली और उन्हें 3 लाख 77 हजार से ज्यादा वोट से हार का सामना करना पड़ा। अन्नपूर्णा देवी ने लगातार दूसरी बार जीत हासिल की।विनोद सिंह अपने पिता कामरेड महेंद्र सिंह की हत्या के बाद राजनीति के मैदान आए और पिता के विधानसभा क्षेत्र बगोदर से तीन बार विजयी रहे। 2019 के विधानसभा चुनाव में भी वो बगोदर से माले के उम्मीदवार के रूप में विजयी रहे थे। लोकसभा चुनाव में सीपीआई एमएल प्रत्याशी के प्रचार के लिए जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी के नेताओं ने माले का पूरा सपोर्ट किया।झारखंड में सीपीआई एमएल और एमसीसी का विलय हो गया है। एमसीसी से आशय मार्क्सवादी को-ऑर्डिनेशन कमिटी है। दोनों पार्टियों की आपसी सहमति के बाद एमसीसी का सीपीआई-एमएल में विलय हो गया था। बता दें कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र में एमसीसी का काफी प्रभाव रहा है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी संग समीक्षात्मक बैठक की

पलामू(ईएमएस)।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों संग बैठक की.बैठक के दौरान उन्होंने कोषांग वार विधानसभा चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों से अवगत हुए।उन्होंने सभी पदाधिकारियों से इलेक्शन मोड में रहने की बात कही।उन्होंने कहा कि बिना टीम वर्क के चुनाव का सफल संचालन संभव नहीं है ऐसे में आवश्यकता है कि सभी लोग एकसाथ एकजुट होकर अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति का जो दायित्व है,उसका निष्पादन नोडल पदाधिकारी अपने देख रेख में ससमय पूरा करना सुनिश्चित करेंगे।समीक्षा क्रम में उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी से विभिन्न स्तर के प्रशिक्षणों की तिथि से अवगत हुए,वहीं निर्वाचन कोषांग द्वारा अबतक किये गये कार्यों की भी जानकारी ली।इसके अतिरिक्त उन्होंने संबंधितों को मतदान कर्मियों का डाटा बेस तैयार करने,लंबित इंट्री को अविलंब पूरा करने,पोस्टल बैलेट,सुविधा केंद्र स्थापित करने,दिव्यांग मतदाताओं को सुविधा उपलब्ध कराने,वाहन कोषांग को वाहनों की संख्या का मूल्यांकन करने,सामग्री कोषांग, ईवीएम कोषांग,प्रेक्षक कोषांग, मीडिया कोषांग,स्वीप कोषांग आदि को लेकर संबंधित कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया.उन्होंने निर्वाचन,कार्मिक,वाहन,सामग्री, आदर्श आचार संहिता,मीडिया, प्रशिक्षण,प्रेक्षक,सहित अन्य कोषांगों का समीक्षा कर कई अन्य निर्देश दिये। उन्होंने इलेक्शन के सफल संचालन हेतु निर्वाचन आयोग का हैंड बुक में दिए गये निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिये।उन्होंने अंतर जिला पर चेकिंग अभियान को सक्रीय करने के निर्देश दिये।उन्होंने सभी पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता के दौरान 24,48 व 72 घण्टे के प्रोटोकॉल को अनिवार्य रूप से लागू करने पर बल दिया।

## झारखण्ड उलगुलान संघ का एक दिवसीय धरना

खूंटी(ईएमएस)। आदिवासियों एवं मूलवासियों के हित के संवैधानिक प्रावधानों तथा कानूनी अधिकारों के कार्यान्वयन के प्रति झारखण्ड सरकार के उदासीन रवैये को लेकर झारखण्ड उलगुलान संघ के तत्वावधान में मंगलवार को जिला समाहरणालय, खूंटी के समक्ष एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संयोजक अलेस्टेयर बोदरा ने धरना के माध्यम से झारखण्ड सरकार को याद दिलाते हुए कहा कि आबुआ सरकार कहने मात्र से झारखण्डियों का हक अधिकार सुरक्षित नहीं पाएगा, बल्कि जो संवैधानिक प्रावधान तथा कानूनी अधिकार प्राप्त है, उसको ठोस रूप से लागू करने का प्राथमिकता होना चाहिए था लेकिन वर्तमान समय में सिर्फ सत्ता की राजनीति हो रही है। केन्द्र सरकार हो या राज्य सरकार हो, लोगों को गुलाम बनाने पर तुली हुई है। मईया सम्मान योजना और गोगो दीदी योजना का प्रलोभन देकर जमीन और जंगल के हक अधिकार से ध्यान भटकाया जा रहा है। ग्राम सभा को अधिकार सम्पन्न बनाने वाले पेसा कानून को भी हेमंत सरकार लागू करना नहीं चाहती है, तभी तो जुलाई महीना में झारखण्ड हाईकोर्ट ने झारखण्ड सरकार को दो महीना में पेसा कानून लागू करने का निर्देश दिया था लेकिन दो महीना बीत चुका झारखण्ड सरकार ने कुछ नहीं किया जबकि इस बीच झारखण्ड मंत्रीपरिषद की दो बैठकें हुई, उस बैठक में इस विषय पर चर्चा ही नहीं किया गया। इससे बड़ा दुर्भाग्य झारखण्डियों के साथ और क्या हो सकता है।सुबोध पूर्ति ने कहा कि झामुमो - कांग्रेस ने पिछले चुनाव के समय वादा किया था कि सरकार गठन के तुरंत बाद भूमि बैंक नीति और भूमि अधिग्रहण संशोधन (झारखण्ड) अधिनियम - 2017 को रद्द कर दिया जाएगा किन्तु पांच साल सरकार चलाने के बाद भी इस सरकार ने कुछ नहीं किया।कुलन पतरस आईन्द ने कहा कि हेमंत सरकार झूठ और ठगने वाली सरकार है, लैंड बैंक नीति बनाकर गाँव का अस्तित्व मिटाने का फरमान जारी किया है।

बेनेदिक्त नवरंगी ने कहा कि जनजातीय उप योजना तथा डी एम एफ टी फंड का विषयगत उपयोग नहीं किया जाना इस सरकार की विफलता है।धरना को मुख्य रूप से मसीहदास गुड़िया, दामु मुंडा, जोन जुरसन गुड़िया, सलील कोनगाड़ी, प्रेम मानकी, पौलुस हेमरोम, अब्राहम सोय एवं पौलुस मुंडू आदि ने सम्बोधित किया।

## सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में जारी की निषेधाज्ञा



पलामू(ईएमएस)।भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी। इसी क्रम में सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीना ने भी संपूर्ण अनुमंडल क्षेत्र में पंद्रह उक्तूबर से मतगणना समाप्ति तक निषेधाज्ञा लागू कर दिया है जिसके तहत पूरे सदर अनुमण्डल क्षेत्र में किसी प्रकार के घातक हथियार,आग्नेयास्त्र या विस्फोटक पदार्थ लाने एवं ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।यह निषेधाज्ञा सरकारी पदाधिकारी,कर्मचारी,पुलिस,कृपाल धारण करने पर लागू नहीं होगा।सरकारी अर्द्धसरकारी एवं स्थानीय संस्थाओं जैसे महाविद्यालय उच्च विद्यालय, प्राथमिक, मध्य एवं बुनियादी विद्यालयों एवं किसी भी आम भूमि पर किसी प्रकार का आम सभा का आयोजन करने तथा पूरे अनुमण्डल क्षेत्र में जुलूस निकालने पर मनाही होगी।इसके उपयोग के लिए सदर अनुमंडल कार्यालय की अनुमति आवश्यक होगी। यह निषेधाज्ञा शव यात्रा,शादी विवाह, मांगलिक कार्य पर लागू नहीं होगा।कोई भी दल अभ्यर्थी या उनके सहयोगी द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र का इस्तेमाल प्रातः 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक समय सीमा के अन्दर अनुमंडल कार्यलय की पूर्वानुमति प्राप्त कर ही किया जा सकेगा।उक्त समय सीमा के बाहर ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उपर्युक्त शर्त मंदिर,मस्जिद, गुरुद्वारा या धार्मिक स्थलों पर लागू नहीं होगी।मंदिर मस्जिद गिरजाघर, गुरुद्वारा या अन्य पूजा स्थल पर से निर्वाचन के प्रचार को प्रतिबंधित रखा गया है।किसी सार्वजनिक,सरकारी संपत्ति या किसी व्यक्तिगत संपत्ति पर नारा लिखना,पोस्टर पम्पलेट साटना,झंडा टांगना, सार्वजनिक सड़कों पर बैनर लगाना, होर्डिंग लगाना,तोरण द्वार लगाने पर प्रतिबंध रहेगा।किसी भी उम्मीदवार को ऐसा कोई कार्य नहीं करना है जिससे किसी धर्म,सम्प्रदाय या जाति के लोगों की भावना को ठेस पहुँचे या उनमें विद्वेष या तनाव पैदा हो।मत प्राप्त करने के लिए धार्मिक, साम्प्रदायिक या जातीय भावनाओं का सहारा लेने पर भी मनाही होगी।पूजा के किसी स्थान जैसे कि मंदिर, मस्जिद,गिरजाघर, गुरुद्वारा आदि का उपयोग निर्वाचन प्रचार के लिए नहीं किया जा सकेगा।किसी उम्मीदवार के व्यक्तिगत जीवन के ऐसे पहलुओं की आलोचना नहीं किया जाना है जिनका संबंध उसके सार्वजनिक जीवन या क्रियाकलापों पर और न ही ऐसे आरोप लगाये जाना है जिसकी सत्यता स्थापित न हुई हो।किसी अभ्यर्थी की आलोचना उसके पूर्व कार्य तक ही सीमित रहनी है तथा असत्यापित आरोपों पर आधारित नहीं हुई हो।प्रत्येक व्यक्ति के शान्तिपूर्ण घरेलु जीवन के अधिकार का सम्मान किया जाना है,चाहे उसके विचार कैसे भी क्यों न हो।किसी व्यक्ति के कार्यों या विचारों का विरोध करने के लिए किसी उम्मीदवार द्वारा ऐसे व्यक्ति के घर के सामने धरना देगें,नारेबाजी करने या प्रदर्शन करने की कार्रवाई का कतई समर्थन नहीं किया जाएगा।उम्मीदवार को ऐसे सभी कार्यों से परहेज करना है जो चुनाव कानून के अन्तर्गत अपराध हो।ऐसा कोई पोस्टर, इश्तेहार,पम्पलेट पर परिपत्र निकालना जिसमें मुद्रक और प्रकाशक का नाम और पता न हो, धारा 127A लोक प्रतिनिधित्व अधिनियन का उल्लघंन माना जाएगा।किसी उम्मीदवार के निर्वाचन की संभावना पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के उद्देश्य से उसके व्यक्तिगत आचरण और चरित्र या उम्मीदवार के संबंध में ऐसे कथन या समाचार का प्रकाशन कराना जो मिथ्या हो या जिसके सत्य होने का विश्वास न हो,की मनाही रहेगी।किसी चुनाव सभा में गड़बड़ी करना या विघ्न डालना आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन माना जाएगा।मतदान के दिन तथा मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व सार्वजनिक सभा करना वर्जित किया जाता है।मतदाताओं को रिश्वत या किसी प्रकार का पारितोषिक देना आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन की श्रेणी में आएगा।मतदान केन्द्र के 100 मीटर के अन्दर किसी प्रकार का चुनाव प्रचार करना या मत संयाचना करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा।

मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लाने तथा ले जाने के लिए वाहनों का उपयोग करना वर्जित किया जाता है।मतदान केन्द्र में या उसके आसपास विश्रृंखलर आचरण करना या मतदान केन्द्र के अधिकारियों के कार्य बाधा डालना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा।मतदान का प्रतिरूपेण करना अर्थात गलत नाम से मतदान का प्रयास करना दण्डनीय है।मतदान के दो दिन पूर्व से लेकर मतदान के दिन तक किसी उम्मीदवार द्वारा न तो शराब एवं अन्य नशीली पेय पदार्थ खरीदी जाए और न ही उसे किसी को पेश या वितरित किया जाएगा। प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा अपने कार्यकर्ताओं को ऐसे करने से रोकना होगा।किसी भी उम्मीदवार द्वारा किसी भी व्यक्ति की भूमि,भवन अहाते एवं दिवार का उपयोग झण्डा टांगने,पोस्टर चिपकाने,नारे लिखने आदि प्रचार कार्यों के लिए उसकी लिखित अनुमति के बगैर नहीं किया जाएगा और अपने समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं को भी ऐसा करने से रोकना होगा।किसी भी उम्मीदवार द्वारा उसके पक्ष में लगाये गये झण्डे या पोस्टर दूसरे उम्मीदवार के कार्यकर्ताओं द्वारा नहीं हटाया जाएगा।किसी हाट,बाजार या भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थल पर चुनाव सभा के आयोजन के लिए सक्षम पदाधिकारी से पूर्वानुमति ली जायेगी तथा स्थानीय पुलिस थाने को ऐसी सभा के आयोजन के पूर्व सूचना दी जायेगी,ताकि शांति एवं व्यवस्था बनाये रखने तथा यातायात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस आवश्यक प्रबंध कर सकें।प्रत्येक उम्मीदवार को किसी अन्य उम्मीदवार द्वारा आयोजित सभा या जुलूस में किसी प्रकार की गड़बड़ी करने या बाधा डालने से अपने कार्यकर्ताओं तथा समर्थको को रोकना होगा।यदि दो भिन्न दलों एवं उम्मीदवार द्वारा आस-पास स्थित स्थानों पर सभाये की जा रही है तो ध्वनि विस्तारक का मुँह विपरीत दिशा में रखने होगें।किसी उम्मीदवार के समर्थन से आयोजित जुलूस ऐसे क्षेत्र या मार्ग से नहीं निकाला जायेगा, जिसमें कोई प्रतिबंधात्मक आदेश लागू हो।

# संक्षिप्त खबरें

## केंद्र सरकार के असंवेदनशीलता से ओबीसी आरक्षण नहीं बढ़ा : राजेश गुप्ता

रांचीःकेंद्र सरकार की असंवेदनशीलता के कारण राज्य में ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने का प्रस्ताव अभी तक अधर में लटका हुआ है। केंद्र सरकार अभिलंब ओबीसी का आरक्षण बढ़ाए। इसके लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने पूरे 5 साल लगातार आंदोलन करते रहा है। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही है। उन्होंने कहा कि कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियां में आरक्षण संशोधन विधेयक 2022 झारखंड विधानसभा द्वारा दिनांक 11.11.2022 को जो पारित किया गया था। उक्त विधेयक राज्यपाल सचिवालय झारखंड रांची के द्वारा माननीय राष्ट्रपति के समक्ष 14% से 27% आरक्षण बढ़ाने के लिए विचारार्थ रखने हेतु गृह मंत्रालय भारत सरकार को भेजा गया है। बावजूद केंद्र सरकार ओबीसी आरक्षण बढ़ाने के प्रति असंवेदनशील रवैया अपनाए हुए हैं। जो झारखंड के ओबीसी समुदाय के लिए घोर निराशाजनक है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा भारतीय जनता पार्टी से सवाल करता है कि ओबीसी हितैषी की बात करने वाली पार्टी ओबीसी के हक अधिकार देने के प्रति गंभीर क्यों नहीं है?

## प्रथम चरण की तिथि पर पुनर्विचार करे चुनाव आयोग : कैलाश यादव

रांचीः प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा झारखंड में दो चरण में चुनाव कराने का स्वागत किया है लेकिन तिथि पर आपत्ति व्यक्त किया है ! यादव ने कहा कि चुनाव आयोग ने राज्य में प्रथम चरण 13 नवंबर और दूसरा चरण 20 नवंबर को घोषित किया है लेकिन राजद की ओर से चुनाव आयोग को सुझाव है कि इस बीच हिन्दू धर्म का कई बड़ा त्यौहार है ,जिसमें 31अक्टूबर को दीपावली 2 नवंबर को भैयादूज एवं आस्था का महान पर्व छठ 6 एवं 7 नवंबर को होना है ! इसलिए चुनाव आयोग प्रथम चरण का चुनाव की तिथि 15 नवंबर के बाद घोषित करने पर पुनर्विचार करने पर निर्णय लेने चाहिए ! यादव ने कहा कि चुनाव आयोग राज्य में समय से पूर्व चुनाव कराने का फैसला लिया लेकिन कहीं न कहीं स्पष्ट संकेत है कि झारखंड में दो चरण में तिथि निर्धारण में निश्चित रूप से बीजेपी के इशारे पर घोषणा की गई है इसलिए चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर कुछ सवाल भी खड़े होते हैं !

## जिओ की टावर फेल, उपभोक्ता परेशान

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बंडासिंगा मोड़ स्थित जिओ की मिनी टावर फैल होने से उपभोक्ता परेशान हो गए हैं। इस संबंध में स्थानीय निवासी सुजीत कुमार ने बताया कि पिछले 15 दिनों से जिओ का नेटवर्क सही से काम नहीं कर रहा है। वहीं नेटवर्क सही से काम नहीं होने बच्चे की पढ़ाई बाधित हो रही है। कहा कि मेरे घर से मात्र 100मीटर दूरी स्थित मिनी टावर लगाई गई है। जिसके बाद भी भरपूर नेटवर्क नहीं रहता है तथा बातचीत भी सही नहीं हो पाती है। अगर 5जी की बात करें तो वह बिल्कुल नहीं रहती है। जिओ कंपनी के अधिकारी भी मौन धारण किए हैं। अगर ऐसी हालत रही तो उपभोक्ता पोर्ट करने में देर नहीं करेगी। रिचार्ज खत्म होते ही उपभोक्ता एयरटेल में आना शुरू कर दिए हैं।

## पत्रकारों का दल पहुंचा लखनऊ

लखनऊ (ईएमएस)। मध्य प्रदेश के पत्रकारों का एक दल सोमवार को राजा भोज भोपाल एयरपोर्ट से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचा। यहां पीआईबी लखनऊ के अधिकारियों द्वारा पत्रकारों का स्वागत पुष्प भेंट करके किया गया। इसके बाद दल ने लखनऊ के मशहूर चिकन चौक का दौरा किया।

लखनऊ अपने चिकनकारी कपड़ों के लिए दुनियाभर में मशहूर है। चिकनकारी कढ़ाई को देश और विदेश में बहुत पसंद किया जाता है। इस दौरान, पत्रकारों ने चिकन कारीगरी से जुड़े बुनकरों से बातचीत की। बुनकरों ने बताया कि योगी सरकार और केंद्र की मोदी सरकार के प्रयासों के चलते चिकन कारीगरी को नई ऊंचाइयां मिल रही हैं। लखनऊ के चिकन चौक में करीब 2000 थोक दुकानें हैं, और यहां बने कपड़े पूरे भारत और विदशों में सप्लाई किए जाते हैं। यहाँ करीब 5 लाख महिलाओं और पुरुषों को इस उद्योग से रोजगार मिल रहा है। चिकन कारीगरी के कपड़ों की डिमांड भारत के साथ-साथ विदेशों में भी काफी है। पत्रकारों का दल मंगलवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात करेगा। इसके साथ ही वे रेलवे मंत्रालय के रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ), लखनऊ मेट्रो, और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) का दौरा करेंगे। इसके बाद यह पत्रकार दल अयोध्या के लिए रवाना होगा।

## बहराइच में देर रात फिर हुई हिंसा... निशाने पर धार्मिक स्थल, आग लगाने का प्रयास

बहराइच,(ईएमएस)। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में रविवार को शुरू हुई साम्प्रदायिक हिंसा अभी थमने का नाम नहीं ले रही है। बीती रात एक बार फिर हिंसा भड़की और इस बार धार्मिक स्थल को निशाना बनाया गया और आगजनी की कोशिश की गई है। बहराइच में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई झड़प के बाद इलाके में हिंसा भड़की थी, जिसमें 01 व्यक्ति की मौत हुई और कई लोग घायल हो गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया, लेकिन सोमवार रात एक बार फिर से हिंसा की खबरें सामने आईं हैं। उपद्रवियों ने एक धार्मिक स्थल पर हमला किया और वहां आग लगाने की कोशिश की है। जानकारी अनुसार नकवा गांव में सोमवार रात को करीब 15 उपद्रवियों ने एक मजार पर हमला किया और तोड़फोड़ करने के साथ ही आग लगाने की कोशिश की है। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने हालात को संभाला और उपद्रवियों को भागने पर मजबूर किया। इस घटना के बाद से इलाके में तनाव और बढ़ गया है। पुलिस और पीएसी के जवानों को गांव में तैनात किया गया है, और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। हिंसा की शुरुआत रविवार शाम करीब 6 बजे हुई, जब दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो समुदायों के बीच विवाद हुआ। विवाद ने जल्द ही हिंसक रूप ले लिया और पत्थरबाजी और फायरिंग में राम गोपाल मिश्र नामक युवक की मौत हो गई।

# खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



रांचीः सेक्रेड नॉलेज पब्लिक स्कूल चट्टी में इंटर स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

इस खेलकूद प्रतियोगिता मे सेक्रेड नॉलेज पब्लिक स्कूल नॉज,(ठाकुरगाँव )रांची एवं सेक्रेड नॉलेज प्ले स्कूल,बेड़ो रांची के लगभग 400 बच्चों ने कबड्डी,खो -खो,चम्मच दौड़,बिस्किट दौड़,वाद विवाद,चित्रकला,भाषण प्रतियोगिता आदि मे भाग लिया।विशेषज्ञ शिक्षकों के देखरेख में सभी प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। जिसमें कबड्डी,खो -खो, चित्रकला,भाषण,बिस्कुट दौड़, चम्मच दौड़ एवं वाद विवाद प्रतियोगिता में सेक्रेड नॉलेज पब्लिक स्कूल चट्टी लोहरदगा के बच्चों ने बाजी मारकर प्रथम स्थान पर रहे जबकि सेक्रेट नॉलेज प्ले स्कूल बेड़ो,रांची एवं सेक्रेट नॉलेज पब्लिक स्कूल नॉज (ठाकुरगांव) रांची के बच्चे दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इस कार्यक्रम मे मुख्यअतिथि एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप मे छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,संरक्षक छत्रपाल राम उस्ताद,कांजो मध्य विद्यालय के भूतपूर्व प्रधानाचार्य शंभू कुमार राणा जी की गरिमामय उपस्थिति रही।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सेक्रेड नॉलेज पब्लिक स्कूल चट्टी के निदेशक अमित कुमार ने अपने संबोधन मे कहा बच्चे देश के भविष्य हैं,बच्चे के बीच ऐसे प्रतियोगिता के आयोजन होने से बच्चों मे अपनी कमियों अपनी खूबियों को जानने का अवसर मिलता है।भविष्य मे भी विद्यालय मे इस तरह का प्रतियोगिता का आयोजन होते रहेगा जिससे बच्चों को अपनी प्रतिभाओं को दिखाने का अवसर मिलता रहेगा।सेक्रेड नॉलेज प्ले स्कूल बेड़ो के निर्देशक संजय कुमार ने कहा खेल में हार जीत लगी रहती है जो हार गए उसे हताश नहीं होना है और जो जीत गए उसे अति उत्साहित भी नहीं होना है,खेल के जैसा ही जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करने की आवश्यकता है और उसे पूरा करने के लिए हमें गतिशील रहने की आवश्यकता है।सेक्रेड नॉलेज पब्लिक स्कूल नॉज के निदेशक विष्णु कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा पढ़ाई के साथ-साथ खेल खुद भी बहुत ही महत्वपूर्ण है खेलकूद हमें अनुशासित रखता एवं जीवन में आगे की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है।

क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने बच्चों के उत्साहवर्धन करते हुए कहा झारखंड के अनेक बच्चों ने खेलकूद के क्षेत्र मे झारखंड का नाम देश मे रौशन किया है केवल इन बच्चों को दिशा निर्देश एवं गाइड की आवश्यकता है वहीं भूतपूर्व प्राचार्य शंभू कुमार राणा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से विद्यालय के शिक्षक लक्ष्मी शर्मा,मार्था लकड़ा,गुलशन कुमार,राहुल सिंह,तुषार खन्ना,नीलम कुमारी,अर्चना लकड़ा,पूजा कुमारी,नीरू खालको,पंकज कुमार आदि ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जम्मू में रात में लिफ्ट देने का ऑफर कर पुरुषों को लूट रही महिला



जम्मू (ईएमएस)। अगर आप जम्मू में रात में अकेले सफर कर रहे हैं, और कोई महिला लिफ्ट देने का आफर करे....फिर सतर्क हो जाएं। आप किसी बड़ी साजिश का शिकार हो सकते हैं। कुछ ऐसा ही कुलबीर सिंह के साथ हुआ था। रात में पैदल जा रहे कुलबीर को स्कूटी सवार महिला ने पहले लिफ्ट देने का ऑफर किया और फिर छेड़छाड़ का आरोप लगा पैसे मांगने लगी। इतना ही नहीं महिला ने पुलिसकर्मियों की मदद से उसकी जेब और मोबाइल वॉलेट खाली करा लिया। शहर के नवाबाद थाने में पीड़ित सिंह द्वारा दर्ज की गई शिकायत में दो पुलिसकर्मियों पर लुटेरी महिला से मिलीभगत का आरोप लगाया गया है।

पीड़ित कुलबीर ने बताया कि वह जम्मू में अपनी बहन के घर आया था। तभी पत्नी का फोन आया कि घर में बेटे की तबीयत खराब है। इसपर करीब दो बजे अपनी बहन के घर से पैदल ही बस स्टैंड के लिए निकल पड़ा। शकुंतला थियेटर के पास महिला ने स्कूटी रोककर कुलबीर से लिफ्ट देने का ऑफर कर कहा कि वह कुलबीर को बस स्टैंड के बाहर छोड़ देगी। कुलबीर महिला के साथ स्कूटी पर बैठ गया। आरोप है कि महिला एक होटल के बाहर ले गई और कहा कि वह उसके साथ होटल में चले। कुलबीर के मना करने पर महिला ने 1500 रुपये मांगे और कहा कि यदि रुपये नहीं दिए पुलिस को बुलाकर छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न के मामले में फंसा देगी। यह सुनकर कुलबीर डर गया और वहां से भागकर विवेकानंद चौक से नीचे बीवी चंद कौर गुरुद्वारा के गेट के बाहर आकर खड़ा हो गया। गेट पर लगे कैमरे को देखकर कुलबीर ने वहां खुद को सुरक्षित महसूस किया।

कुछ देर में ही महिला दो पुलिसकर्मियों को लेकर वहां पहुंच गई। कुलबीर का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने कुलबीर से मारपीट कर पुलिस बूथ में ले गए। कुलबीर का आरोप है कि उस बूथ में पुलिसकर्मियों ने पर्स में रखे 6000 रुपये जबरन निकाल लिए। इतना ही नहीं, आरोपितों ने कुलबीर के बैंक खाते से 1900 रुपये एक बैंक खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर भी करवाया।

## बी एस एल के सतर्कता विभाग के द्वारा फ्रंटलाइन अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम




बोकारो : सतर्कता विभाग के तीन माह के सतर्कता जागरूकता अभियान -2024 के अन्तर्गत आज 15 अक्टूबर को बी एस एल के फ्रंटलाइन अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन, ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में आयोजित किया गया जिसमे विभिन्न विभाग के कुल 31 अधिशासी प्रतिभागी के रूप में शामिल थे. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महा प्रबंधक (सतर्कता) एवं ए सी वी ओ श्री ज्ञानेश झा एवं श्री मनीष जलोटा मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) के साथ श्री संतोष कुमार गुप्ता सहायक महाप्रबंधक (सतर्कता) उपस्थित थे. कार्यक्रम का उद्देश्य बी एस एल के अधिकारियों के बीच संगठन की प्रणाली एवं प्रक्रिया, आचार एवं नीति, शासन, आचरण नियम, साइबर सुरक्षा, क्रय इत्यादि के विषय पर जागरूकता का प्रसार करना था. इस इंटरैक्टिव कार्यक्रम में संकाय सदस्यों ने संबंधित विषयों पर प्रतिभागियों के साथ ज्ञान तथा जानकारी को साझा किया. कार्यक्रम का सञ्चालन श्री राजेश कुमार उप महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) के द्वारा किया गया.

## नामी वेबसाइट के नाम का फर्जी बीमा कॉल सेंटर चलाने वाले को पुलिस ने पकड़ा

नई दिल्ली (ईएमएवस)। नामी वेबसाइट के नाम का उपयोग करके चल रहे फर्जी बीमा कॉल सेंटर को बुराड़ी पुलिस ने पकड़ा है। यह कॉल सेंटर द्वारका मोड़ के पास चल रहा था। जहां से दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया। साथ ही कॉल सेंटर में काम कर रही 10 लड़कियों को औपचारिक तौर पर गिरफ्तार कर इन्वेस्टिगेशन जॉइन करने के लिए नोटिस दिया है। आरोपियों में कुतुब बिहार निवासी 27 वर्षीय निहाल खान, 22 वर्षीय दीपू के तौर पर हुई है। बाकी पुलिस ने आरोपियों के पास से चीटिंग के लिए इस्तेमाल 18 मोबाइल, दो लैपटॉप, फ्रॉड के लिए एटीएम कार्ड, दिल्ली और आसपास के राज्यों के कार मालिकों की डिटेल के 1240 पेज बरामद किए हैं।

इसके अलावा 4 फेक मेल आईडी मिली हैं, जिसमें कई जानकारियां थीं। नॉर्थ जिला के एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक 5 अक्टूबर को एक पीड़ित ने ई-एफआईआर के जरिए शिकायत दी।

# दिल्ली सरकार छठ पूजा के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में बनवाएगी मॉडल




नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली सरकार ने छठ को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुख्यमंत्री आतिशी ने दिल्ली जल बोर्ड, सिंचाई विभाग और राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और सभी जिलाधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंतिम समय में अफरातफरी से बचने के लिए अभी से छठ को लेकर सभी जरूरी तैयारियां शुरू कर दी जाएं ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस बार हर विधानसभा क्षेत्र में एक-एक मॉडल छठ घाट भी बनाया जाएगा, जहां दिल्ली सरकार द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि छठ महापर्व लाखों श्रद्धालुओं के आस्था का त्योहार है। ऐसे में यह त्योहार हर्षोल्लास के साथ मन सके और श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के उपासना कर सके, इसको लेकर दिल्ली सरकार ये सुनिश्चित कर रही है कि इसकी तैयारियों में कोई कमी न छूटे। बैठक में दिल्ली के पूर्वांचल आबादी बहुल इलाकों के कुछ विधायक भी मौजूद रहे। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए सभी जिलाधिकारी से कहा कि वे अपने-अपने जिलों में छठ घाटों को लेकर तैयारियां शुरू करवा दें और स्थानीय छठ पूजा समितियों के साथ बैठकें करके पूजा के सफल आयोजन के लिए उनके सुझाव लें और उसके अनुसार तैयारियां करें। सीएम ने बताया कि इस साल भी दिल्ली सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूरी दिल्ली में 1,000 से ज्यादा जगहों पर छठ घाट तैयार कराएगी ताकि श्रद्धालु अपने घर के पास ही छठी मैया की उपासना कर सकें। सभी छठ घाटों पर साफ पानी, टेंट, बिजली, शौचालय, सुरक्षा, मेडिकल सुविधाएं, पावर बैकअप, सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य सभी जरूरी व्यवस्थाएं की जाएंगी। अधिकारियों को छठ घाटों के आसपास साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया है।

## प्रिवेंटिव विजिलेंस के एबीएमएस विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन



बोकारो : सतर्कता जागरूकता अभियान -2024 के अन्तर्गत सामग्री प्रबंधन विभाग के सम्मेलन कक्ष में आज 15 अक्टूबर को मुख्य महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) श्री हर्ष निगम , मुख्य महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) श्री सी आर मिश्रा तथा मुख्य महा प्रबंधक (सतर्कता) एवं ए सी वी ओ श्री ज्ञानेश झा की उपस्थिति में प्रिवेंटिव विजिलेंस के एबीएमएस विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया. सत्र में कुल 30 अधिकारियों ने भाग लिया. यह कार्यक्रम सतर्कता जागरूकता सप्ताह- 2024 के अंतर्गत 03 महीने तक चलने वाले अभियान का एक हिस्सा था.

एबीएमएस जागरूकता सत्र में संकाय के रूप में श्री शनि रंजन, सहायक महा प्रबंधक (सतर्कता) के द्वारा एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से एबीएमएस के पृष्ठभूमि और कार्यान्वयन जैसे विभिन्न पहलुओं तथा अधिशासियों और कर्मचारियों की भूमिका और जिम्मेदारियों पर विस्तृत रूप से चर्चा और विचार-विमर्श किया गया. श्रीमती चित्रा पाराशर, वरीय प्रबंधक (सतर्कता) के द्वारा क्रय मामलों के प्रसंस्करण में क्या करें और क्या न करें विषय पर सभी प्रतिभागियों के साथ केस स्टडीज के माध्यम से चर्चा किया गया.

# विधायक ने परता गांव के समीप पुल निर्माण का किया शिलान्यास




रांचीः भाजपा के वरिष्ठ नेता सह हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने मंगलवार को हैदरनगर कबरा कला मुख्य पथ में परता गांव के समीप मुरही नदी पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस सड़क का निर्माण पहले से चल रहा है। ग्रामीणों की मांग पर पुल निर्माण कार्य को स्वीकृत कराकर मंगलवार से कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। जर्जर पुल होने की वजह ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होती थी। विधायक ने पुल निर्माण कार्य के अलावा विधायक कोटा की अन्य कई योजनाओं का भी ऑनलाइन शिलान्यास कर कार्य प्रारंभ कराया। शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र की एक एक सड़क पुल पुलिया का निर्माण कराने का काम किया है। इसके साथ ही जानता की हर एक समस्या के समाधान का ईमानदारी के साथ समाधान किया। हो सकता है कुछ काम नहीं हो सके होंगे। मगर सड़क स्वास्थ्य शिक्षा के साथ साथ गली नाली चबूतरा विवाह मंडप आदि जनता की मांग पर पूरा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज हुसैनाबाद की जनता उनके परिवार के सदस्य हैं। उनकी समस्या का समाधान करना उनका दायित्व है। शिलान्यास कार्यक्रम मे विधायक का फूल माला गाजा बाजा के साथ स्वागत किया गया। भाजपा नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा कि विधायक ने सम्पूर्ण इलाके का बिना भेद भाव कार्य किया है। जिससे सभी जात धर्म व समुदाय के लोगों को फायदा हो रहा है। हुसैनाबाद में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क व बिजली के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। दोनों कार्यकाल के दौरान उन्होंने जो कार्य किया है, उससे जनता वाकिफ है। शिलान्यास के मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## 7वीं की छात्रा ने स्कूल टीचर पर लगाया छेड़खानी का आरोप



मुजफ्फरनगर (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले से एक शर्मनाक घटना सामने आई है। यहां के एक गांव में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक प्रदीप कुमार पर छात्राओं के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगा है। छात्राओं ने इस घटना की जानकारी अपने परिजन से की। इसके बाद गुस्साए परिजन ने स्कूल प्रशासन से इसकी शिकायत की। इसके बाद आरोपी टीचर के खिलाफ ऐक्शन लेते हुए उसे सस्पेंड कर दिया गया है। इस पूरे प्रकरण की जांच के लिए मुजफ्फरनगर के एक बेसिक शिक्षा अधिकारी ने 3 सदस्यीय टीम का गठन कर दिया है। उनका कहना है कि मामले में जो भी फैक्ट्स सामने आएंगे, उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि जैसे ही उनके संज्ञान में मामला आया उन्होंने ऐक्शन लिया। दरअसल इस मामले में सातवीं क्लास में पढ़ने वाली छात्रा ने बताया कि प्रदीप सर ने उसका हाथ पकड़ लिया और फिर आई लव यू कहा था। छात्रा ने शिकायत करते हुए आरोपी टीचर को स्कूल से हटा दिए जाने की मांग की। अब जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में परिजन ने गांव वालों के साथ मिलकर स्कूल के इन्चार्ज से शिकायत दर्ज कराई। बेसिक शिक्षा आरोपी टीचर को सस्पेंड कर दिया गया गया है। जांच के लिए 3 सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया गया।

## स्वच्छता पखवाड़ा का समापन



रांचीः क्षेत्रीय लेखा कार्यालय, आयकर विभाग, सी. बी. डी. टी., वित मंत्रालय, मेन रोड राँची, स्थित कार्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा का आज समापन किया गया जो कि 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक कार्यक्रम चलाया गया। जिसके अंतर्गत क्षेत्रीय लेखा अधिकारी अमित कुमार गुप्ता एवं सहायक लेखा अधिकारी नीरज कुमार सिंह एवं प्रेम प्रकाश और नोडल ऑफिसर सैफुल हक़ के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान कार्यालय के प्रांगण में चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से हरेन्द्र कुमार, राकेश कुमार झा, अखिलेश कुमार, नरेश कुमार महतो, विकास कुमार, कुमारी ज्योति रंजना, अजीत कुमार, सुशीला सांगा इत्यादि ने अपना योगदान दिया ।

## सेना की ताकत बढ़ाने के लिए अमेरिका से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदेगा भारत

नई दिल्ली (ईएमएस) भारत अमेरिका से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदेगा। दरअसल, भारत और अमेरिका ने 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के लिए 32 हजार करोड़ रुपये के सौदे पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने पिछले सप्ताह अमेरिका से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के सौदों को मंजूरी दी थी। खरीदे जाने वाले ड्रोन के रखरखाव, मरम्मत और ओवरऑल के लिए देश में ही एमआरओ स्थापित किया जाएगा। भारतीय नौसेना को 31 में से 15 ड्रोन, जबकि सेना और वायु सेना को आठ-आठ ड्रोन मिलेंगे, जिनके शांतिकालीन निगरानी में गेम चेंजर साबित होने की उम्मीद है।

# बीजेपी एमएलए के बयान से एनडीए गठबंधन में फिर दिखा तनाव

### हरिभूषण ने की सीमांचल को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग



पूर्णिया,(ईएमएस)। बिहार में एनडीए गठबंधन में फिर तनाव नजर आ रहा है। तनाव की वजह बीजेपी विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल की सीमांचल को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग है। बचौल का कहना है कि सीमांचल में हिंदुओं की सुरक्षा को खतरा है। जेडीयू ने बचौल के बयान की आलोचना करते हुए बिहार में सांप्रदायिक सौहार्द का दावा किया है।गठबंधन में विवाद उस समय शुरू हुआ जब बीजेपी विधायक बचौल ने एक टीवी चैनल से बात करते हुए कहा कि सीमांचल के किशनगंज, अररिया, पूर्णिया और कटिहार जिलों को केंद्र शासित प्रदेश बनाया जाना चाहिए। उनका कहना था कि इन इलाकों में बांग्लादेशी घुसपैठियों का कब्जा है और हिंदू अल्पसंख्यक हो गए हैं। बचौल ने कहा कि धर्म के नाम पर देश का विभाजन हुआ था। भारत हिंदू राष्ट्र तो पाकिस्तान मुस्लिम राष्ट्र बना। इसलिए सीमांचल को केंद्र शासित प्रदेश बनाया जाए।उन्होंने कहा कि सीमांचल में हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। बचौल के बयान पर जेडीयू ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि हिंदू-मुस्लिम, सिख-ईसाई बिहार में मिलकर रहते आए है और रह रहे हैं। बिहार में सांप्रदायिक सौहार्द का वातावरण है। बचौल के बयान का कोई औचित्य नहीं है। इसके अलावा, राजीव रंजन ने हाल ही में मुंबई में बाबा सिद्दीकी की हत्या पर भी बयान दिया।उन्होंने कहा कि बाबा सिद्दीकी का जन्म बिहार में हुआ था। उनका बिहार से गहरा जुड़ाव था। मौत-हत्या पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। हर हत्या-मौत न सिर्फ उस परिवार की क्षति है बल्कि उनसे जुड़े लोग भी ऐसी घटनाओं से दुखी होते हैं। बाबा सिद्दीकी के हत्यारों को कठोर सजा मिलनी चाहिए।बता दें कि केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह सीमांचल को लेकर पहले से ही मुखर रहे हैं। बेगूसराय सांसद अब इन इलाकों में यात्रा करने वाले हैं। यात्रा से पहले बीजेपी विधायक बचौल की इस मांग को लालू यादव और नीतीश कुमार से जोड़कर देख जा रहा है। माना जा रहा है कि अगर सीमांचल को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया जाता है तो सियासी तौर पर नीतीश और लालू सेट हो जाएंगे। फिलहाल बचौल के बयान पर बिहार का सियासी पारा चढ़ा हुआ है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### झारखंड में 2 नहीं 11 सीटों पर लड़ेगी जेडीयू, खीरू महतो के बयान से खलबली

पटना (ईएमएस)। झारखंड विधानसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा से पहले झारखंड जदयू प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो का बड़ा बयान सामने आया है। महतो के बयान से एनडीए के अंदर जेडीयू-बीजेपी के संबंधों में खटास आ सकती है। दरअसल महतो ने कहा है कि जदयू ने झारखंड में 11 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी की है। अभी सीट को लेकर बातचीत जारी है।दरअसल झारखंड चुनाव प्रभारी और असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा झारखंड में जदयू को दो सीट देने की बात कर रहे है। सरमा के बयान के बाद महतो ने यह बड़ा बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने 11 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कह दी है। महतो ने कहा कि कौन क्या बोलता है इससे फर्क नहीं पड़ता है।हालांकि झारखंड जेडीयू प्रदेश अध्यक्ष महतो ने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर अंतिम फैसला जदयू के आलाकमान को करना है।बता दें, इससे पहले एनडीए के अंदर जेडीयू को 2 सीट देने की चर्चा थी। इसके लिए 2 उम्मीदवार राजा पीटर और सरयू राय के नाम की भी चर्चा होने लगी थी। लेकिन, महतो के बयान झारखंड में एनडीए के अंदर जेडीयू और बीजेपी के रिश्तों में खटास की बात भी सामने आने लगी है। बता दें, झारखंड में जीतन राम मांझी और चिराग पासवान ने पहले ही अपनी दावेदारी पेश कर दी है।वहीं मामले पर जदयू के झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी का भी बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि अभी बातचीत अभी फाइनल नहीं हुई है। बता दें, झारखंड चुनाव की घोषणा से पहले ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की झारखंड जेडीयू के चुनाव प्रभारी चौधरी की बैठक खत्म हो गई है।

### कौन हैं यशी सिंह, जिसका केस पटना हाईकोर्ट ने सीबीआई को सौंपा

मुजफ्फरपुर (ईएमएस)। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले से जुड़ा एक और केस अब सीबीआई के हवाले हुआ है। वहीं सीबीआई की टीम ने मामले की जांच भी शुरू कर दी हैं। दरअसल केस मुजफ्फरपुर के चर्चित एमबीए छात्रा यशी सिंह के गायब होने से जुड़ा है। पटना हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने यशी के गायब होने से जुड़े मामले की पड़ताल शुरू कर दी हैं। सीबीआई की टीम केस दर्ज मामले की छानबीन में जुट गई है। इसके लिए सीबीआई इंस्पेक्टर मुकेश कुमार पांडे ने यशी के केस से संबंधित जानकारी जुटाई। वहीं इससे पहले यह केस सीआईडी के पास था। लेकिन, सितंबर महीने में पटना हाईकोर्ट ने केस को सीबीआई के हवाले कर दिया।दरअसल भगवानपुर में अपने नाना-नानी के घर पर रहकर एमबीए की पढ़ाई करने वाली 23 वर्षीय यशी सिंह 12 दिसंबर को अपने घर से महज 500 मीटर दूरी पर कॉलेज के लिए निकली थी। उसके बाद से यशी अचानक गायब हो गई। जानकारी के अनुसार यशी कॉलेज भी नहीं पहुंची थी। परिजनों ने सब जगह तलाश की। लेकिन, यशी का कोई सुराग नहीं मिला, तब जाकर घटना के 4 दिन बाद यशी के नाना राम प्रसाद राय ने 16 दिसंबर को अज्ञात के खिलाफ यशी के अपहरण करने का आरोप लगाकर केस दर्ज कराया। लेकिन, अब तक यशी कहां गायब हुई इसकी जानकारी नहीं मिल सकी। यशी के पिता संजय कुमार लखीसराय के रहने वाले हैं, जो राइट्स में इंजीनियर के पद पर हैं। वहीं यशी की मां रश्मि सिंह गृहणी है और अपने पिता के घर पर मुजफ्फरपुर में ही रहती हैं। यशी के नाना रामप्रसाद राय साहेबगंज कॉलेज के प्रिंसिपल से रिटायर्ड हैं। वहीं नानी भी कॉलेज की प्रोफेसर थी। यशी के मामा मधुबनी के जज हैं।जब यशी गायब हुई थी। तब यशी को लेकर कई तरह की खबर सामने आई थी। यशी के फेसबुक अकाउंट के माध्यम से परिजनों ने कई पॉइंट्स जुटाकर पुलिस को दिये। उसके माध्यम से कई लोगों पर यशी के गलत नियत अपहरण का आरोप लगा, जिसमें बताया गया कि यशी को रेड लाइट एरिया में बेचा गया है, जिसके बाद पुलिस की टीम ने मुजफ्फरपुर के चतुर्भुज स्थान में छापेमारी भी की थी। हालांकि इस लेकर विशेष कुछ सफलता नहीं मिली।

मूर्ति विसर्जन जुलूस में लगाए आपत्तिजनक नारे, पुलिस ने किया डीजे जब्त

### 24 नामजद और 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

पटना,(ईएमएस)। बिहार के कैमूर जिले में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के जुलूस में आपत्तिजनक नारे लगाए गए। इस संबंध में कैमूर जिला अधिकारी और कैमूर एसपी के निर्देश पर थाने में 24 नामजद और 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ ही जुलूस में इस्तेमाल किए जा रहे डीजे को भी जब्त कर लिया है।कुदरा पुलिस ने थाना परिसर में पहले ही शांति समिति की बैठक की थी। बैठक में डीजे पर रोक लगा दी थी। किसी भी तरह के आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल नहीं करने की चेतावनी दी थी। इसके बावजूद कुछ लोगों ने ऐसी हरकत की। इस पर पुलिस ने कार्रवाई की है। घटना की जानकारी मिलते ही कैमूर डीएम सावन कुमार, एसपी ललित मोहन शर्मा, एसडीएम राकेश कुमार सिंह और डीएसपी प्रदीप कुमार कुदरा थाने पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश भी दिए गए। कुदरा थाने में 24 नामजद और 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।डीएसपी ने बताया कि कुदरा प्रखंड मुख्यालय में दुर्गा पूजा की प्रतिमा का विसर्जन के दौरान कुछ लोगों ने सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के लिए आपत्तिजनक नारे लगाए। इसे देखते हुए डीजे को जब्त कर लिया गया है और 24 लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया गया है, साथ ही 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है।

### जंगली हाथियों ने पटना के गांव में मचाया आतंक, धान व गन्ने की फसल बर्बाद

पटना,(ईएमएस)। पश्चिम चम्पारण वाल्मिकि टाइगर रिज़र्व से सटे गांवों में जंगली हाथियों का खौफ छाया हुआ है। विगत दिवस देर रात क़रीब आधा दर्जन जंगली हाथियों का झुंड वीटीआर से सटे बिसहा गांव के नजर आया जिसके बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गई। नेपाल के चितवन से आए जंगली हाथियों ने खेतों में खड़ी धान और गन्ने की फसल को बर्बाद कर दिया। अपनी फसल बर्बाद होते देखते ग्रामीणों ने मशाल जलाया और शोर मचाते हुए हाथियों को खदेड़ा। गनीमत रही कि कुछ देर की अफरा तफरी के बाद जंगली हाथियों से गांव को बड़े नुकसान से बचा लिया।ग्रामीणों का कहना है हाथी पहले खेतों में घुसकर करीब दस एकड़ में फैली फसलों को रौंद दिया। उनकी गन्ने और धान की खड़ी फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई। ऐसे में उनमें आक्रोश पैदा हो हो गया। देखते ही देखते हाथियों का झुंड गांव की बस्ती की ओर बढ़ने लगा। ग्रामीणों ने तुरंत एकजुट होकर मशालें जलाईं और शोर मचाते हुए हाथियों को खदेड़ने लगे। लोगों और मशालों को देखकर हाथी जंगल लौट गए। ग्रामीणों की सूझबूझ से बड़ी घटना टल गई।वाल्मीकि नगर रेंजर ने बताया कि प्रभावित फसलों का सर्वे कराया जा रहा है, जिसके बाद किसानों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। वाल्मीकि टाइगर रिज़र्व से सटे कुछ खास क्षेत्रों में नेपाल के चितवन से आए हाथियों द्वारा उत्पात मचाया जाता है। इसको देखते हुए उक्त क्षेत्रों में गजमित्रों की टीम तैनात की है। जहां तक बात वर्तमान में प्रभावित क्षेत्र बिसहा की है, तो इस क्षेत्र में इसके पहले कभी भी जंगली हाथियों का मूवमेंट नहीं था। इसकी वजह से यहां गजमित्रों की मौजूदगी नहीं है। हालांकि वर्तमान स्थिति को देखते हुए अब इस क्षेत्र में भी गजमित्रों की टीम तैनात की जाएगी।

### आरा में डबल मर्डर से सनसनी


आरा, (ईएमएस)। बिहार के भोजपुर जिले के आरा में दोहरे हत्याकांड से सनसनी फैली हुई है। बताया गया है कि पुलिस ने दो दोस्तों का शव बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को आरा के आनंद नगर मोहल्ला निवासी 18 वर्षीय रजनीश कुमार सिंह अपने दोस्त 27 वर्षीय रौशन कुमार के साथ घूमने की बात कहकर घर से निकला था। लेकिन सोमवार को उनका शव चवरिया गांव स्थित आहर से बरामद किए गए। मृतक रजनीश 12 अक्टूबर को विजयदशमी के दिन अपने दोस्त रौशन के साथ घर से निकला था। जब काफी देर तक वह घर नहीं लौटा, तो मां ने उसे फोन किया। फोन पर उसने बताया कि वो एकवारी गांव में प्रकाश भईया के पास है। इसके बाद से दोनों का फोन बंद हो गया। परिजनों ने स्थानीय थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। सोमवार को पुलिस ने सूचना दी कि दोनों युवकों के शव आहर से मिले हैं। जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि शवों पर चोट के गहरे निशान थे, जिससे यह साफ हो रहा है कि उनकी हत्या की गई है। रजनीश की मां और पिता का कहना है कि कुछ महीने पहले रजनीश का एक निजी स्कूल में करमन टोला निवासी रोहित कुमार से विवाद हुआ था, जिसमें रोहित ने रजनीश को जान से मारने की धमकी दी थी। परिजनों को शक है कि उसी विवाद को लेकर रजनीश और रौशन की हत्या की गई है। उधर घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम आरा सदर अस्पताल मन पोस्टमार्टम करवाकर उनके परिजनों को सौंप दिया।

### मुजफ्फरपुर में अज्ञात बदमाशों ने की बुजुर्ग की हत्या

मुजफ्फरपुर, (ईएमएस)। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने एक बुजुर्ग व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना सोमवार देर शाम कांटी थाना क्षेत्र में घटी। गोली मारने के बाद बाइक सवार बदमाश फरार हो गए। उधर गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग व्यक्ति को एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि घटना कांटी थाना क्षेत्र के ढेबहां गांव की है। मृतक का नाम राधे सिंह है। जिनकी उम्र 65 से 70 साल के बीच है। आशंका जताई जा रही है कि जमीन विवाद में यह हत्या की गई है। हालांकि पुलिस ने अभी कुछ निष्कर्ष नहीं निकाला है और जांच-पड़ताल में जुटी है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि राधे सिंह रामपुर लक्ष्मी के रहने वाले थे। वे बचपन से ही केस लड़ रहे थे। जमीन का भी केस है। वो अच्छे व्यक्ति थे। सोमवार देर शाम कांटी से घर लौट रहे थे इसी दौरान ढेबहां गांव के पास हत्या कर दी गई।

## एक अजीब बुखार ने डॉक्टरों को कर दिया हैरान

### पटना के कई इलाकों में फैल गया है लंगड़ा बुखार




पटना (ईएमएस)। बिहार की राजधानी पटना में एक अजीब बुखार ने दस्तक दी है जिसको लेकर डॉक्टरों भी हैरान हैं। इस बुखार में मरीजों के पैरों में इतना दर्द होता है कि उन्हें चलने में भी दिक्कत का सामना करना होता है। इसीलिए लोग इसे लंगड़ा बुखार कह रहे हैं। यह बुखार पटना के कई इलाकों में फैल गया है, खासकर उन इलाकों में जहां पहले डेंगू के मरीज मिले थे। जानकारी के अनुसार लोहानीपुर, कदमकुआं, भूतनाथ रोड, चित्रगुप्तनगर, कांटी फैट्री रोड, अशोकनगर, न्यू पाटलिपुत्र कॉलोनी, दीघा, सिपारा, जयप्रकाशनगर और पीसी कॉलोनी जैसे इलाके इससे प्रभावित हैं। अस्पतालों में आने वाले 20 से 25 प्रतिशत बुखार के मरीजों में इस नए बुखार के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। इस बुखार में तेज बुखार के साथ पैरों में तेज दर्द होता है। एड़ियों और घुटनों में सूजन भी हो जाती है। मरीज को चलने में बहुत तकलीफ होती है। हैरानी की बात यह है कि जांच करने पर न तो डेंगू निकल रहा है और न ही चिकनगुनिया। डॉक्टरों की माने तो इस बार बुखार के मरीजों में अलग तरह के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। जांच में ना तो डेंगू, ना चिकनगुनिया और ना ही टायफाइड निकल रहा है। लेकिन बहुत तेज बुखार के साथ पीड़ितों के पैरों में तेज दर्द, एड़ियों और घुटनों के आसपास सूजन के लक्षण मिल रहे हैं। पटना के कई मोहल्ले से ऐसे दर्जनों मामले आ रहे हैं। लोगों को चलने में भी परेशानी हो रही है। डॉक्टर इसे लंगड़ा बुखार इसलिए कह रहे हैं क्योंकि इसमें मरीज को चलने में बहुत परेशानी होती है, जैसे कि वह लंगड़ा गया हो। यह बुखार चिकनगुनिया की तरह लंबे समय तक परेशान करता है। मरीज ठीक होने के बाद भी 10 से 15 दिन तक ठीक से चल नहीं पाते हैं।

## कबिनेट बैठक में 22 प्रस्ताव पास, बिहार पुलिस बनेगी अब हाईटेक, मोकामा को भी मिली सौगात



पटना : मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 22 एजेंडों पर कैबिनेट ने मुहर लगाईं है। बैठक में मोकामा को विशेष सौगात दी गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मोकामा में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बनाने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि युवक-युवतियों को तकनीकी प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी बनाया जाएगा। इसके लिए उन्होंने 43 पदों को सृजन किए जाने की भी मंजूरी दी है। 2024-25 में सवा करोड़ तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2 करोड़ 39 लाख रुपये की खर्च सरकार वहां करेगी।

### बिहार पुलिस अब होगा हाईटेक

कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार पुलिस को हाईटेक बनाने के प्रस्ताव पर मुहर लगाया है। उन्होंने कहा कि अब बिहार की पुलिस को लैपटॉप और स्मार्ट फोन से लैस कर दिया जायेगा ताकि केस की जांच में तेजी लाने के लिए आईओ को हाईटेक बनाया जा सके और केस का अनुसंधान तुरंत किया जा सके। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार पुलिस को हाईटेक बनाने के पीछे मंशा यह है कि केस का अनुसंधान में जुटे पुलिस अधिकारी तुरंत जटिल से जटिल केस को भी तुरंत संपादित का सकें। कैबिनेट ने इसके लिए 190 करोड़ 63 लाख रुपए स्वीकृत की है।

## जंगल में पशु चराने गई महिला से वीभत्स दुष्कर्म

नवादा : नवादा जिले के सिरदला थानाक्षेत्र में एक बेहद शर्मनाक घटना सामने आई है, जहां एक 40 वर्षीय महिला से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। यह घटना सिरदला थानाक्षेत्र के एक गांव के पास स्थित एक बधार (खेत) में हुई, जहां महिला पशु चराने गई थी। घटना के आरोपी युवक रामअवतार चौधरी को ग्रामीणों ने मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

### मारपीट के बाद किया दुष्कर्म

जानकारी के अनुसार, महिला रोजाना की तरह जानवर चराने के लिए बंगला पर स्थित बधार में गई थी। इसी दौरान परतापुर गांव निवासी रामअवतार चौधरी (पिता कुलेशर चौधरी) ने महिला को अकेला पाकर उसके साथ छेड़खानी की और फिर दुष्कर्म का प्रयास किया। जब महिला ने विरोध किया, तो रामअवतार ने पहले उसके साथ मारपीट की और फिर जबरन दुष्कर्म किया। वहीं, महिला की चीख-पुकार को अनसुना कर आरोपी युवक ने वीभत्स तरीके से उसके कई अंगों को दांतों से काटकर लहूलुहान कर दिया। यहां तक कि उसने महिला के हाथ की उंगली भी चबा डाली। लगभग आधे घंटे तक आरोपी ने महिला को नोच-खसोट कर उसकी अस्मिता को तार-तार किया।

### ग्रामीणों ने तत्परता से आरोपी को पकड़ा

इधर, महिला की चीखें सुनकर आस-पास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया। ग्रामीणों ने आरोपी की जमकर पिटाई की और उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम और सिरदला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लिया। साथ ही, गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए सिरदला पीएचसी (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) में भर्ती कराया गया।सिरदला थाना अध्यक्ष संजीत राम ने पीएचसी पहुंचकर पीड़ित महिला का बयान दर्ज किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम भेजकर जांच की। महिला का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया और पुलिस ने आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### अस्पताल में भर्ती पीड़ित महिला

नवादा के पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि महिला जंगल में पशु चराने गई थी, तभी आरोपी ने उसे अकेला पाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। महिला के शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस की तत्परता से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और महिला को अस्पताल में भर्ती कराकर उसका इलाज शुरू कर दिया गया है।इस दर्दनाक घटना के बाद से पूरे इलाके में आक्रोश का माहौल है। लोग दुष्कर्म जैसी गंभीर घटनाओं पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पुलिस ने मामले में आगे की कार्रवाई जारी रखते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है।

## मेला देखने गए युवक का तालाब में उतराता मिला शव

सहरसा : सहरसा जिले के बसनही थानाक्षेत्र में सोमवार को एक युवक का शव तालाब में उतराता मिला। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान तमकुल्हा गांव के वार्ड-11 निवासी रामचंदर शर्मा के बेटे शिपू शर्मा (24) के रूप में हुई है। युवक का शव बरामद होने की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। जानकारी के अनुसार, मृतक अपने पीछे चार साल और दो साल की दो बच्चियों को छोड़कर गया है। वहीं, घटना को लेकर परिजनों ने बताया कि हम लोगों को पता चला कि वह मेला घूमने गया। फिर वहां से अपनी बहन के घर गया है। जब शाम तक नहीं आया तो हम लोगों ने खोजबीन की। इसी दौरान गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि तालाब में एक शव उतरा रहा है। उसकी सूचना पर जब शव को देखा तो शव शिपू शर्मा का निकला। उसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सोमवार की देर रात पानी से बरामद कर मंगलवार को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। चौकीदार कैलू पासवान ने बताया कि तालाब में डूबने से मौत हो गई है। डेढ़ बजे शव को बरामद किया गया है और अभी पोस्टमार्टम करवाने सदर अस्पताल आए हैं। वहीं, बसनही थानाध्यक्ष संतोष कुमार निराला ने बताया कि एक युवक का शव पानी से बरामद किया गया है। पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पूर्णिया में सात साल के मासूम की मौत

पूर्णिया : पूर्णिया में खेलने के दौरान पोखर में डूबने से सात वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ है। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पूर्णिया जीएमसीएच भेज दिया। घटना पूर्णिया जिले के डगरूआ थाना क्षेत्र के लालबालू की है। मृतक बालक की पहचान डगरूआ थाना क्षेत्र के लालबालू गांव निवासी दिलीप बढ़ई के सात वर्षीय पुत्र प्रतीक बाला के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक बालक के मामा दीपक बढ़ई ने बताया कि प्रतीक बाला के पिता प्रलय बाला मूल रूप से पश्चिम बंगाल के रायगंज निवासी थे। पांच साल पूर्व बीमारी की वजह से उनकी मौत हो गई थी। उसके बाद प्रतीक बाला अपने मां दीपाली बाला के साथ पूर्णिया में ही रहने लगा। सोमवार देर शाम पोखर के पास खेल रहा था। खेलने के दौरान पोखर में कब डूबा यह हम सब को पता नहीं चला। शाम के समय घर में नहीं दिखने पर आसपास काफी खोजबीन किए इसके बाद भी कुछ पता नहीं चला। जब घर के पीछे पोखर के पास गया तो देखा कि प्रतीक का चप्पल बाहर में है। उसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से पोखर में तीन घंटे तक लगातार खोजबीन करने के बाद प्रतीक का लाश मिली। प्रतीक का लाश पोखर में मिलने के बाद घर में मातम पसरा हुआ है। प्रतीक की मां का रो-रो कर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस घटनास्थल पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पूर्णिया जीएमसीएच भेज दिया। डगरूआ थाने की पुलिस ने बताया कि खेलने के दौरान पोखर में डूबने से एक 07 वर्षीय बालक की मौत हुई। मौत के बाद लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### विदेशी नौकरी छोड़ चंदन राज ने भारत में शुरू किया स्वदेशी चिप प्लांट

मुजफ्फरपुर : विदेशी कंपनियों में करोड़ों का पैकेज छोड़कर देश में रोजगार सृजन का सपना लेकर लौटे मुजफ्फरपुर के चंदन राज को अब बुनियादी सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है। सेमीकंडक्टर चिप्स के निर्माण में जुटे चंदन ने मुजफ्फरपुर में सुरेश चिप्स एंड सेमीकंडक्टर प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की थी। लेकिन खराब सड़क, बिजली और अन्य आधारभूत समस्याएं उनके काम में रुकावट बन रही हैं। चंदन राज ने इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन में बीटेक के बाद सैमसंग, इंटेल और नोकिया जैसी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में मलेशिया, इस्राइल और शंघाई में काम किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान से प्रेरित होकर उन्होंने 2020 में मुजफ्फरपुर में अपनी सेमीकंडक्टर चिप्स की कंपनी स्थापित की। यह प्लांट देश में मोबाइल, कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में इस्तेमाल होने वाले सेमीकंडक्टर चिप्स के निर्माण पर काम करता है। चंदन ने बताया कि उनके ऑफिस और प्लांट के आसपास की सड़कें जर्जर स्थिति में हैं। बिजली की स्थिति भी दयनीय है और पिछले तीन साल से वह सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं।

## उत्पाद विभाग पर रिश्वतखोरी का आरोप, 50 हजार में युवक को फर्जी तरीके से छोड़ा

औरंगाबाद : औरंगाबाद शहर के सिन्हा कॉलेज मोड़ के पास उत्पाद विभाग की पुलिस द्वारा एक युवक को फर्जी तरीके से गिरफ्तार करने और फिर 50 हजार रुपये में मामला रफा-दफा करने का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो और ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है, जिसमें रुपये गिनने और सौदे की बातचीत साफ-साफ सुनी जा सकती है। इस वीडियो के वायरल होने से उत्पाद विभाग की छवि पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं और कई अधिकारियों पर गाज गिरने की संभावना जताई जा रही है।

### 80 हजार रुपये की मांगी गई थी रिश्वत

जानकारी के मुताबिक, घटना सोमवार सुबह छह से सात बजे के बीच की है। औरंगाबाद शहर के सिन्हा कॉलेज मोड़ पर उत्पाद विभाग की पुलिस ने तेंदुआ गांव निवासी धीरज कुमार को कथित रूप से फर्जी तरीके से गिरफ्तार कर लिया। धीरज कुमार के अनुसार, वह रमेश चौक पर सुबह चाय पीने गया था और वापस घर लौटते वक्त सिन्हा कॉलेज मोड़ पर उत्पाद विभाग की टीम ने उसे पकड़ लिया। धीरज ने बताया कि टीम ने 80 हजार रुपये की रिश्वत मांगी और पैसे नहीं देने पर उस पर शराब से संबंधित केस लगाकर जेल भेजने की धमकी दी।

### 50 हजार में हुआ मामला तय

धीरज ने तत्काल अपने परिजनों को घटना की सूचना दी, जिसके बाद काफी बातचीत के बाद उत्पाद विभाग की टीम ने मामला 50 हजार रुपये में तय कर लिया। पैसे देने के बाद धीरज को रिहा कर दिया गया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो और ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें रुपये गिनते और सौदेबाजी की बातचीत सुनी जा सकती है। वीडियो में यह भी स्पष्ट दिख रहा है कि किस तरह पैसे का लेन-देन हुआ।

### उत्पाद विभाग पर लगे गंभीर आरोप

वीडियो वायरल होने के बाद उत्पाद विभाग पर गंभीर आरोप लगने शुरू हो गए हैं। इस पूरे मामले को लेकर लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। यह मामला पहले भी सुर्खियों में रहा था, जब जदयू नेता ने एक समान मामले को उजागर किया था। लेकिन उस वक्त उत्पाद अधीक्षक अनिल आजाद ने मामले को खारिज कर दिया था।

### उत्पाद अधीक्षक की प्रतिक्रिया

इस मामले पर जब उत्पाद अधीक्षक अनिल आजाद से बातचीत की गई। उन्होंने कहा कि घटना उनके संज्ञान में आई है और जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की गहनता से जांच होगी और दोषी पाए गए अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अधीक्षक ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कदम उठाने का वादा किया है।

### समाज में बढ़ रहा आक्रोश

इस घटना के बाद समाज में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि यह पहला मौका नहीं है जब उत्पाद विभाग की ओर से इस तरह की घटनाएं सामने आई हैं। पूर्व में भी इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन आरोपों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

## अपराधियों ने घर में घुसकर की गोलीबारी और मारपीट

बेगूसराय : बेगूसराय जिले के मटिहानी थानाक्षेत्र के रामदीरी भवानंदपुर गांव में अपराधियों ने घर में घुसकर गोलीबारी और मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई है। इस हमले में प्रमोद सिंह नामक व्यक्ति के दोनों पैरों में गोली लगी है, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायल लोगों का इलाज बेगूसराय के सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, 12 अक्तूबर को पहले भी अपराधियों ने इसी परिवार के सदस्यों पर हमला किया था, जिसमें परिवार के कई लोग घायल हुए थे। उस हमले के बाद मामला मटिहानी थाने में दर्ज कराया गया था, जिसके बाद से अपराधी बौखलाए हुए थे। मंगलवार को जब प्रमोद सिंह और उनके बेटे अमन कुमार घर जा रहे थे, तभी रास्ते में पंकज सिंह, चंदन सिंह, दीपक कुमार, फंटूश कुमार और देवेंद्र सिंह ने उन्हें घेर लिया। फिर केस वापस लेने की धमकी देते हुए उन पर हमला कर दिया।

# संक्षिप्त खबरें

## अभिनेता अतुल परचुरे का निधन 57 की उम्र में कैंसर से हारी जंग

मुंबई (ईएमएस)। प्रसिद्ध अभिनेता अतुल परचुरे, जो द कपिल शर्मा शो में अपने विभिन्न किरदारों के लिए पहचाने जाते थे, का सोमवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। 57 साल की उम्र में कैंसर से लड़ते हुए उन्होंने आखिरी सांस ली। उनकी मौत की खबर ने फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ा दी है। अतुल परचुरे को कई साल पहले कैंसर हुआ था, जिसका लंबे समय से इलाज चल रहा था। 14 अक्टूबर को वह जिंदगी की जंग हार गए। मराठी और हिंदी सिनेमा में अपने बेहतरीन अभिनय से पहचान बनाने वाले अतुल ने द कपिल शर्मा शो के अलावा कई मराठी और हिंदी फिल्मों व टीवी शो में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई थीं।पिछ ले साल एक इंटरव्यू के दौरान अतुल ने बताया था कि डॉक्टरों ने उनके लीवर में 5 सेमी का ट्यूमर पाया था। उन्होंने यह भी कहा था कि डॉक्टरों ने उन्हें ठीक होने का भरोसा दिया था। अतुल परचुरे ने यह भी खुलासा किया था कि उनका सही इलाज नहीं हो पाया, जिसके चलते उनकी हालत और बिगड़ गई। उन्होंने कहा था कि गलत इलाज के कारण उनका लीवर डैमेज हो गया और वह कई स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने लगे थे। अंतिम दिनों में, वे चलने-फिरने में भी असमर्थ हो गए थे और बात करते समय लड़खड़ाने लगे थे। अतुल परचुरे का यूं अचानक जाना उनके चाहने वालों और इंडस्ट्री के लोगों के लिए बेहद दुखद है।

## पूर्व प्रेमी ने पति को बताया, उसकी पत्नी एचआईवी संक्रमित, फिर हुआ क्या

जोधपुर (ईएमएस)। राजस्थान के जोधपुर से हैरान करने वाला मामला आया है। यहां एक पत्नी ने अपने पति से एचआईवी संक्रमित होने की बात छुपाई। युवक की शादी जुलाई में हुई थी। इसके बाद युवक ने पत्नी के साथ संबंध बनाए, तब पत्नी ने कंडोम का इस्तेमाल करने के बारे में बात करने लगी। जिसके बाद पति को शक हुआ। इसके बाद पति ने अपनी पत्नी के बारे में पता लगाने की कोशिश की, तब मालूम चला कि उसकी पत्नी को शादी से पहले 2023 में ही एचआईवी था। इसके बाद पति ने अपनी पत्नी के पुराने मंगेतर से संपर्क किया, तब साफ हुआ कि उसका रिश्ता इस बीमारी की वजह से ही टूटा था। इसके बाद, पति ने अपनी पत्नी का ब्लड टेस्ट करवाया, जिसमें उसके एचआईवी से संक्रमित होने की बात सामने आ गई। फिर क्या दोनों परिवारों के बीच तकरार तेज हो गई है। पत्नी की बहन ने कहा कि आप लोगों ने टेस्ट करवाकर बहुत गलत किया है। फिलहाल, महिला अपने परिवार साथ चली गई है। महिला के पूर्व प्रेमी ने बताया कि अवैध संबंधों की वजह से युवती फरवरी 2023 में एचआईवी से संक्रमित हो गई थी, जिसका इलाज वह पहले अजमेर और झालावाड़ में करवा रही थी। इसके साथ ही प्रेमी ने पति को महिला की जांच रिपोर्ट भी भेज दी। पीड़ित पति ने पूरे मामले की पुष्टि करने के लिए झालावाड़ के अस्पताल में तथ्यों की पड़ताल की, जिसमें पत्नी के एचआईवी पॉजिटिव होने का खुलासा हुआ।

## राजस्थान में सात विधानसभा सीटों के लिए एआईसीसी इंचार्ज तैनात

जयपुर (ईएमएस)। राजस्थान में सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। इन सीटों पर कांग्रेस ने मंगलवार को एआईसीसी इंचार्ज के नाम की घोषणा की है। कांग्रेस पार्टी ने चिरंजीव राव, ऋत्विक मकवाना और पूनम पासवान को जीत की जिम्मेदारी दी 0है। कांग्रेस पार्टी की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, हरियाणा में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में हारने वाले राव राजस्थान की झुंझुनू, खींवसर और रामगढ़ सीटों पर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने का काम दिया गया है। वहीं, मकवाना सलूंबर और चौरासी विधानसभा में अहम जिम्मेदारी निभाएंगे। इसके अलावा, पूनम दौसा व देवली-उनियारा विधानसभा सीट की जिम्मेदारी दी गई है। बता दें कि राजस्थान की दो सीटें मौजूदा विधायकों के निधन के बाद खाली हुई थीं, जबकि पांच सीटें विधायकों के सांसद बनने की वजह से खाली हुई हैं। इन कुल सात सीटों में से चार सीटें कांग्रेस, एक भाजपा, एक आरएलडी और एक अन्य पार्टी के पास थी। इन सभी सीटों पर उपचुनाव होने है। सभी राजनीतिक दल इन सीटों पर अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं।

## केजरीवाल मान के कतरेंगे पर? दो लोगों को नजर रखने भेज रहे पंजाब

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भगवंत मान केजरीवाल की पहली पसंद थे ही नहीं। दूसरी पसंद का राज्य में स्कोप नहीं था। इसलिए सीएम की कुर्सी भगवंत मान बैठाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। आम आदमी पार्टी के एक पूर्व पदाधिकारी ये बात पूरे दावे से कहते हैं। पंजाब में भगवंत मान आम आदमी पार्टी का सबसे लोकप्रिय चेहरा हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि अब अरविंद केजरीवाल भगवंत मान की ताकत कम करने में जुटे हैं। केजरीवाल और मान के रिश्ते अरविंद केजरीवाल के जेल जाने और लोकसभा चुनाव के लिए फंड न मिल पाने से ज्यादा बिगड़ गए हैं। सूत्रों के मुताबिक लोकसभा चुनाव के बाद इसका असर दिखने भी लगा है। केजरीवाल ने भगवंत मान पर लगाम कसना शुरू कर दिया है। इसके लिए दिल्ली से दो खास लोगों को बड़ी जिम्मेदारी देकर पंजाब भेजने की तैयारी है। इनमें एक विजय नायर हैं, जो पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के करीबी हैं। वहीं दूसरे बिभव कुमार हैं, जो अरविंद केजरीवाल के सबसे भरोसेमंद लोगों में से एक हैं। ये दोनों हाल में जेल से छूटे हैं।

## नेशनल कॉन्फ्रेंस फारुख अबदुल्ला को भेज सकती हैं राज्यसभा

नई दिल्ली (ईएमएस)। जम्मू और कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व में नई सरकार के शपथ ग्रहण के बाद करीब चार साल बाद चार राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने उमर अब्दुल्ला को 16 अक्टूबर को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया था। सूत्रों के मुताबिक, नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस को तीन राज्यसभा सीटें जीतने की उम्मीद है। गठबंधन ने विधानसभा चुनावों में 90 में से 48 सीटें हासिल कर बहुमत हासिल किया। सीपीआई-एम, आप और पांच निर्दलीय सहित अन्य दल गठबंधन का समर्थन कर रहे हैं, जिससे कुल मिलाकर संख्या 55 हो गई है। सूत्रों ने बताया कि 29 सीटों के साथ भाजपा को एक राज्यसभा सीट मिल सकती है। उन्होंने बताया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस सुप्रीमो फारूक अब्दुल्ला को राज्यसभा भेज सकती है, जबकि बीजेपी अपने किसी वरिष्ठ नेता को उच्च सदन में भेज सकती है। सूत्रों ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री निर्मल सिंह और कविंदर गुप्ता, जिन्हें चुनाव के लिए टिकट नहीं दिया गया था, वे भाजपा के राज्यसभा नामांकन के लिए सबसे आगे हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस अपने अध्यक्ष और पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला को चार राज्यसभा सीटों में से एक से मैदान में उतारकर संसद भेज सकती है। जम्मू-कश्मीर सरकार में केवल 10 मंत्री हो सकते हैं, जिसमें सीएम भी शामिल हैं। 2024 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने अपने सबसे खराब प्रदर्शन में केवल छह सीटें जीतीं।

## नेशनल कॉन्फ्रेंस फारुख अबदुल्ला को भेज सकती हैं राज्यसभा

नई दिल्ली (ईएमएस)। जम्मू और कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व में नई सरकार के शपथ ग्रहण के बाद करीब चार साल बाद चार राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने उमर अब्दुल्ला को 16 अक्टूबर को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया था। सूत्रों के मुताबिक, नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस को तीन राज्यसभा सीटें जीतने की उम्मीद है। गठबंधन ने विधानसभा चुनावों में 90 में से 48 सीटें हासिल कर बहुमत हासिल किया। सीपीआई-एम, आप और पांच निर्दलीय सहित अन्य दल गठबंधन का समर्थन कर रहे हैं, जिससे कुल मिलाकर संख्या 55 हो गई है। सूत्रों ने बताया कि 29 सीटों के साथ भाजपा को एक राज्यसभा सीट मिल सकती है। उन्होंने बताया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस सुप्रीमो फारूक अब्दुल्ला को राज्यसभा भेज सकती है, जबकि बीजेपी अपने किसी वरिष्ठ नेता को उच्च सदन में भेज सकती है। सूत्रों ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री निर्मल सिंह और कविंदर गुप्ता, जिन्हें चुनाव के लिए टिकट नहीं दिया गया था, वे भाजपा के राज्यसभा नामांकन के लिए सबसे आगे हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस अपने अध्यक्ष और पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला को चार राज्यसभा सीटों में से एक से मैदान में उतारकर संसद भेज सकती है। जम्मू-कश्मीर सरकार में केवल 10 मंत्री हो सकते हैं, जिसमें सीएम भी शामिल हैं। 2024 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने अपने सबसे खराब प्रदर्शन में केवल छह सीटें जीतीं।

# गुजरात सरकार ने उद्यमिता दिवस पर लॉन्च की टेक्सटाइल पॉलिसी-2024

### मुख्यमंत्री ने 418 करोड़ के विकास कार्यों का ई-शिलान्यास और 146 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण भी किया

गांधीनगर (ईएमएस)| मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने विकास सप्ताह के राज्यव्यापी उत्सव के अंतर्गत मंगलवार को आयोजित उद्यमिता दिवस पर गुजरात टेक्सटाइल पॉलिसी-2024 लॉन्च की। उन्होंने इसके साथ ही राज्य के विभिन्न औद्योगिक परिसरों में जलापूर्ति, सड़क-मार्ग आदि सुविधाओं से जुड़े 418 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का ई-शिलान्यास तथा 146 करोड़ रुपए के कार्यों का ई-लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में आयोजित उद्यमिता दिवस समारोह में उद्योग मंत्री बळवंतसिंह राजपूत, उद्योग राज्य मंत्री हर्ष संघवी तथा मुख्य सचिव राज कुमार की उपस्थिति में इंसेंटिव टु इंडस्ट्रीज के तहत 5500 औद्योगिक इकाइयों को 1100 करोड़ रुपए की सहायता का वितरण और कुल 699 करोड़ रुपए मूल्य के क्वॉरी लीज के लेटर ऑफ इंटेंट का वितरण भी किया। इस अवसर पर भूपेन्द्र पटेल ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल में राज्य के कपास उद्योग एवं टेक्सटाइल सेक्टर को विश्व पटल प्रदान करने के लिए वर्ष 2012 में फार्म टु फाइबर, फाइबर टु फैब्रिक, फैब्रिक टु फैशन तथा फैशन टु फॉरेन के फाइव 'एफ' फॉर्मूला पर आधारित टेक्सटाइल पॉलिसी देकर इस उद्योग को नई दिशा दी थी। इतना ही नहीं; इसके परिणामस्वरूप राज्य में टेक्सटाइल उद्योग के सुदृढ़ इकोसिस्टम का निर्माण हुआ और लगभग 35 लाख स्पिंडल्स की स्थापना हुई तथा साथ ही साथ 35 हजार करोड़ रुपए का निवेश हुआ एवं ढाई लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने जोड़ा कि मुख्यमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी की विजनरी लीडरशिप में गुजरात की विकास यात्रा को 7 अक्टूबर, 2001से नई




गति मिली। इस सफलता के 23 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हम 7 से 15 अक्टूबर के दौरान विकास सप्ताह मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने सेक्टर स्पेसिफिक पॉलिसीज, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस तथा इंडस्ट्री फ्रेंड्ली प्रो-एक्टिव दृष्टिकोण से गुजरात की पॉलिसी ड्रिवन स्टेट के रूप में विशिष्ट पहचान स्थापित की है। भूपेंद्र पटेल ने आगे कहा कि मोदी ने मुख्यमंत्री के रूप में अपने शासन दायित्व में गुजरात के कपड़ा उद्योग को प्रोत्साहन द्वारा रोजगार वृद्धि के विजन के साथ टेक्सटाइल पॉलिसी सहित बहुविद् पॉलिसीज लागू कीं। वर्ष 2012 में नरेन्द्र मोदी द्वारा दी गई टेक्सटाइल पॉलिसी की सफलता के चलते वर्ष 2017 में गारमेंट तथा एपेरल उद्योग के लिए 5 वर्ष की विशेष नीति घोषित की गई। भूपेन्द्र पटेल ने यह भी कहा कि वर्ष 2017 की विशेष नीति के बाद वर्ष 2019 में नई पॉलिसी घोषित की गई और इन सभी नीतियों के फलस्वरूप राज्य के कपड़ा उद्योग को रफ्तार मिली, जिससे लगभग 5 लाख प्रत्यक्ष व परोक्ष रोजगार का सृजन हुआ है।

मुख्यमंत्री ने टेक्सटाइल पॉलिसी-2024 की घोषणा करते हुए जोड़ा कि गुजरात में 40 प्रतिशत फैब्रिक का उत्पादन मेन मेड फाइबर से होता है और टेक्निकल टेक्सटाइल के उत्पादन में गुजरात 25 प्रतिशत योगदान देता है। कपड़ा उद्योग राज्य की अर्थव्यवस्था के साथ देश की आर्थिक प्रगति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने इस संदर्भ इस नई टेक्सटाइल पॉलिसी-2024 में टेक्सटाइल वैल्यू चेन के प्रत्येक सेगमेंट का एनालिसिस कर गारमेंट व एपेरल तथा टेक्निकल टेक्सटाइल में विशेष फोकस करने की रणनीति अपनाई है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बताया कि टेक्सटाइल पॉलिसी-2024 में पहली बार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की महिलाओं के स्वयं-सहायता समूहों के सशक्तिकरण तथा आय वृद्धि पर बल देने के साथ रोजगार के अवसरों को अधिक प्रबल बनाने का लक्ष्य रखा है।

उन्होंने जोड़ा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में टेक्सटाइल सेक्टर पूरक बने तथा गुजरात विकसित भारत@2047 में अग्रिम योगदान दे; इस उम्दा दृष्टिकोण से यह टेक्सटाइल पॉलिसी-2024 घोषित की गई है। उन्होंने कहा कि इस नई पॉलिसी के परिणामस्वरूप भविष्य में लगभग 30,000 करोड़ रुपए का पूंजी निवेश राज्य में आएगा और प्रधानमंत्री ने गरीब, अन्नदाता, युवा तथा नारी शक्ति (ग्यान) के सशक्तिकरण का जो एप्रोच अपनाया है, उसमें युवा एवं महिलाओं को रोजगार तथा कपास उत्पादक किसानों को अधिकतम् लाभ देने में यह पॉलिसी उपयोगी सिद्ध होगी।

## मध्यप्रदेश के ग्वालियर में डेंगू का प्रकोप, 1 हजार पहुंची मरीजों की संख्या

भोपाल (ईएमएस)। मध्य प्रदेश में डेंगू धीरे-धीरे फैलता जा रहा है। मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। जहां ग्वालियर में मरीजों का आंकड़ा एक हजार को पार कर चुका है। स्वास्थ्य विभाग और नगरीय निकाय हालात पर काबू पाने सक्रिय हैं। साफ सफाई अभियान से लेकर जमाव वाले पानी की जांच हो रही है। घर-घर सर्वे भी हो रहा है। राज्य के विभिन्न इलाकों में बीते कुछ दिनों में डेंगू के मामलों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। ताजा आंकड़े के अनुसार ग्वालियर में 1000 से ज्यादा, भोपाल में 450, इंदौर में 440 और जबलपुर में 325 डेंगू के मामले सामने आए हैं। डेंगू पर नियंत्रण पाने के लिए नगरीय निकाय और स्वास्थ्य विभाग की टीमें सक्रिय हैं। घर-घर सर्वे कर




साफ सफाई का अभियान भी चलाए हुए हैं मगर यह कोशिशें नाकाफी साबित हो रही है। उसका कारण भी है क्योंकि फागिंग मशीन हर इलाके में नहीं पहुंच पा रही है, जिससे मच्छरों की संख्या कम नहीं हो पा रही है, वहीं जगह-जगह पानी का जमाव है। यह स्थितियां मच्छरों की संख्या बढ़ाने में मददगार है। इस स्थिति पर ग्वालियर की उच्च न्यायालय खंडपीठ ने भी चिंता जाहिर की है। खंडपीठ की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि ग्वालियर में दलदली खुली भूमि पर जो पानी भरा है उस पानी को खत्म किया जाए, बीमारी को रोकने का एक मजबूत सिस्टम बनाया जाए। इसके साथ ही जो मरीज सामने आते हैं उन्हें अस्पताल में भर्ती करने के अलावा गंभीर मरीजों को विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर करने की व्यवस्था की जाए। बीमारी पर नियंत्रण पाने के लिए नियमित सफाई और दवा के छिड़काव के साथ फॉगिंग मशीन का उपयोग करना जरूरी है। जबलपुर के मलेरिया विभाग के अधिकारी का कहना है कि आमतौर पर सितंबर में डेंगू का असर कम होता है मगर इस बार बारिश का सिलसिला ज्यादा दिन चला है, ऐसी स्थिति में सतर्क रहने की जरूरत ज्यादा है। जबलपुर में ही पिछले साल के मुकाबले इस बार डेंगू के मरीज दोगुने से ज्यादा सामने आए हैं।

## दिन में रंगे कपड़े और अंधेरा होते ही तैयार हुई नशे की खेप

झाबुआ, (ईएमएस)। झाबुआ मेघनगर की फार्मा प्राइवेट लिमिटेड पर इंदौर नारकोटिक्स विंग की छापेमार कार्रवाई में अपडेट सामने आया है जिसमें बताया कि आरोपी दिन में कपड़े रंगने वाले केमिकल को बनाने का काम करते थे और रात में एमडी ड्रग बनाते थे। यहां से जितने आरोपी पकड़ाए हैं उनका गुजरात से कनेक्शन है। बता दें मेघनगर औद्योगिक क्षेत्र की जिस फैक्ट्री से 168 करोड़ रुपए की मेफेड्रोन (एमडी ड्रग) जब्त की गई थी, वहां दिन में कपड़ों की रंगाई में इस्तेमाल होने वाला केमिकल बनाने का काम होता था तो वहीं अंधेरा होते ही नशे की खेप तैयार की जाती थी। जानकारी के मुताबिक मेघनगर फार्मा नाम की यह फैक्ट्री करीब 14 साल पुरानी है। जिसे करीब डेढ़ साल पहले विजयसिंह राठौड़ ने ली थी। राठौड़ गुजरात का रहने वाला है। इस छापेमार कार्रवाई में पकड़े गए आरोपियों को झाबुआ कोर्ट में पेश किया गया था। इसके बाद फैक्ट्री मालिक विजय राठौड़ को चार दिन की रिमांड दी गई। तो वहीं इसमें तीन आरोपियों को ज्यूडिशियल कस्टडी में झाबुआ जेल भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक आरोपियों का गुजरात कनेक्शन निकला है। इसमें डीआरआई ने फैक्ट्री मालिक विजय सिंह राठौड़ पिता गोविंदसिंह राठौड़ को पकड़ा था। वह गुजरात के वडोदरा का रहने वाला है। ऑपरेटर रतन पिता मेवाभाई नलवाया, हेल्पर पिंटू उर्फ वैभव पिता रतन नलवाया दोनों ही गुजरात के बोरेड़ी जिला दाहोद के निवासी बताए जा रहे हैं। तो वहीं चौकीदार रमेश पिता दितिया बस्सी निवासी बेड़ावली, मेघनगर का निवासी है। इनमें रतन और वैभव दोनों का आपस में पिता-पुत्र हैं।

## नाबालिग के सामने कपड़े उतारकर यौन संबंध बनाना अपराध, केस चल सकता

नई दिल्ली (ईएमएस)। पाक्सो एक्ट के तहत किसी नाबालिग के सामने कपड़े उतारकर यौन संबंध बनाना यौन उत्पीड़न के बराबर दंडनीय अपराध है। हाल ही में एक याचिका पर सुनवाई के दौरान केरल हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी की है। आरोप हैं कि याचिकाकर्ता और पीड़ित बच्चे की मां को यौन संबंध बनाते हुए बच्चे ने देख लिया था, जिसके बाद कथित तौर पर पीटा गया। रिपोर्ट के मुताबिक मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस ए बदरुद्दीन ने कहा कि शरीर के किसी भी अंग को इस मंशा से दिखाना कि उस बच्चा देख ले, यौन उत्पीड़न के बराबर माना जाएगा। कोर्ट का कहना है कि बच्चे के सामने कपड़े हटाकर यौन संबंध बनाना पाक्सो की धारा 11 के तहत यौन उत्पीड़न के बराबर और धारा 12 के तहत दंडनीय अपराध है। कोर्ट ने कहा, जब कोई व्यक्ति बच्चे को नग्न शरीर दिखाता है, तब यह दिखाता है कि वह बच्चे का यौन उत्पीड़न करने का इरादा रखता है। इसके बाद यह पाक्सो एक्ट की धारा 12 के साथ धारा 11(आई) रीड के तहत दंडनीय अपराध है। मामले में आरोप हैं कि आरोपी कमरा लॉक किए बिना कपड़े हटाने के बाद यौन संबंध बनाने में व्यस्त थे। उन्होंने बच्चे को कमरे में आने दिया, ताकि वह यह सब देख ले। दूसरे आरोपी के तौर पर पेश याचिकाकर्ता और पहली आरोपी पीड़िता की मां के बीच यौन संबंध थे। आरोप हैं कि याचिकाकर्ता और पीड़ित बच्चे की मां ने नाबालिग को सामान लाने के लिए भेजकर लॉज के कमरे में यौन संबंध बनाए। आरोप हैं कि नाबालिग लड़के ने वापस आने पर कमरा बंद नहीं होने के चलते याचिकाकर्ता और उसकी मां को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। लड़के को देखकर याचिकाकर्ता ने बच्चे को पीटा। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता ने नाबालिग को पीटा, इसकारण बच्चे को चोट पहुंची। कोर्ट का कहा है कि नाबालिग लड़के याचिकाकर्ता का कोई प्रभा या नियंत्रण नहीं होने के चलते जेजे की धारा 75 के तहत अपराध नहीं बनता है। यौन उत्पीड़न को समझाते हुए अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता और पीड़ित की मां बगैर दरवाजा बंद किए यौन संबंध बना रहे थे।

## स्पाइसजेट ने एयरकैसल, विलमिंगटन ट्रस्ट के साथ विवाद सुलझाया

मुंबई (ईएमएस)। विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने कहा है कि उसने दो विमान पट्टादाताओं एयरकैसल और विलमिंगटन ट्रस्ट के साथ 2.339 करोड़ अमेरिकी डॉलर के विवाद को सुलझा लिया है। इससे कुछ दिन पहले उसने अमेरिका स्थित विमान पट्टा देने वाली कंपनी बीबीएएम के साथ भी इसी तरह का विवाद सुलझाया था। विमानन कंपनी ने कहा कि समझौते के तहत दोनों पक्ष संबंधित सभी मुकदमे और विवाद उचित मंचों पर वापस लेंगे। बयान में कहा गया है कि स्पाइसजेट ने एयरकैसल (आयरलैंड) डेजिग्नेटेड एक्टिविटी कंपनी और विलमिंगटन ट्रस्ट एसपी सर्विसेज (डबलिन) लिमिटेड के साथ 2.339 करोड़ अमेरिकी डॉलर के विवाद को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है। इसके तहत कुल 50 लाख डॉलर का भुगतान किया गया। साथ ही कुछ विमान इंजनों से संबंधित समझौता भी किया गया है। इसमें कहा गया दोनों पक्ष सौहार्दपूर्ण बातचीत के जरिये इस समझौते पर पहुंचे हैं तथा मामले को अदालत के बाहर सुलझाने का विकल्प चुना है। स्पाइसजेट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमने एयरकैसल और विलमिंगटन ट्रस्ट के साथ लंबे समय से जारी विवाद को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है। इस और अन्य महत्वपूर्ण समझौतों के साथ स्पाइसजेट अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने और अधिक मजबूत भविष्य के लिए आधार तैयार करने में लगी है। स्पाइसजेट ने विमान पट्टे पर देने वाली कंपनी बैबकॉक एंड ब्राउन एयरक्राफ्ट मैनेजमेंट (बीबीएएम) के साथ 13.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर का विवाद सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने की पिछले बुधवार को घोषणा की। विमानन कंपनी ने कहा था, होराइजन एविएशन 1 लिमिटेड, होराइजन 2 एविएशन 3 लिमिटेड और होराइजन 3 एविएशन 2 लिमिटेड के साथ 13.18 करोड़ डॉलर (1,107 करोड़ रुपये) का विवाद 2.25 करोड़ डॉलर में सुलझा लिया गया है। ये सभी पट्टेदार बीबीएएम के प्रबंधन के अधीन हैं।

# उत्तर प्रदेश के कई शहरों में बिछ रहा मेट्रो का जाल, लखनऊ में सुगम हुआ सफर

### उत्तर प्रदेश के कई शहरों में बिछ रहा मेट्रो का जाल, लखनऊ में सुगम हुआ सफर

लखनऊ(ईएमएस)।उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अंतर्गत 3 मुख्य मेट्रो परियोजनाओं लखनऊ, कानपुर एवं आगरा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के कई अन्य शहर जैसे- लखनऊ,गोरखपुर, प्रयागराज, बरेली एवं झांसी में भी मेट्रो प्रस्तावित है। लखनऊ एवं गोरखपुर मेट्रो का डीपीआर बन कर तैयार हो चुका है। लखनऊ के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर को राज्य एवं नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप से स्वीकृति मिल चुकी है, पीआईबी एवं केंद्र की मंजूरी के बाद निर्माण कार्य का शुभारंभ हो जाएगा। वहीं गोरखपुर मेट्रो को राज्य एवं पीआईबी से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और केंद्र की मंजूरी का इंतजार है।

लखनऊ मेट्रो के सीसीएस एयरपोर्ट से मुंशीपुलिया के बीच 22.878 किलोमीटर लंबे उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर को तय समय से 36 दिन पूर्व 4.5 वर्षों में तैयार कर 08 मार्च 2019 को यात्रियों के लिए व्यवसायिक सेवाओं का शुभारंभ हुआ। लखनऊ मेट्रो ने देश में सबसे तेज निर्मित होने वाली मेट्रो का खिताब भी अपने नाम किया है। सीसीएस एयरपोर्ट से मुंशीपुलिया तक 23 किलोमीटर लंबे उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर में 17 एलिवेटेड एवं 4 भूमिगत मेट्रो स्टेशन हैं। चारबाग से ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन तक लखनऊ मेट्रो का 8.5 किमी लंबा प्राथमिकता कॉरिडोर 05 सितंबर 2017 को शुरु हुआ।

### कानपुर मेट्रो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कानपुर के आई.आई.टी कानपुर से मोतीझील के बीच 9 किमी. प्राथमिक कॉरिडोर पर 28 दिसंबर 2021 को 2 साल 1.5 महीने के रिकॉर्ड समय में यात्री सेवाओं का शुभारंभ किया। कानपुर



में 32.04 किलोमीटर के कुल 2 कॉरिडोर बनाए जाने हैं। आई.आई.टी कानपुर से नौबस्ता के बीच 23.8 किमो. लंबे पहले कॉरिडोर एवं एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी से बर्रा-8 के बीच 8.6 किलोमीटर लंबे दूसरे कॉरिडोर पर तेज गति से निर्माण कार्य जारी है। कानपुर के 9 किलोमीटर लंबे प्राथमिक सेक्शन पर 8 हजार यात्री रोज मेट्रो सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं।

### आगरा मेट्रो

आगरा में 29.4 किलोमीटर मेट्रो रेल चलेगी इसमें कुल 27 स्टेशन होंगे। पहले चरण में ताज ईस्ट गेट- ताजमहल रैंप पर निर्माण कार्य 7 दिसंबर 2020 को शुरू हुआ। आगरा मेट्रो के 6 किमी लंबे प्राथमिक कॉरिडोर ताज ईस्ट गेट से मनकामेश्वर के बीच कुल 6 मेट्रो स्टेशनों पर 6 मार्च 2024 को यात्री सेवा का शुभारंभ हुआ। आगरा मेट्रो के 6 किमी लंबे प्रायोरिटी कॉरिडोर के शुरु होने के बाद से रोजाना करीब 6 हजार यात्री मेट्रो सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। आगरा मेट्रो ने 11 महीने के रिकॉर्ड समय में 6 किलोमीटर लंबी अंडरग्राउंड टनल का काम पूरा करने के साथ, केवल 23 महीनों में भारत और दुनिया में सबसे तेजी से अंडरग्राउंड मेट्रो सेक्शन के निर्माण और कमीशनिंग का गौरव हासिल किया। आगरा मेट्रो रेल परियोजना के अंतर्गत 29.4 किमी. लंबे 2 कॉरिडोर होंगे। 14 किमी. लंबा प्रथम कॉरिडोर सिकंदरा से प्रारंभ होकर ताज ईस्ट गेट पर समाप्त होगा वहीं दूसरा कॉरिडोर आगरा कैंट से कालिन्दी विहार तक बनेगा जिसकी लंबाई 15.4 किमी होगी। आगरा मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम कॉरिडोर के बैलेंस सेक्शन पर तेज गति से निर्माण कार्य जारी है।

### यूपी मेट्रो : देश में गुणवत्तापूर्ण और तीव्र मेट्रो निर्माण में अग्रणी

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने मेट्रो परियोजनाओं की गुणवत्ता एवं तीव्र गति से निर्माण के साथ-साथ मेट्रो संचालन में उत्कृष्टता में विशिष्ट पहचान स्थापित की है।

यूपीएमआरसी ने देश में किसी अन्य मेट्रो की तुलना में संचालन एवं रखरखाव लागत को किफायती बनाए रखने के लिए कई कदम उठाए हैं-

एनर्जी एक्सचेंज कार्यक्रम में भाग लेने वाली यूपी मेट्रो प्रदेश की पहली संस्था है, इसकी वजह से यूपी मेट्रो ने पिछले 1.5 वर्ष में 4 करोड़ रुपये की बिजली बचाई।

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

## कोरोना वैक्सीन के साइड इफेक्ट की जांच क्यों नहीं?

सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना वैक्सीन के साइड इफेक्ट को लेकर सोमवार को सुनवाई के बाद एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। इस जनहित याचिका में याचिकाकर्ता द्वारा कोरोना वैक्सीन के बाद जिस तरह से साइड इफेक्ट देखने को मिल रहे हैं। उसकी जांच कराने के लिए यह याचिका लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीबाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की खंडपीठ ने इस याचिका को निरस्त करते हुए कहा, कि यह सनसनी फैलाने के लिए याचिका लाई गई है। सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने कहा वैश्विक स्तर पर फैली महामारी पर संकट पाने के लिए वैक्सीन तैयार की गई थी। इस महामारी ने मानवता को हिलाकर रख दिया था। सुप्रीम कोर्ट द्वारा याचिका पर सुनवाई किए बिना ही जिस तरीके से याचिका को खारिज किया है। उसने करोड़ों लोगों को निराश किया है। जो लोग वैक्सीन लगने के बाद से नई-नई विभिन्न बीमारियों से पीड़ित हैं। उन्हें याचिका निरस्त होने से तगड़ा झटका लगा है। याचिका करता के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में वैक्सीन लगने के बाद रक्त के थक्के जमने,शुगर बढ़ने और कई तरह के साइड इफेक्ट होने की बात याचिका में कही थी। जब कोरोना की महामारी फैली थी। तब कोरोना की वैक्सीन बनाना और उसे सुरक्षा की दृष्टि से लगवाना उस समय के हिसाब से सरकार का कदम सही था। लेकिन वैक्सीन लगने के बाद यदि कोई दुष्प्रभाव लोगों में देखने को मिल रहे हैं। ऐसी स्थिति में साइड इफेक्ट की जांच करना और उपयुक्त इलाज खोजना सरकार और स्वास्थ्य विभाग की ही जिम्मेदारी है। वैक्सीन लगने और नहीं लगने को लेकर यह याचिका नहीं थी। इस याचिका को इसलिए लगाया गया था। कोरोना महामारी से बचने के लिए जो वैक्सीन लगाई गई थी। मानव जीवन पर उसका किस तरह का प्रभाव हुआ है। इसके अलावा कोरोना महामारी के लक्षण होने पर जिन लोगों का इलाज अस्पतालों में हुआ था। मरीज के इलाज में जिस तरह की दवाइयों का प्रयोग किया गया था। मरीजों में उसके क्या असर हुए हैं। यदि कोई साइड इफेक्ट हैं,तो इसकी जांच होना जरूरी है। ब्रिटेन जैसे देश में कोरोना वैक्सीन और कोरोना महामारी के उपचार को लेकर कई तरह की जांच की गई है। वैक्सीन के साइड इफेक्ट को जानकर साइड इफेक्ट दूर करने के लिए मरीज को किस तरह की दवाई दी जाएं। जिससे मरीजों का जीवन सुरक्षित हो। ब्रिटेन की सरकार और ब्रिटेन की न्यायपालिका इसके लिए सजग है। नागरिकों के स्वास्थ्य की जवाबदारी सरकार और स्वास्थ्य विभाग की है। महामारी आती हैं, चिकित्सकों द्वारा हर संभव इलाज भी किए जाता है, महामारी के टीके भी समय-समय पर विकसित कर सुरक्षा की दृष्टि से सभी को लगाए जाते हैं। वैक्सीन की गुणवत्ता और उसके प्रभाव को कई स्तर पर जाँचने की व्यवस्था होती है। वैक्सीन का मानव जीवन में क्या प्रभाव पड़ा है। यदि कोई विपरीत प्रभाव है, उस दुष्प्रभाव को कैसे दूर किया जा सकता है। इसकी जांच हर हालत में होनी ही चाहिए। ब्रिटिश कंपनी एक्स्ट्रा जेनिका ब्रिटेन की हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई में शामिल है। ब्रिटेन के स्वास्थ्य विभाग और ब्रिटेन की अदालतों में साइड इफेक्ट को लेकर जो बातें निकलकर सामने आईं हैं। उसके लिए कंपनी और सरकार क्या कर सकती है। इसका निर्णय वहां की न्यायपालिका कर रही है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के खोजकर्ताओं ने भी इस मामले में रिसर्च शुरू की थी लेकिन उसे रोक दिया गया। जिस महामारी का असर करोड़ों लोगों पर हुआ है। इस वायरस का कोई इलाज उसे समय चिकित्सा जगत के पास नहीं था। बीमारी सामने आने के बाद इलाज अपने-अपने तरीके से किए गए थे। जब कोरोना वैक्सीन आई, तो आशा की एक किरण जागी। लोगों ने वैक्सीन भी लगवाई। वैक्सीन लगने के बाद यदि कोई साइड इफेक्ट लोगों में देखने को मिल रहे हैं। तो साइड इफेक्ट के इलाज से ना तो सरकार को बचाना चाहिए। नाही न्यायपालिका को अपनी जिम्मेदारी से बचना चाहिए। इस मामले में ब्रिटेन की न्यायपालिका ज्यादा सजगता के साथ काम कर रही है। भारत में वैक्सीन लगने के बाद जिस तरह की मौत युवाओं की हो रही है। नाचते, गाते,चलते हुए, खेलते हुए जिस तरह से युवाओं की मौत हो रही है। वैक्सीन लगने के बाद शुगर के मरीज बढे हैं। जिस तरह की बीमारियां मरीजों को झेलनी पड़ रही हैं। याचिका की विस्तृत सुनवाई के बाद जांच के आदेश सुप्रीम कोर्ट को देने चाहिए थे। इस याचिका में टीका लगने के बाद,साइड इफेक्ट के लिए यदि कोई मुआवजे की मांग की गई होती। तो सुप्रीम कोर्ट उसे स्वीकार नहीं करती। स्थिति जन्य सरकार ने जो निर्णय लिया था, वह सही था। महामारी के बाद जिस तरह के साइड इफेक्ट लोगों में देखने को मिल रहे हैं। उसके लिए रिसर्च और इलाज के लिए भविष्य में किस तरह की कार्रवाई भविष्य में की जा सकती है। इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट को जरूर निर्णय करना चाहिए था। इस याचिका के निरस्त होने से लोगों में निराशा उत्पन्न हुई है। नागरिकों के स्वास्थ्य की देखभाल करना सरकार का कर्तव्य है। सरकार इस दायित्व से बच रही है। ऐसी स्थिति में नागरिकों के पास न्यायपालिका ही एक सहारा होता है। यदि न्यायपालिका भी सरकार की तरह सोचेगी, तो यह नागरिकों का दुर्भाग्य है। यही कहा जा सकता है।

## सोलह कलाओं से पूर्ण चंद्रमा बरसाता है अमृत!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

### शरद पूर्णिमा पर



आश्विन माह के पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 16 अक्टूबर को रात्रि 08 बजकर 40 मिनट पर होगी। जिसका समापन अगले दिन 17 अक्टूबर को शाम को 04 बजकर 55 मिनट पर होगा।इस दिन चंद्रमा सोलह कलाओं से पूर्ण होकर रातभर अपनी किरणों से अमृत वर्षा करता है। देश के कई राज्यों में इसे फसल उत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन खीर बनाने की प्रथा है। खीर को रातभर चंद्रमा की चांदनी में रखा जाता है।मान्यता है कि इस दिन रातभर खीर को चंद्रमा की चांदनी में रखने से खीर अमृत के समान हो जाती है और इस खीर का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है।शरद पूर्णिमा को शाम 7:18 बजे से रेवती नक्षत्र का प्रारंभ है। रेवती नक्षत्र को शुभ माना गया है। शरद पूर्णिमा की खीर शाम को 7:18 बजे के बाद चांदनी में रख सकते हैं। शरद पूर्णिमा की रात जब चंद्रमा पूर्ण रूप से दिखाई देने लगे और उसकी किरणें आप तक पहुंचने लगें,तब खीर बनाकर उसे खुले में रखने से फायदेमंद होता है।इस साल की शरद पूर्णिमा 2024 पर 3 शुभ संयोग बन रहे हैं। इससे इसका महत्व बढ़ गया है। इस पूर्णिमा को रास पूर्णिमा, कमला पूर्णिमा नाम से भी जाना जाता है। इस दिन शरद पूर्णिमा व्रत और लक्ष्मीजी की पूजा करने वालों के लिए चंद्रमा की पूजा अनिवार्य है। शरद पूर्णिमा के निर्धारण के लिए इसका निशीथ व्यापिनी होना जरूरी है। इस दिन चंद्रोदय शाम 5.02 बजे होगा। इस दिन रेवती नक्षत्र, रवि और ध्रुव योग का विशेष संयोग भी बन रहा है। पहली मान्यता यह है कि इस दिन भगवान कृष्ण ने गोपियों के साथ महा रास का आयोजन किया था, जिसके कारण इसे रास पूर्णिमा कहा जाता है।दूसरी मान्यता यह है शरद पूर्णिमा के दिन माता लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करने के लिए आती है। शरद पूर्णिमा के दिन खुले आसमान के नीचे चांद की रौशनी में खीर रखने का विधान है।शरद पूर्णिमा के रात चंद्रमा की रौशनी बहुत ही महतवपूर्ण माना जाती है।इस दिन चंद्रमा सोलह कला से सुसज्जित होते है ज्योतिषशास्त्र के अनुसार चंद्रमा को मन का कारक माना गया है चंद्रमा का प्रकाश हमारे शारीर को शीतलता प्रदान करते करते है साथ ही शरीर में उर्जा भरपूर प्रदान करते है ।शरद पूर्णिमा की रात की किरण अमृत समान है इसलिए शरद पूर्णिमा की रात में चावल की खीर बनाकर बर्तन में रखकर रात्रि में खुले आसमान के निचे रखकर जालीदार कपडे से ढककर रखे अगले दिन ब्रह्म मुहूर्त में भगवान विष्णु को खीर का भोग लगाकर प्रसाद के रूप में पूरे परिवार को खिलाए इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाता है।

# कब भूखमरी एवं भूखें लोगों की दुनिया से निजात मिलेगी?

**ललित गर्ग**

### विश्व खाद्य दिवस




विश्व खाद्य दिवस 16 अक्टूबर को दुनिया भर में हर साल मनाया जाने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है। 1945 में संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना उपलक्ष्य में यह दिवस भूख और खाद्य सुरक्षा से संबंधित कई अन्य संगठनों द्वारा व्यापक रूप से मनाया जाता है, जिसमें विश्व खाद्य कार्यक्रम, विश्व स्वास्थ्य संगठन और कृषि विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय कोष शामिल हैं। डब्ल्यूएफपी को भूख से लड़ने, संघर्ष क्षेत्रों में शांति में योगदान देने और युद्ध और संघर्ष के लिए हथियार के रूप में भूख के इस्तेमाल को रोकने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए 2020 का शांति का नोबेल पुरस्कार मिला। साल 2024 की थीम है बेहतर जीवन और बेहतर भविष्य के लिए भोजन का अधिकार।' आज भारत एवं अन्य देशों में भोजन की बर्बादा को रोकना भी प्रमुख प्राथमिकता बननी चाहिए। भारत सरकार भी हर व्यक्ति तक भोजन की पहुँच और विशेष रूप से कमज़ोर वर्ग के लिए 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' व अंत्योदय अन्न योजना जैसे कार्यक्रम चलाती है। विश्व की करीब दो अरब तीस करोड़ आबादी को भूखमरी एवं भूख का सामना करना पड़ रहा है। दो वक्त की भोजन सामग्री जुटाने के लिए इस आबादी को जिन मुश्किलों, संकटों एवं त्रासद स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, वह विश्व की सरकारों एवं व्यवस्थाओं के विकास के बयानों को बेमानी सिद्ध करता है। संयुक्त राष्ट्र की इस रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना महामारी और उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध ने भूखमरी को विकट बनाने में अहम भूमिका निभाई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया 2030 तक सभी रूपों में भूख, खाद्य असुरक्षा, स्वास्थ्य और कुपोषण को खत्म करने के अपने लक्ष्य से और दूर जा रही है। लेकिन भारत-सरकार के प्रयासों से भारत में कुपोषण एवं भूखमरी से उबरने की सफल कोशिशें हो रही है। भारत की टिकाऊ और स्वस्थ खाने की आदतों की दिशा में प्रगति स्पष्ट है। खेत से लेकर मेज तक का आंदोलन जोर पकड़ रहा है, जो उपभोक्ताओं को ताजा, स्थानीय रूप से प्राप्त उपज से जोड़ रहा है। खाद्य उद्यमियों की सफलता की कहानियाँ लचीलापन और नवाचार को दर्शाती हैं, जो एक जीवंत खाद्य परिदृश्य में योगदान देती हैं। अत्याधुनिक खाद्य प्रौद्योगिकी नवाचारों के साथ, भारतीय खाद्य उद्योग विकसित हो रहा है, जिससे दक्षता और कम बर्बादी सुनिश्चित हो रही है।

कुपोषण और भुखमरी से जुड़ी वैश्विक रिपोर्टें न केवल चौंकाने बल्कि सरकारों की नाकामी को उजागर करने वाली ही होती हैं। विश्वभर की शासन-व्यवस्थाओं का नाकामी एवं शैतानों की शरणस्थली बनना एक शर्मनाक विवशता है। लेकिन इस विवशता को कब तक ढोते रहेंगे और कब तक दुनिया भर में कुपोषितों का आंकड़ा बढ़ता रहेगा, यह गंभीर एवं चिन्ताजनक स्थिति है। लेकिन ज्यादा चिंताजनक यह है कि तमाम कोशिशों और दावों के बावजूद कुपोषितों और भुखमरी का सामना करने वालों का आंकड़ा पिछली बार के मुकाबले हर बार बढ़ा हुआ ही निकलता है। रिपोर्टें बताती हैं कि ऐसी गंभीर समस्याओं से लड़ते हुए हम कहां से कहां पहुंचे है। इसी में एक बड़ा सवाल यह भी निकलता है कि जिन लक्ष्यों को लेकर दुनिया के देश सामूहिक तौर पर या अपने प्रयासों के दावे करते रहे, उनकी कामयाबी कितनी नगण्य एवं निराशाजनक है। कुपोषण, गरीबी, भूख में सीधा रिश्ता है। यह दो-चार देशों ही नहीं, बल्कि दुनिया के बहुत बड़े भूभागों के लिए चुनौती बनी हुई है। दुनिया से लगभग आधी आबादी इन समस्याओं से जूझ रही है। इसलिए यह सवाल तो उठता ही रहेगा कि इन समस्याओं से जूझने वाले देश आखिर क्यों नहीं इनसे निपट पा रहे हैं? इसका एक बड़ा कारण आबादी का बढ़ना भी है। गरीब के संतान ज्यादा पैदा होती है क्योंकि कुपोषण में आबादी ज्यादा बढ़ती है। विकसित राष्ट्रों में आबादी की बढ़त का अनुपात कम है, अविकसित और निर्धन राष्ट्रों की आबादी की बढ़त का अनुपात ज्यादा है। भुखमरी पर स्टैंडिंग टुगेदर फॉर न्यूट्रीशन कंसोर्टियम ने आर्थिक और पोषण डाटा इकट्ठा किया, इस शोध का नेतृत्व करने वाले सासकिया ओसनदार्प अनुमान लगाते हैं कि जो महिलाएं अभी गर्भवती हैं वो ऐसे बच्चों को जन्म देंगी जो जन्म के पहले से ही कुपोषित हैं और ये बच्चे शुरू से ही कुपोषण के शिकार रहेंगे। एक पूरी पीढ़ी दांव पर है।'' अफ्रीकी देशों से आने वाली तस्वीरें डराती हैं। खाने के एक-एक पैकेट के लिए हजारों की भीड़ उमड़ पड़ती है। ऐसे में पौष्टिक भोजन की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती। महंगाई के कारण मध्य और निम्न वर्ग के लोग अपने खान-पान के खर्च में भारी कटौती के लिए मजबूर होते हैं। ऐसे में एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए निर्धारित मानकों वाले खाद्य पदार्थ उनकी पहुंच से दूर हो जाते हैं। पौष्टिक भोजन के अभाव में लोग गंभीर बीमारियों की जद में आने लगते हैं। गरीब मुल्कों की मदद के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम को तेज करने की जरूरत है। विकासशील देशों को ऐसी नीतियां बनानी होंगी जो गरीबी, कुपोषण एवं भुखमरी दूर कर सकें। सत्ताएं ठान लें तो हर नागरिक को पौष्टिक भोजन देना मुश्किल भी नहीं है। लेकिन इसकी सबसे बड़ी बाधा शासन-व्यवस्थाओं में बढ़ता भ्रष्टाचार है। गलत जब गलत न लगे तो यह मानना चाहिए कि बीमारी गंभीर है। बीमार व्यवस्था से स्वस्थ शासन की उम्मीद कैसे संभव है? संयुक्त राष्ट्र की ताजा वैश्विक खाद्य सुरक्षा रिपोर्ट में दुनिया में भुखमरी की स्थिति पहले के मुकाबले ज्यादा विकराल होने की स्थितियां तमाम विकास की तस्वीरों पर एक बदनुमा दाग है। दुनिया में उभरती आर्थिक महाशक्तियों, व्यवस्थाओं एवं विकास के बीच भूखे लोगों की तादाद में इजाफा होना दुनिया के विकास एवं संतुलित समाज की संरचना पर एक गंभीर प्रश्न है। कहीं-ना-कहीं दुनिया के विकास मॉडल में खामी है या वर्तमान सरकारों की कथनी और करनी में फर्क है। ऐसा लगता है कि विकास के लुभावने स्वरूप को कामयाबी माना जाने लगा है, लेकिन इसके बुनियादी पहलुओं को केंद्र में रखकर जरूरी कदम नहीं उठाए गए या उन पर अमल नहीं किया गया, तभी भूखमरी एवं भूखे लोगों की विडम्बनापूर्ण स्थितियां सुरसा की भांति बढ़ती ही जा रही है।

यह कैसी संवेदनहीनता एवं उपेक्षापूर्ण मानसिकता है कि भूखमरी एवं कुपोषण की त्रासद एवं खौफनाक मसले पर किसी नई रिपोर्ट पर हैरानी तक नहीं होती, मगर इससे इतना जरूर पता चलता है कि विश्वभर में नीतियां बनाने और उन्हें लागू करने को लेकर कोई संतुलित रुख नहीं अपनाया जाता। यह शासन व्यवस्थाओं की नीति एवं नियत में खोट को ही दर्शाता है। हमारी दुनिया विरोधाभासी एवं विडम्बनाओं से ग्रस्त है। एक तरफ भूखमरी तो दूसरी ओर महंगी दावतों और धनाढ्य वर्ग की विलासिताओं के अम्बार, बड़ी-बड़ी दावतों में जूठन की बहुतायत मानवीयता पर एक बदनुमा दाग है। इस तरह व्यर्थ होने वाले भोजन पर अंकुश लगाया जाए, विज्ञापन कंपनियों को भी दिशा निर्देश दिए जाएं, होटलों और शैक्षिक संस्थानों, दफ्तरों, कैंटीनों, बैठकों, शादी और अन्य समारोहों और अन्य संस्थाओं में खाना बेकार न किया जाए। इस भोजन का हम अपने समाज की बदहाली, भूखमरी और कुपोषण से छुटकारे के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। सरकारों के भरोसे ही नहीं, बल्कि जन-जागृति के माध्यम से ऐसा माहौल बनाना चाहिए। आखिर में खुद से पूछना चाहिए कि क्या हम अशांत, अस्थिर, हिंसक और अस्वस्थ समाज चाहते हैं या उसे बदलना चाहते हैं? क्या हम भूखमरी एवं भूखें लोगों की दुनिया के नागरिक होना चाहते है या खुशहाल एवं साधन-सम्पन्न नागरिकों की दुनिया के नागरिक?

# गुजरात हादसा : कब तक जिन्दा दफन होते रहेंगे बेकसूर मजदूर

**नरेन्द्र भारती**

क़ब तक जिन्दा दफन होते रहेंगे बेकसूर मजदूर यह एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है बेशक प्रतिवर्ष 1 मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है । केवल मात्र एक दिन बड़े-बड़े सैमिनार,गोष्ठियां की जाती है मजदूरों के हितों को सुरक्षित करने के लिए बड़े दावे किये जातें है मगर 364 दिन मजदूरों के बारे में कोई नहीं सोचता कि मजदूरों के साथ कैसे-कैसे हादसे होते रहते है।प्रतिदिन समाचार पत्रों में मजदूरों के मरने की खबरें सुखियां बनती है मगर सरकारें मूकदर्शक बनी तमाशा देख रही हैं। देश के कारखानों में मजदूर मर रहे हैं हर जगह मजदूर काल का ग्रास बन रहे है। ताज़ा हादसा 12 अक्टूबर को गुजरात के मेहसाणा के कड़ी कस्बे मे घटित हुआ जहाँ काम करते समय 9 मजदूर जिन्दा दफन हो गए सभी मजदूरों के शव निकाल दिए है दफन होने वाले मजदूर 25 से तीस साल के थे।मजदूरों ने सपने मे भी नहीं सोचा होगा की उनकी इतनी दर्दनाक मौत होगी।देश में मजदूरों के साथ हादसे कब थमेगें यह एक यक्ष प्रशन है। हर साल दिवस मनाए जाते है मगर धरातल की सच्चाइयां बहुत ही भयानक है मजदूरों का शोषण किया जाता है। मजदूरों के नाम पर सैकडों योजनाए चलाई जाती है मगर उन्हे उनका हक नहीं मिलता। देश में हर रोज मजदूर बेमौत मर रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार उत्तरकाशी में बेकसूर मजदूरों ने 17दिन और 16 रातें कैसे निकाली थी यह मजदूर ही जानते होंगे। खौफनाक मंजर क़ो कभी नहीं भूल पाएंगे। 17 दिन सूर्य क़े दर्शन नहीं हुए थे। मजदूरों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था की जिस सुरंग का निर्माण कर रहे हैं उसमें कैद हो जाएंगे। करोड़ों देश वासिओं की दुआएं रंग लाई और मजदूरों क़ो नया जीवन मिल गया और 12दिन सुरंग की कैद से मुक्त हो गए थे। 12 तारीख क़ो एक तरफ रविवार क़ो दीपावली क़े दिन जहाँ पूरा भारतवर्ष दिवाली की खुशियाँ मना रहा था वहीं दूसरी तरफ उत्तराखंड क़े उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सुरंग में बहुत ही भयंकर दुःखद हादसा हुआ था जब सुरंग ढहने से 41मजदूर सुरंग क़े अंदर फंस गए थे। उत्तरकाशी क़े सिल्कयारा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनी सुरंग में फंसे 41 मजदूर जिंदगी व मौत क़े बीच झूल रहे थे सरकार द्वारा मजदूरों क़ो बाहर निकालने क़े लिए जारी रेस्क्यू अभियान का 17 दिन ऑपरेशन जारी रहा था और मजदूरों क़ो सुरक्षित बाहर निकाल दिया गया था। देश प्रतिदिन समाचार पत्रों में मजदूरों के मरने की खबरें सुखियां बनती है मगर सरकारें मूकदर्शक बनी तमाशा देख रही हैं। देश में मजदूरों के साथ हादसे थमने का नाम नहीं ले रहें हैं।हर साल दिवस मनाए जाते है मगर धरातल की सच्चाइयां बहुत ही भयानक है मजदूरों का शोषण किया जाता है। मजदूरों के साथ होने वाले यह हादसे बहुत ही त्रासदी है।कहीं उद्योगों में जलकर मारे जा रहे हैं।हादसों की बजह से बच्चे अनाथ हो रहे है।मगर केन्द्र व राज्य की सरकारों को जरा सा सदमा होता तो मजदूरों के हितों में कदम उठाती लेकिन सरकारें तो तब जागती हैं जब बड़ा हादसा घटित हो जाता है। देश में हर वर्ष लाखों मजदूर दबकर मारे जा रहे हैं उद्योगों में जलकर मारे जा रहे हैं। मगर केन्द्र व राज्य की सरकारों को जरा सा सदमा होता तो मजदूरों के हितों में कदम उठाती लेकिन सरकारें तो तब जागती हैं जब बड़ा हादसा घटित हो जाता है।देश के कारखानों में मजदूर मर रहे हैं, इमारतों के नीचे दबकर मजदूर काल का ग्रास बन रहे है।हादसों को देखकर रौगंटे खड़े हो जाते हैं देश के राज्यों में चल रहे ईटों के भठठों में मजदूर मारे जा रहे हैं।मजदूरों के पसीने से ही ईंटें पकती हैं मगर भठठा मालिक मजदूरों का शोषण कर रहे हैं मजदूर खून-पसीना बहाकर काम करते है।मगर बदले में मेहनताना नाममात्र दिया जाता है।मालिक मजदूरों के सिर पर करोड़ों रुपया कमा रहे है।आकडों के मुताबिक बीते सालों में देश में हजारों मजदूर मारे जा चुके है।हादसों नं सवाल खड़े कर दिये हैं कि बार-बार हो रहे इन हादसों के कारण क्या है इस घटना ने यह प्रमाणित कर दिया है कि बीती घटनाओं से न तो सरकार ने सबक सिखा और न ही लोगों ने सीखा। हांलाकि इसयह कोई पहला हादसा नहीं है पिछले कई सालों से ऐसे दर्दनाक हादसे हो रहे हैं। बीते वर्ष में रायबरेली के उंचाहार में एटीपीसी संयत्र का बायलर फटने से 30 मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई थी तथा 100के लगभग घायल हो गए थे।500 मैगावाट इकाई के बायलर में यह हादसा हुआ था उस समय 200 कामगार मौजूद थे सरकारों ने मृतकों को मुआवजे की घोषणा करती है मगर मुआवजा इसका हल नहीं है।एक ऐसा ही हादसा जयपुर के पास खातोलाई गांव में घटित हुआ था जहां टा<sup>ं</sup>सफारमर फटने से 14 लोगों की मौत हो गई थी। इन हादसों ने औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों की सुरक्षा पर प्रशनचिन्ह लगा दिया है इन हादसों पर संज्ञान लेना होगा तथा मजदूरों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने होगें ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लग सके। गत वर्ष जम्मू के उधमपूर से 80 किलोमीटर दूर रामबन जिले के चंद्रकोट में जम्मू-कश्मीर हाईवे पर टनल कर्मचारियों की बैरक में आग लगने से दस श्रमिक जिंदा जल गए थे।गत वर्ष एक निर्माणाधिन प्रोजेक्ट की दीवार गिरने से चार मजदूर बेमौत मारे गए।यहां पर 11 मजदूर काम कर रहे थे कि अचानक दीवार गिर गई सात मजदूर तो भागकर बच गए मगर बेचारे चार मजदूर जिन्दा दफन हो गए थे ।इन मजदूरों पर 42 मीटर लंबी दीवार गिर गई यह बहुत ही दुखद हादसा था। मुम्बई के अलीबाग में एक पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से 9 मजदूर मारे गए और 19 घायल हो गए थे। और दूसरी घटना में 24 फरवरी 2014 को कुल्लु के मणीकर्ण में करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई थी जो के एक ठेकेदार के पास काम कर रहा था इस दर्दनाक हादसे में एक अन्य मजदूर घायल हो गया था। गोवा के कनाकोना शहर में फिर एक निर्माणाधीन इमारत गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई थी। जब यह इमारत ढही उस समय 40 लोग काम कर रहे थे इस घटना ने सवाल खड़े कर दिये हैं कि बार-बार हो रहे इन हादसों के कारण क्या है इस घटना ने यह प्रमाणित कर दिया है कि बीती घटनाओं से न तो सरकार ने सबक सिखा और न ही लोगों ने सीखा। हांलाकि इसयह कोई पहला हादसा नहीं है पिछले कई सालों से ऐसे दर्दनाक हादसे हो रहे हैं गत वर्ष महाराष्ट्र में एक इमारत के गिरने से 75 मजदूरों की असमय मौत गई थी और 60 मजदूर घायल हो गए थे आखिर कब तक मजदूर इमारतों में जमीदोज होते रहगें।कुछ दिन पहले निर्माणाधीन यह इमारत ताश मे पतों की तरह ढह गई यहां ज्यादातर मजदूर ही रह रहे थे ।यह बहुत ही दर्दनाक हादसा था जिसने एक साथ इतने लोगों को लील लिया । प्रशासन मुआवजे का मरहम लगाता है मगर जो बेमौत मारे गये क्या वे लौट आएगें यह एक यक्ष प्रशन बनता जा रहा है। सरकार ऐसी घटनाओ के बाद मुआवजों की घोषणा करने तथा जांच के आदेश देने में देरी नहीं करती लेकिन यदि पहले ही इन लोगों पर करवाई कर ली जाए तो ऐसे हादसे रुक सकते है मगर सरकारों की तन्द्रा तो हादसे के बाद ही टूटती है। आखिर कितने हादसों के बाद प्रशासन अपनी जिम्मेवारी निभायेगा इस प्रशन का जबाब सरकार को देना होगा। इमारतो का निर्माण करने वाले ठेकेदारों को सजा ए मौत देनी चाहिए जो इन हादसों के लिये प्रत्यक्ष रुप से जिम्मेवार है।जो चंद चादी के सिक्कों के की चाहत के लिए मजदूरों की जिन्दगियां ले रहे हैं ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ा संज्ञान लेना चाहिए जो मानव की जान लेने से भी नहीं हिचकचाते ऐसे जल्लादों को सरेआम फांसी देनी चाहिए। देश में प्रतिदिन ऐसे मर्मातंक हादसे होते है मगर प्रकाश में नहीं आते। केन्द्र सरकार को मजदूरों के हित में कदम उठाने होगें तभी ऐसे हादसे रुक सकते हैं।

# गैरों को तो छोड़ो, अब अपने भी अपने नहीं रहे ...

**चैतन्य भट्ट**

ऐसा माना जाता है की गैर कभी अपने नहीं होते और जो अपने होते हैं वही वक्त पर काम आते हैं, गैरों से वैसे भी कोई उम्मीद नहीं रखी जाती लेकिन अपनों से उम्मीद का दामन नहीं छूटता। लेकिन अपने एमपी की राजनीति में सब उलट पलट हो गया है विरोधियों को तो छोड़ो अब अपनी खुद की पार्टी के नेता पार्टी और सरकार के खिलाफ अभियान छेड़े पड़े हैं। पार्टी के बड़े नेता चाहे वो प्रदेश अध्यक्ष हो या मुख्यमंत्री इन अपनों द्वारा दी जा रही अलसेठ से भारी हलाकान हैं और कोई एक अपना हो जो परेशान कर रहा हो तो उसे सेट भी किया जा सकता है लेकिन यहां तो ऐसे अपनों की लंबी लिस्ट है जो जब चाहे ऐसे बयान दे देते हैं कि विरोधी भी शर्मा जाएं। अपने हिसाब से तो अब विरोधियों को इन पार्टी के अपनों से शिक्षा लेनी चाहिए कि कौन-कौन से मुद्दे उठाए जाएं ताकि सरकार और पार्टी को बगलें झांकना पड़ जाए, अब देखो ना एक विधायक जी हैं उन्होंने एक डॉक्टर के खिलाफ आंदोलन छेड़ दिया और जब कुछ नहीं हुआ तो सीधा-सीधा विधानसभा अध्यक्ष को अपना इस्तीफा ही भेज दिया कि जब सरकार और अधिकारी उनकी नहीं सुन रहे तो फिर उनका विधायक रहना फालतू ही है। एक और विधायक है नरियावली के पार्टी के ही हैं लेकिन शराब की अवैध बिक्री से परेशान होकर कई बार अफसरों से शिकायत कर चुके कि अवैध शराब की बिक्री रोकी जाए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, इसी तर्ज पर पार्टी के एक और विधायक जो हाल ही में बने जिला मऊगंज से विधायक हैं उन्होंने तो कमाल ही कर दिया सीधे-सीधे एक पुलिस अफसर के सामने दंडवत हो गए और बोलने लगे मुझे गुंडो से मरवा दो क्योंकि आप लोग कुछ सुनने वाले नहीं हो अवैध शराब का धंधा लगातार बढ़ता जा रहा है। इधर एक और वरिष्ठ विधायक जो मंत्री भी रह चुके हैं अक्सर अपनी सरकार को कटघरे में खड़ा करते रहते हैं उन्होंने फौरन से पेशतर उनके पक्ष में बयान दे दिया कि ये सरकार शराब सिंडिकेट के सामने नतमस्तक है, वैसे बात सही भी है कि सरकारें शराब से होने वाली आय से ही तो चलती है प्रदेश में जितने ज्यादा दारूखोर होंगे उतनी ज्यादा दारू रुकेगी और जितनी ज्यादा दारू बिकेगी उतनी रेवेन्यू सरकार के खजाने में आएगी,तो जो सरकार के खजाने में रेवेन्यू ला रहा है उसके सामन नतमस्तक होना तो कोई बड़ी बात नहीं है तमाम सरकारों को तो दारू पीने वालों का शुक्रगुजार होना चाहिए कि अगर वे ना होते तो दारू कैसे बिकती और जब दारु न बिकती तो सरकारें पाई पाई को मोहताज हो जाती, ये भी तो उन विधायकों को समझना चाहिए था। एक और विधायक है सबसे ज्यादा धनवान माने जाते हैं, उन्होंने भी कह दिया कि मुझे जान का खतरा है मेरे आधार कार्ड में गड़बड़ी कर दी गई है अब पार्टी भारी परेशान है इन सबको कैसे सेट किया जाए, सुना है कि पार्टी के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री जी ने इन तमाम ,एंग्री यंग मैन विधायकों को भोपाल बुलाया है किसी को डांटा है तो किसी को पुचकारा है कि भैया अपनी सरकार है यार, कुछ तो ख्याल रखा करो ये विरोधियों का काम है पर आप लोग भी उन्हीं की रास्ते पर चल पड़े हो। एम पी में जो कुछ भी हो रहा है उसको देखकर जगजीत सिंह की एक ग़ज़ल का मिसरा याद आता है जो सरकार गा रही है वो जो अपने हैं क्या वो अपने हैं, कौन दुख झेले आजमाने कौन इधर असंतुष्ट विधायक एक ही गाना गा रहे हैं गैरों पर करम अपनों पे सितम ए जाने वफ़ा ये जुल्म ना कर पूरे देश में तमाम राजनीतिक दल सत्ता पाने के लिए मुफ्तखोरी की ऐसी बाढ़ लाए हुए हैं जिसमें तमाम मतदाता बहे जा रहे हैं। इन राजनीतिक दलों को ये समझ में आ गया है कि मुफ्त में माल दो और उसके बदले में वोट हथिया लो और फिर जो भी मुफ्त दिया जा रहा है वो अपनी जेब से तो जा नहीं रहा सरकार का खजाना खाली होता है तो होता रहे अपने वोटो का खजाना तो भरता रहेगा। कोई भी प्रदेश कोई भी पार्टी इस मुफ्तखोरी की स्कीमों से अछूती नहीं बची लेकिन अब तो गजब हो गया ये मुफ्तखोरी की छुआछूत वाली बीमारी भारत की सीमा पार अमेरिका तक जा पहुंची। वहां होने वाले राष्ट्रपति के चुनाव में पुराने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा कर दी है कि अगर वो जीत गए तो बिजली के बिल आधे हो जाएंगे। यानी अब वहां भी मुफ्त खोरी का आलम शुरू हो चुका है हो सकता है कि ट्रंप के खिलाफ खड़ी हुई भारतीय मूल की कमला हैरिस भी ऐसी कोई घोषणा कर दें क्योंकि कहीं ना कहीं खून तो उनके अंदर भारतीयों का ही है और जब भारत में मुफ्तखोरी की बयार बह रही हो तो फिर वे कैसे उससे किनारा कर सकती हैं। सबसे पहले मुफ्तखोरी की स्कीम चलाने के लिए बदनाम हुए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तो अपनी छाती चौड़ी कर ली और कहा देखा मेरी स्कीम अमेरिका तक जा पहुंची। अपने को तो लगता है कि ये तमाम सरकारें जब तक एक-एक पैसे के लिए मोहताज नहीं हो जाएंगी तब तक वे सरकारी खजाने को ऐसे ही लुटाती रहेंगी और फिर जनता का क्या है आप दोगे तो हम लेते रहेंगे और फिर किसी को भी फ्री में कोई चीज मिलती है तो वो कोई बेवकूफ थोड़ी है जो इससे इनकार कर देगा। अब भारत की सीमा पार अमेरिका में मुफ्त की स्कीम शुरू होने वाली है कुछ दिन में और दूसरे देशों में भी जब चुनाव होंगे तो वहां भी यही सब होगा इसमें कोई संदेह अब बचा नहीं है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोर-जोर से चिल्ला चिल्ला कर कहा है कि दागी और भ्रष्टाचारी अफसरों और कर्मचारियों की छुट्टी करो, उनके खिलाफ कार्यवाही करो, उन्हें जबरन रिटायर भी कर दो।अगर मोदी जी की बात अपने प्रदेश के कर्ताधर्ताओं ने भी सुन ली तो आधे से ज्यादा अफसरों और कर्मचारियों की तो छुट्टी हो जाएगी यही कारण है कि जिन पर भी भ्रष्टाचार का आरोप लगता है उनके खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति देने की जिम्मेदारी जिस सरकार पर है वो अपने आंख, मुंह, नाक सब बंद करके बैठ जाती है और जब तक अभियोजन की स्वीकृति नहीं मिलती तब तक भ्रष्ट अफसर हो या कर्मचारी उस पर कोई कार्यवाही नहीं हो सकती ,लोकायुक्त हो या ईओडब्ल्यू आप पकड़ते रहो किसी को भी, लेकिन जब तक सरकार अभियोजन की स्वीकृति नहीं देगी तब तक उनका कुछ नहीं बिगड़ेगा, अब देखो ना एक महिला पटवारी आज से चार-पांच साल पहले घूसखोरी में पकड़ी गई थी लेकिन उसका कुछ नहीं बिगड़ा और एक बार फिर वो रिश्वतखोरी में पकड़ी गई।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सरैयाहाट थाना क्षेत्र की 14 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास मामले में चार को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

दुमकाःसरैयाहाट थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार की देर रात एक 14 साल की किशोरी के साथ 4 लड़को ने एक बंद घर में सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास किया था।स्थानीय लोगों को मामले की भनक लगने पर किशोरी को चारों युवकों से मुक्त कराया।जिसके बाद इसकी सूचना सरैयाहाट थाना पुलिस को दी गई। मामला दो समुदाय के बीच का होने के कारण गांव में तनाव जैसी स्थिति बनी हुई थी। स्थिति को देखते हुए कई थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शान्ति बहाल कर स्थिति को सामान्य किया।मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने गांव पहुंचकर मामला को गंभीरता से लिया।मामले को लेकर सरैयाहाट थाना प्रभारी ताराचंद ने मंगलवार की देर शाम बताया कि मामले में चारों युवकों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा दिया गया।

### 36 घंटे बाद भी नहीं हो पाया मृतका चुड़की हेम्ब्रम के शव का दाह संस्कार,दाह संस्कार के लिए बेटी लगा रही है प्रशासन से गुहार

दुमकाःरामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत लावरती गांव में सोमवार की सुबह से 80 वर्षीय चुडकी हेम्ब्रम का शव उसके घर में पड़ा हुआ है। अपनी मां के दाह संस्कार के लिए बेटी शनि मरांडी प्रशासन से गुहार लगा रही है। करीब 36 घंटे के बाद भी देवान टुडू की पत्नी चुड़की हेंब्रम का शव घर पर ही पड़ा हुआ है। मालूम हो कि सोमवार को जमीन विवाद को लेकर लावरती गांव में मोडे मांझी की बैठक बुलाई गई थी। चुडकी हेम्ब्रम की मौत के कारण बैठक बेनतीजा स्थगित कर दी गई थी। चुंकि चुड़की हेम्ब्रम को कोई पुत्र नहीं है उसकी बेटी तथा जमाई ही चुड़की हेम्ब्रम की हिस्से की जमीन पर जोत आबाद करते थे।जो चुडकी के गोतिया को मंजूर नहीं था। अब गौतिया तथा गांव के लोग बेटी शनि मरांडी को उसकी मां का दाह-संस्कार करने से भी रोक रहे हैं। इस कारण 36 घंटे बाद भी शव गांव में रखा हुआ है। शनी मरांडी एवं उसका बड़ा पुत्र रविवार शाम से ही डर के कारण रामगढ़ थाना में शरण लिए हुए है।

### शिकारीपाड़ा के बंगाल सीमा पर स्थित पत्थर खदानों में किया जा रहा है अवैध विस्फोटकों का इस्तेमाल

दुमकाःदुर्गा पूजा को लेकर बंद पत्थर खदानों के चालू होते ही शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र स्थित पत्थर खदानों में पश्चिम बंगाल से अवैध विस्फोटको का मलूटी एवं आमचूआ गांव के रास्ते आना शुरू हो गया है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विस्फोटको का जखीरा मोटरसाइकिल एवं छोटे वाहनों द्वारा झारखंड क्षेत्र में लाया जाता हैं। ज्ञात हो कि झारखंड पश्चिम बंगाल से सटा हुआ है, जिसके कारण विस्फोट लाने में काफी सुविधा होती है। सूत्रों ने बताया कि अवैध रूप से लाएं जा रहे विस्फोटको का उपयोग यहां चल रही पत्थर की खदानों में किया जाता है, जिसके कारण सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ रही है। जानकारी के अनुसार शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत किसी भी पत्थर खदान को विस्फोटक का प्रयोग करने की अनुज्ञप्ति प्राप्त नहीं है।खदानों की अनुज्ञप्ति एवं सीटीओ मोबाइल ब्लास्ट द्वारा एकरारनामा के पश्चात प्रशासन द्वारा दी जाती है। पत्थर खदानों से पत्थर का प्रोडक्शन एवं वैद्य रूप से किए गए ब्लास्टिंग से अवैध का सहज आकलन लगाया जा सकता है। ज्ञात हो कि नियमानुसार मोबाइल ब्लास्ट हेतु प्रतिदिन स्थानीय थाना में प्रत्येक खदान में उनके द्वारा कितने जिलेटिन एवं डेटोनेटर का प्रयोग किया गया और अवशेष कितने बच्चे तथा उनका भंडारण कहां किया गया इसका लिखित ब्योरा समर्पित किया जाता है। स्थानीय लोगों ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 को देखते हुए सुरक्षा मानकों का पालन करना अतिआवश्यक है।

### रामगढ़ थाना क्षेत्र के केन्दुआ गांव में बिजली का करंट लगने से मां-बेटी की दर्दनाक मौत

दुमकाःरामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत डांडो पंचायत के केन्दुआ गांव में बिजली का करंट लगने से 80 वर्षीय पंचा देवी एवं 56 वर्षीय दुलिया कुमारी की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों मृतक आपस में मां-बेटी है। घटना सोमवार के देर रात की है। मृतका के बड़े पुत्र सह भाजपा नेता नलीन मंडल के अनुसार सोमवार की देर रात खाना खाने के बाद उनकी मां पंचा देवी बिजली के बोर्ड में लगे चार्जिंग टार्च को निकाल रही थी।टार्च को निकालने के दौरान उन्हें करंट लग गया। मां को छटपटाते देख बहन दुलिया कुमारी उन्हें छुड़ाने लगी तो उसे भी करंट लग गया। करंट के चपेट में आने से दोनों जमीन पर गिर पड़ी और दोनों की मौत हो गई। थोड़ी देर बाद परिजनों को मामले की जानकारी होने पर आनन-फानन में रात में ही स्थानीय डाक्टर के पास ले जाया गया। जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। नलीन मंडल ने बताया कि उनकी बहन दिव्यांग थी। शादी- ब्याह नहीं होने के कारण वह मां के पास ही रहती थी। एक साथ मां- बेटी की मौत से पूरा परिवार सदमे में है। नलीन मंडल के अनुसार दोनों का दाह-संस्कार स्थानीय श्मशान घाट में कर दिया गया है।

### तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर किया नमन

दुमकाः सरदार पटेल चौक, दुमका में सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रतिमा स्थल पर दुमका में पटेल सेवा संघ,सिविल सोसायटी व शहिद सरदार भागवत राउत विचार मंच,दुमका के संयुक्त तत्वाधान में महान वैज्ञानिक भूतपूर्व राष्ट्रपति देश को जय जवान-जय किसान से जय विज्ञान के पथ प्रदर्शक श्रद्धैय अवुल पकिर जैनुलाब्दीन अब्दुल कलाम के अवतरण दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पण का कार्यक्रम उनके तैल्यचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उक्त पावन अवसर पर सिविल सोसायटी,दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा,उपाध्यक्ष प्रेम केसरी,सचिव क्रमशः पटेल सेवा संघ, सिविल सोसायटी व भागवत राउत विचार मंच, दुमका संदीप कुमार जय बमबम, उपाध्यक्ष पटेल सेवा संघ व अध्यक्ष जय माता दी सेवा समिति राजेश कुमार राउत,विकास चंद्र दास, मुकेश कुमार सिंह,मनोज मंडल, जितेंद्र साह,चन्दन सिंह,ऋषभ वर्मा रोहित कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

### राज्यपाल संतोष गंगवार ने किया प्रतीक्षित एसजेएएस हॉस्पिटल का उद्घाटन



धनबाद, राज्यपाल संतोष गंगवार ने मंगलवार को बहुप्रतीक्षित एसजेएएस मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। एसजेएएस हॉस्पिटल को पूर्वी भारत का सबसे आधुनिक अस्पताल बताया जा रहा है।इस अवसर पर पूर्व सांसद पी.एन. सिंह, विधायक राज सिन्हा, रागिनी सिंह और अस्पताल के ऑनर अमरेंद्र सिंह समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे । मीडिया से बात करते हुए अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि इस अत्याधुनिक स्वास्थ्य संस्थान में 19 विभिन्न बीमारियों का इलाज उपलब्ध होगा । जिससे झारखंड के लोगों को इलाज के लिए अन्य राज्यों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि यहां मरीजों को उचित दाम पर बेहतरीन चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराई जाएंगी, जो क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती प्रदान करेंगी।

# आदर्श चुनाव आचार संहिता का सख्ती से पालन किया जाएगा, उलंघन करने वालों के खिलाफ होगी त्वरित कार्रवाई : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

### विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन




दुमकाःविधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे द्वारा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि 15 अक्टूबर को निर्वाचन की घोषणा के उपरांत पूरे जिले में आचार संहिता लागू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पूरे दुमका जिला अंतर्गत सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में दूसरे चरण के तहत दिनांक 20.11.24 को मतदान किया जाना है। प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि 22.10.2024 को नाम निर्देशन प्रारंभ करने की तिथि है, 29 10.2024 को नाम निर्देशन की अंतिम तिथि है, 30.10.2024 को नाम निर्देशन पत्रों की जांच की तिथि है, 01.11.24 को नाम वापसी की तिथि है, 20.11.24 को मतदान की तिथि है और 23.11.2024 को मतगणना की तिथि है।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि दुमका जिला अन्तर्गत 04 विधान सभा क्षेत्र में कुल 9,84,646 मतदाताओं की संख्या है। जिसमें 07-शिकारीपाड़ा के 2,29,971 मतदाता, 10-दुमका के 2,59,079 मतदाता, 11-जामा के 2,24,553 मतदाता, 12-जरमुंडी के 2,71,043 मतदाता शामिल हैं। जिसमें पुरुष मतदाता 4,85,951 एवं महिला वोटरों की संख्या 4,98,688 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 07 है। जिले में कुल 1157 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। साथ हीं दिव्यांग व वृद्ध मतदाताओं को पूर्व की तरह विभिन्न सुविधाओं मुहैया करायी जायेगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना जारी होने के पश्चात् आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। उक्त परिप्रेक्ष्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता का सख्ती से पालन किया जाएगा। आचार संहिता का उलंघन करनेवालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई होगी। साथ ही संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया कि अगले 24 घंटे में सरकारी और 48 घंटे में सार्वजनिक प्रकार बैनर/पोस्टर और होर्डिंग को हटा दिए जाए।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि चुनाव आदर्श आचार संहिता सख्ती से लागू हो इनमें मीडिया प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने कहा कि शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दण्डाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। उन्होंने विधानसभा आम चुनाव, 2024 को लेकर मतदाताओं से भयमुक्त होकर शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। उन्होने जानकारी देते हुए कहा कि विधानसभा आम चुनाव सम्पन्न कराने के दृष्टिकोण से पूर्व में हीं सभी कोषांगो का गठन कर दिया गया है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस बार शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए कई स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। साथ ही वोटर हेल्पलाइन ऐप, सी विजिल ऐप आदि की जानकारी भी आमजनों को दी जाएगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा कर दी है। इसी अधिसूचना के साथ पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। सभी संबंधित अधिकारियों/पुलिस अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का उचित अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर असमाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखने के अलावे सीमावर्ती ईलाकों में विशेष गश्ती व विशेष अभियान चलाया जायेगा, ताकि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जायेगी। भ्रामक और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कारवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि फ्लाइंग स्क्वॉड और स्टैटिक निगरानी दल का गठन किया गया है। ताकि शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में लोकसभा चुनाव संपन्न कराया जा सकें।

## विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा हेतु प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक



दुमकाःआगामी झारखण्ड विधानसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जिले में बनाए गए सभी मतदान केंद्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा हेतु प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डाडेल की अध्यक्षता में प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय,दुमका के सभागार में बैठक आहूत की गयी. समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कतिपय मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं यथा- पेयजल, विद्युत, शौचालय, रैंप, पहुंच पथ आदि की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। आयुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित पदधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था एक सप्ताह के अंदर निश्चित रूप से सुनिश्चित की जाय तथा इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी के माध्यम से प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।आयुक्त ने निर्देश दिया कि ऐसे मतदान केंद्र जहां दिव्यांग मतदाता मतदान करेंगे, उन पर व्हीलचेयर एवं नियमानुसार वॉलिंटियर्स की व्यवस्था की जाय। वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्हें बीएलओ के माध्यम से मतदान की तिथि और मतदान केंद्रों के बारे में ससमय अवगत कराया जाय। जिले में महिला संचालित मतदान केन्द्रों का चयन कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिले में जिन मतदान केंद्रों को आदर्श मतदान केंद्र बनाया जाएगा, उन्हें रंगोली एवं स्थानीय सामग्री से सुसज्जित करें। महिलाओं द्वारा संचालित मतदान केंद्रों में महिलाओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निमित्त आहूत इस बैठक में आयुक्त के सचिव-सह-उप निदेशक, कल्याण अमित कुमार, उप परिवहन आयुक्त-सह-सचिव, संथाल परगना क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार शेलेन्द्र रजक, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, संथाल परगना प्रमंडल, उप निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, जिला कल्याण पदाधिकारी, पाकुड़, साहेबगंज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी दुमका, सहेबगंज, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुमका, गोड्डा, पाकुड़, जामताड़ा, जिला शिक्षा अधीक्षक दुमका, गोड्डा, साहेबगंज, आयुक्त कार्यालय के प्रशाखा पदाधिकारी मोहम्मद अमजद हुसैन, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी सौरभ कुमार तिवारी, सहायक तकनीकी पदाधिकारी विधान चक्रवर्ती, आशुलिपिक भादू देहरी आदि उपस्थित थे ।

## एसडीएम ने तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक पूरे धनबाद अनुमंडल में की निषेधाज्ञा जारी

धनबाद, अनुमंडल दंडाधिकारी, राजेश कुमार ने विधानसभा चुनाव 2024 की घोषणा के पश्चात पूरे धनबाद अनुमंडल में तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा जारी की है।इस संबंध में उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा झारखण्ड विधानसभा आम चुनाव-2024 के लिए तिथियों की घोषणा करते हुए आदर्श आचार संहिता को प्रभावकारी करने की उद्घोषणा कर दी गयी है।उक्त घोषणा के फलस्वरूप विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच आपसी प्रतिद्वन्दता एवं विद्वेष की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इन लोगों के द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर भीड़ एकत्रित कर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने के साथ अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन कर विरोधियों के बीच भय उत्पन्न करने का भी प्रयास किया जा सकता है।इसके अतिरिक्त आपराधिक एवं अवांछनीय तत्वों द्वारा भी इन अवसरों का लाभ उठाकर अपनी गतिविधियों से गंभीर विधि-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न की जा सकती है। जिसका कुप्रभाव आम जन जीवन पर पड़ने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।इसलिए तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक पूरे धनबाद अनुमंडल में भा.ना.सु.सं. 2023 की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा जारी की है।निषेधाज्ञा के दौरान पाँच व्यक्तियों या उससे अधिक के समूह में चलना, किसी प्रकार के हरवे हथियार जैसे लाठी, डंडा, भाला, गड़ासा, तलवार, तीर-धनुष आदि लेकर निकलना या चलना प्रतिबंधित रहेगा।साथ ही बिना अनुमति के किसी प्रकार का बैठक करना, धरना, प्रदर्शन, सभा आयोजित करना, लाउड स्पीकर का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।इसके अलावा किसी प्रकार का आग्नेयास्त्र, अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक पदार्थ लेकर चलना या निकलना प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित आदर्श आचार संहिता के सारे नियम विधि-व्यवस्था एवं निर्भय तथा साफ-सुथरा चुनावी प्रक्रिया के लिए दिये जाते हैं। इसके बाद आचार संहिता में जो भी नियम पारित होने वाले है या होंगे वे भी नियम इसमें सम्मिलित होंगे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन



गिरिडीह,:- विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा व पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार के द्वारा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज दिनांक 15 अक्टूबर को निर्वाचन की घोषणा के उपरांत पूरे जिले में आचार संहिता लागू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पूरे गिरिडीह जिला अंतर्गत सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में दूसरे चरण के तहत 20.11.24 को मतदान किया जाना है। प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि 22.10.2024 को गैजेटी नोटिफिकेशन की तारीख तय की गयी, नामांकण की अंतिम तिथि है, 29.10.2024 निर्धारित की गयी है, स्क्रूटनी ऑफ नोमिनेशन की तिथि 30.10.2024, नाम वापसी की अंतिम तिथि 01.11.2024 तय की गयी है, मतदान की तिथि-20.11.2024 निर्धारित की गयी है। इसके अलावा मतगणना की तिथि 23.11.2024 निर्धारित की गयी है एवं चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति की तिथि 25.11.2024 निर्धारित की गयी है। इसके अलावे उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि गिरिडीह जिला अन्तर्गत 06 विधान सभा क्षेत्र में कुल 20,54,303 मतदाताओं की संख्या है। जिसमें 28 धनवार के 3,70,226 मतदाता, 29 बगोदर के 3,86,603 मतदाता, 30 जमुआ के 3,58,488 मतदाता, 31 गांडेय के 3,19,358 मतदाता, 32 गिरिडीह के 3,04,170 मतदाता तथा 33 डुमरी के 3,15,458 मतदाता शामिल हैं। जिसमें पुरुष मतदाता 10,52,340 एवं महिला वोटरों की संख्या 10,01,953 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 10 तथा सर्विस वोटर की संख्या 1845 है। जिले में कुल 2393 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। साथ हीं दिव्यांग व बुजूर्ग मतदाताओं को पूर्व की तरह विभिन्न सुविधाओं मुहैया करायी जायेगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना जारी होने के पश्चात् आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। उक्त परिप्रेक्ष्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता का सख्ती से पालन किया जाएगा। आचार संहिता का उलंघन करनेवालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई होगी। साथ ही संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया कि अगले 24 घंटे में सरकारी और 48 घंटे में सार्वजनिक प्रकार बैनर/पोस्टर और होर्डिंग को हटा दिए जाए। आगे जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि चुनाव आदर्श आचार संहिता सख्ती से लागू हो इनमें मीडिया प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने कहा कि शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दण्डाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। इसके अलावे उपायुक्त ने विधानसभा आम चुनाव, 2024 को लेकर मतदाताओं से भयमुक्त होकर शतप्रतिशत मतदान करने की अपील की। साथ ही उपायुक्त ने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में चुनाव कराने की तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। उन्होने जानकारी देते हुए कहा कि विधानसभा आम चुनाव सम्पन्न कराने के दृष्टिकोण से पूर्व में हीं सभी कोषांगों का गठन कर दिया गया है। प्रत्येक कोषांग के लिए प्रभारी पदाधिकारी के साथ-साथ वरीय पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की गयी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत विभिन्न प्रखंडों कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

### लोहपिट्टी पंचायत वासियों को धनबाद सांसद दुल्लू महतो के पहल पर मिली बड़ा तालाब की सौगात



धनबाद, ग्रामीण विकास सह बंजर भूमि, राईस फेलो विकास योजना अंतर्गत लोहपिट्टी पंचायतवासियों को बुढी बांध का जिन्नो द्वार गहारीकरण योजना 2023, 2024 द्वारा बाघमारा के भावी विधायक ,शत्रुघ्न महतो के हाथों शुभ उद्घाटन नारियल फोड़कर, विधिवत पूजन कर संपन्न हुआ।ज्ञात हो की इस नेक कार्य से सभी पंचायत के लोगों में अत्यंत हर्ष का माहौल व्याप्त हैं।अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा की ग्रामीणों को विकास से ही देश का विकास संभव हो पाता हैं।साथ ही उन्होंने कहा की बड़ा तालाब का गहरीकरण के साथ सौंदर्यकरण से ग्रामीणों को जल की समस्या का निराकरण के साथ घरेलू कार्यों को पूर्ण करने में मददगार साबित होगा ।मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने ढोल नगाड़े के साथ फूलों की बरसा कर भावी विधायक का हार्दिक अभिनंदन किया ।

### धनवार स्टेशन पर गोड्डा, दिल्ली, गोड्डा एक्सप्रेस का ठहराव का किया गया शुभारम्भ

धनबाद, यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर उनके सुगम आवागमन हेतु गाड़ी संख्या 14049, 14050 गोड्डा- दिल्ली- गोड्डा एक्सप्रेस का धनवार स्टेशन पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है ।इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री, भारत सरकार श्रीमती अन्नपूर्णा देवी के प्रतिनिधि, पवन साव एवं अन्य गणमान्य द्वारा आज 14050 दिल्ली- गोड्डा एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर धनवार स्टेशन पर ठहराव का शुभारम्भ किया गया । इस अवसर पर मंडल के अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे | उक्त जानकारी हिंदी दैनिक अखबार कोयलांचल संवाद के ब्यूरो चीफ, आर एन चौरसिया को अमरेश कुमार, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी नें दीं ।

## महिला किसान दिवस पर आत्मा सभागार दुमका में कृषक वैज्ञानिक अंतरमिलन कार्यक्रम, कृषक गोष्ठी व बेविनार का आयोजन



दुमकाःआत्मा सभागार दुमका में आत्मा दुमका की ओर से महिला किसान दिवस पर कृषक वैज्ञानिक अंतरमिलन कार्यक्रम,कृषक गोष्ठी व बेविनार का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र दुमका के सह निदेशक डॉ राकेश कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अवधेश कुमार सिंह, जिला उद्यान पदाधिकारी गौतम कुमार, परियोजना निदेशक आत्मा संजय कुमार मंडल, कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी शुभांकर गुप्ता,सहायक मिट्टी रशायनज्ञ मृत्यूंजय कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक दुमका दीपक चंद्र साह, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक शिकारीपाड़ा सुशीला टुडू, सहायक तकनीकी प्रबंधक दुमका भारती कुमारी,स्वीच आंन फाउंडेशन प्रतिनिधि डीजीएम उदीप नंदी एवं त्रिपुरारी प्रसाद वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिले के विभिन्न प्रखंडों की तकरीबन 100 महिला कृषकों ने हिस्सा लिया।अवसर पर क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र दुमका के सह निदेशक डॉ राकेश कुमार ने महिला कृषकों को कम लागत में सब्जी का अधिक उत्पादन पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बागवानी के बीच अंतर्वर्ती फसलों को लगाने की सलाह दी, कहा कि इससे कृषकों को अधिक आमदनी होगी।जिला पशुपालन पदाधिकारी ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी।उन्होंने महिला कृषकों को सलाह दी कि अपने पशुओं का टीकाकरण अवश्य कराएं।नियमित टीकाकरण से पशुओं को रोग व्याधि से छुटकारा मिलता है। जिला उद्यान पदाधिकारी गौतम कुमार ने उधान विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी देते हुए सब्जी उत्पादन योजना, फूलो की खेती, मशरूम खेती आदि की जानकारी दी।कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी शुभांकर गुप्ता ने कृषकों को पौधों में लगने वाले कीट व्याधि और उसके उपचार से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने मौके पर महिला कृषकों द्वारा पूछे गए सवालों का जबाब भी दिया। सहायक मिट्टी रशायनज्ञ मृत्यूंजय कुमार ने कृषकों को सलाह दी कि कृषक अपने अपने खेतों का मृदा जांच अवश्य कराएं।बताया कि मृदा जांच से उनके खेतों में किस किस पोषक तत्वों की कमी या अधिकता है उसका पता चलेगा और तदनुसार खाद एवं उर्वरक का प्रयोग करें।परियोजना निदेशक संजय कुमार मंडल द्वारा महिला कृषकों को आत्मा द्वारा संचालित केन्द्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने सभी महिला कृषकों को केन्द्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अन्तर्गत अनुदानित दरों पर उपलब्ध कृषि यंत्रों का प्रयोग करने की सलाह दी।उन्होंने बताया कि खेती में कृषि यंत्रों के प्रयोग से उत्पादन में वृद्धि एवं उत्पादन लागत में कमी आती है। मंडल ने महिला कृषकों को बताया कि इस योजना के तहत कृषकों के लिए अनुदानित दर पर पम्पसेट,सीड ड्रिल, रोटावेटर,पाइप,नेपसेक स्प्रेयर,पावर स्प्रेयर,दाल मिल, मिनी राइस मिल आदि उपलब्ध है।

## आरबीआई ने 4 बैंकों और एक फिनसर्व कंपनी पर लगाया जुर्माना

नई दिल्ली (ईएमएस)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने एसजी फिनसर्व लिमिटेड पर रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट से संबंधित कुछ खास शर्तों का पालन नहीं करने पर 28.30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। एसजी फिनसर्व को पहले मूंगिपा सिक्योरिटीज के नाम से जाना जाता था। आरबीआई समय-समय पर वित्तीय संस्थाओं के नॉन-कंप्लाइंस के मुद्दों पर नजर रखता है और पेनल्टी जैसे एक्शन भी लेता रहता है जिससे कंपनियों और बैंकों के ऊपर नजर बनी रहे। आरबीआई ने कहा कि उसने वित्त वर्ष 2022-23 के कंपनी की फाइनेंशियल डिटेल्स में अन्य बातों के साथ-साथ सर्टिफिकेट ऑफ रजिस्ट्रेशन (सीओआर) से जुड़ी खास शर्तों का पालन न करने का खुलासा हुआ। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने जारी किए गए सीओआर में खास शर्तों का पालन नहीं करने के बाद भी लोगों से पैसे डिपॉजिट के तौर पर लिए और लोन दिए हैं। रिजर्व बैंक ने अरुणाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक पर भी 14 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। बैंक के ऊपर फाइनेंशियल क्राइटेरिया को मजबूत करने और अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) पर कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए यह जुर्माना लगाया गया है। छोटे या ग्रामीण इलाकों के बैंक में इस तरह की गलती हो जाती है लेकिन आरबीआई बैंकों का रेगुलेटर है और वो समय-समय पर एक्शन लेता रहता है। इसके अलावा कुछ मानदंडों के उल्लंघन के लिए तीन अन्य सहकारी बैंकों पर जुर्माना लगाया गया है। ये बैंक हैं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक लिमिटेड-भिंड, मध्य प्रदेश, द अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड धरनगांव, महाराष्ट्र और श्री कालाहस्ती को-ऑपरेटिव टाउन बैंक लिमिटेड-आंध्र प्रदेश।

## इंडिया-कनाडा तनाव से 67 हजार करोड़ का कारोबार खतरे में

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत और कनाडा के बीच बढ़ते तनाव बढ़ता जा रहा है, जिसमें भारत ने कनाडा से अपने उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों को वापस बुलाने का निर्णय लिया है। यह कदम कनाडा द्वारा सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच में भारतीय राजनयिकों को शामिल करने के आरोपों को खारिज करते हुए उठाया गया है। भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार, जो लगभग 67,000 करोड़ रुपए का है, अब खतरे में पड़ सकता है। इसके अलावा कनाडाई पेंशन फंड्स ने भारत में 6 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया हुआ है और 600 से अधिक कनाडाई कंपनियां भारत में सक्रिय हैं। 2023 में दोनों देशों के बीच कुल व्यापार 7.96 बिलियन डॉलर का रहा, जिसमें भारत ने 4.08 बिलियन डॉलर का निर्यात और 3.88 बिलियन डॉलर का आयात किया। भारत कनाडा को मुख्य रूप से रत्न, आभूषण, फार्मास्यूटिकल्स, कपड़े और स्टील के सामान का निर्यात करता है, जबकि कनाडा से अखबारी कागज, लकड़ी, तांबा और मिनरल्स का आयात करता है। दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव से व्यापार और निवेश के मौजूदा संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है।

## गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग का शेयर 10 फीसदी तेजी के साथ सूचीबद्ध

नई दिल्ली (ईएमएस)। गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 95 रुपये से 10 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 8.63 प्रतिशत उछाल के साथ 103.20 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 15.55 प्रतिशत बढ़कर 109.78 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर 10.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ 105 रुपये पर खुला। गरुड़ कंस्ट्रक्शन के 264 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को पिछले गुरुवार को 7.55 गुना अभिदान मिला था। आईपीओ के लिए 92-95 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया था। कंपनी इस नए निर्गम से हासिल 100 करोड़ रुपये तक की राशि का इस्तेमाल कार्यशील पूंजीगत आवश्यकताओं के लिए करेगी। शेष राशि का इस्तेताल विलय व अधिग्रहण सहित सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। मुंबई स्थित गरुड़ कंस्ट्रक्शन वर्तमान में छह आवासीय परियोजनाओं, दो वाणिज्यिक परियोजनाओं, एक औद्योगिक परियोजना और एक बुनियादी ढांचे के निर्माण में लगी हुई है। उसकी ऑर्डर बुक 1,408.27 करोड़ रुपये की है।

## आरबीआई गवर्नर दास ने एआई के बढ़ते उपयोग से पैदा होने वाली चुनोतियों से आगाह किया

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) के बढ़ते उपयोग के कारण उत्पन्न होने वाली चुनौतियों के प्रति आगाह करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रौद्योगिकी ने भले ही वित्तीय संस्थानों के लिए कारोबार को बढ़ाने और बेहतर मुनाफे के लिए अवसर तो दिए हैं, मगर इन पर अत्यधिक निर्भरता वित्तीय स्थिरता के लिए खतरा पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे में बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों को जोखिम कम करने के लिए पर्याप्त उपाय करने चाहिए। आरबीआई द्वारा दिल्ली में हाल ही में आयोजित एक उच्चस्तरीय सम्मेलन में दास ने कहा कि एआई पर अत्यधिक निर्भरता से एक ही चीज पर केंद्रित होने का खतरा पैदा हो सकता है, खास तौर पर ऐसे समय में जब बाजार पर कुछ ही तकनीकी प्रदाताओं का दबदबा है। इससे प्रणालीगत जोखिम बढ़ सकता है, क्योंकि किसी भी विफलता अथवा व्यवधान का असर पूरे वित्तीय क्षेत्र में फैल सकता है। दास ने कहा कि बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों को इस प्रकार के जोखिम से निपटने के लिए पर्याप्त उपाय करने चाहिए। एआई के बढ़ते उपयोग से साइबर हमले और डेटा चोरी की आशंका जैसी नई चिंताएं पैदा हुई हैं। साथ ही एआई की अपारदर्शिता के कारण निर्णय लेने वाले एल्गोरिदम का ऑडिट या व्याख्या करना मुश्किल हो जाता है।

इससे बाजार में अप्रत्याशित परिणाम दिख सकते हैं। उन्होंने कहा कि बैंकों को एआई एवं उभरती प्रौद्योगिकी का फायदा अवश्य उठाना चाहिए, लेकिन प्रौद्योगिकी को अपने ऊपर हावी कतई नहीं होने देना चाहिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत उन चुनिंदा अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है जहां चौबीसों घंटे काम करने वाली तत्काल सकल निपटान प्रणाली (आरटीजीएस) मौजूद है। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय समझौतों के जरिये डॉलर, यूरो, पाउंड जैसी प्रमुख व्यापारिक मुद्राओं में लेनदेन के निपटान के लिए आरटीजीएस में विस्तार की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। आरटीजीएस आरबीआई द्वारा विकसित एक एकीकृत भुगतान एवं निरंतर (रियल टाइम) निपटान प्रणाली है। दास ने कहा कि भारत एवं कुछ अन्य अर्थव्यवस्थाओं ने द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय तरीकों से सीमा पार त्वरित भुगतान प्रणालियों के विस्तार के लिए प्रयास पहले ही शुरू कर दिए हैं।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद




मुम्बई (ईएमएस)। घरलू शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबार दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बिकवाली हावी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 152.93 अंक टूटकर 81,820.12 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 70.60 अंक की गिरावट के साथ ही 25,057.35 अंक पर बंद हुआ। गत दिवस बाजार तेजी से बंद हुआ था । आज बीएसई सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से 21 के शेयर गिरे। सबसे अधिक गिरावट बजाज फाइनेंस के शेयरों में रही। इसका शेयर 2.73 फीसदी नीचे आकर 7013.10 रुपये पर बंद हुआ । इसके अलावा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक, मारुति सुजुकी इंडिया, नेस्ले इंडिया, एक्सिस बैंक, सनफार्मा, टीसीएस, बजाज फिनसर्व, पावरग्रिड, लार्सन एंड टुबो, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी नीचे आये। दूसरी ओर आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, अदाणी पोर्ट्स, नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन, आईटीसी और टाइटन के शेयर ऊपर आये हैं। आज सुबह एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार हुआ । जापान का निक्केई225 और दक्षिण कोरिया के कॉस्पी बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं, हांगकांग के हैंगसेंग और चीन के शंघाई कंपोजिट में गिरावट रही। दूसरी ओर यूरोपीय बाजार भी नीचे आये जबकि अमेरिकी बाजारों में बढ़त रही है। वहीं इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स और निफ्टी मंगलवार को उच्च स्तर पर खुले। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 294 अंक बढ़कर 82,267 पर खुला, जबकि निफ्टी-50 ने 75 अंक ऊपर 25,203 पर कारोबार शुरू किया।

# कोरोना के बाद मकानों की कीमतों में आया भारी उछाल



नई दिल्ली (ईएमएस)। कोरोना काल के बाद से रियल एस्टेट मार्केट में भारी उछाल दिख रहा है। बीते पांच साल में ही देश के टॉप 10 शहरों में प्रॉपर्टी की कीमतें काफी बढ़ गई है। इन शहरों में मकान की कीमतों में 88 फीसदी तक का उछाल आया है। इसकी जानकारी रियल एस्टेट डेटा एनालिटिक्स फर्म प्रॉपइक्विटी की एक रिपोर्ट से मिलती है। इस रिपोर्ट के अनुसार इस दौरान गुरुग्राम में सबसे अधिक, 160 फीसदी का उछाल दर्ज किया गया है। साल 2019 में वहां मकान की औसत कीमतें 7,500 रुपये प्रति वर्ग फुट थी। यह साल 2024 में बढ़कर 19,500 रुपये प्रति वर्ग फुट पर पहुंच गई हैं।

मतलब कि पांच साल पहले गुड़गांव में 75 लाख रुपये में 1,000 वर्ग फुट का मकान मिल जाता था। अब यह करी दो करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। बीते पांच साल की अवधि के दौरान मकान की कीमतें सबसे कम मुंबई में बढ़ी है। साल 2019 में मुंबई में रेसिडेंशियल रियल एस्टेट की प्रति वर्ग फुट कीमत 25,820 रुपये थी। यह साल 2024 में बढ़ कर 25,820 प्रति वर्ग फुट हो गई। मतलब कि महज 37 फीसदी की बढ़ोतरी। रिपोर्ट के अनुसार गुरुग्राम के बाद कीमतों में सबसे अधिक बढ़ोतरी नोएडा में (146 फीसदी), बेंगलुरु (98 फीसदी), हैदराबाद (81 फीसदी), चेन्नई (80 फीसदी), पुणे (73 फीसदी), नवी मुंबई(69 फीसदी), कोलकाता (68 फीसदी) और ठाणे में (66 फीसदी)। प्रति वर्ग फीट कीमतों की बात करें तो मुंबई इस दृष्टि से सबसे महंगा शहर है। वहां मकानों की औसत कीमत 35,500 रुपये प्रति वर्ग फुट है। इसके बाद गुरुग्राम में 19,500 रुपये प्रति वर्ग फुट। इन शहरों में सबसे कम प्रॉपर्टी रेट नोएडा में दिखा जहां आवासी परिसंपत्ति की औसत कीमत 16,000 रुपये प्रति वर्ग फुट है। इस अवधि के दौरान देश के टॉप 10 शहरों- बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबद, कोलकाता, मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पुणे, नोएडा और गुरुग्राम में करीब 15,000 परियोजनाएं लॉन्च की गईं। इनमें अपार्टमेन्ट, फ्लोर और विला शामिल हैं।

जमीन वाले मकानों की संख्या इनमें काफी कम रही। प्रॉपइक्विटी के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि पिछले 5 सालों में सभी बड़े शहरों में रियल एस्टेट की कीमतों में ज़बरदस्त बढ़ोतरी देखी गई है। इस बढ़ोतरी में कई कारकों का योगदान है जैसे बुनियादी सुविधाओं का विकास, एनआरआई की बढ़ती रुचि, एचएनआई/यूएचएनआई और स्टॉक मार्केट में मुनाफ़ा हासिल करने वालों द्वारा रियल एस्टेट में निवेश तथा सम्पत्ति बनाने और आय कमाने की चाह, मकान खरीदने की चाह, लक्ज़री/सुपर लक्ज़री मकानों की ओर झुकाव।

## रुपया बढ़त के साथ बंद

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ ही 84.04 रुपये पर बंद हुआ । इससे पहले सुबह रुपया दो पैसे गिरकर 84.07 रुपये डॉलर पर खुला। देशी पूंजी निकासी, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी तथा विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती के बीच रुपया शुरुआती कारोबार में दो पैसे की गिरावट के साथ 84.07 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपया सीमित दायरे में कारोबार कर रहा था क्योंकि सकारात्मक घरेलू बाजारों से मिलने वाला समर्थन विदेशी पूंजी की निकासी से खत्म हो रहा था। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से भी रुपये पर दबाव आया । इससे भारत का पहले से ही चिंताजनक व्यापार घाटा और बढ़ गया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरुआती कारोबार में 84.06 प्रति डॉलर पर खुला और फिर शुरुआती सौदों के बाद 84.07 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले दो पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.05 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखापने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 फीसदी की गिरावट के साथ 103.25 पर रहा।

## टाटा समूह अगले पांच साल में विनिर्माण क्षेत्र में देगा 5 लाख रोजगार के अवसर

मुंबई (ईएमएस)। टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने मंगलवार को कहा कि उनका समूह अगले पांच वर्षों में सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और संबंधित उद्योगों से जुड़े विनिर्माण क्षेत्र में पांच लाख रोजगार के अवसर रोजगार के अवसर उत्पन्न करेगा। इंडियन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट की एक संगोष्ठी में बोलते हुए टाटा संस के चेयरमैन ने कहा कि यदि भारत विनिर्माण क्षेत्र में नौकरियों के अवसर नहीं दे सकता तो वह विकसित राष्ट्र होने के लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर में टाटा समूह के निवेश, प्रीसीजन मैन्यूफैक्चरिंग, असेंबली, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और संबंधित उद्योगों में हमारे निवेश के बीच, मुझे लगता है कि हम अगले पांच वर्षों में पांच लाख विनिर्माण नौकरियां पैदा करेंगे। असम में टाटा समूह के आगामी सेमीकंडक्टर संयंत्र और इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरी के लिए अन्य नई विनिर्माण इकाइयों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि हम कई संयंत्र स्थापित कर रहे हैं। हालांकि उन्हें पूरी जानकारी नहीं मिली है लेकिन चंद्रशेखरन ने कहा कि बुनियादी गणित के आधार पर, इन नौकरियों का कई गुना प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि चूंकि पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित किया जाना है, इसलिए कम से कम 5 लाख कंपनियां- छोटी, मध्यम स्तर की कंपनियां भी पारिस्थितिकी तंत्र में आएंगी। उन्होंने इन पहलों में सरकार के समर्थन की सराहना की और विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन की आवश्यकता पर बल दिया।

## विदेश यात्रा आसान बनाने सरकार ने लांच किया ई-माइग्रेट पोर्टल एवं मोबाइल ऐप

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश के लोगों के लिए विदेश यात्रा सुरक्षित और आसान हो सके इसके लिए भारत सरकार ने संशोधित ई-माइग्रेट पोर्टल और मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। इस अवसर पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जीवन को आसान बनाने और लोगों पर केंद्रित शासन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पिछले साल, सुरक्षित और कानूनी आवागमन चैनलों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विदेश मंत्रालय ने अभियान जारी किया था। इस अभियान के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरक्षित जाएं, प्रशिक्षित जाएं के आदर्श वाक्य पर आधारित डाक टिकट जारी किया था। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री की उसी भावना को दर्शाता है।

## पेट्रोल-डीजल कहीं महंगा तो कहीं हुआ सस्ता

नई दिल्ली (ईएमएस)। वैश्विक बाजारों में युद्ध होने की वजह से क्रूड ऑयल की कीमतों में गिरावट आई और इसका असर घरेलू खुदरा बाजार पर भी दिखा। सरकारी तेल कंपनियों ने मंगलवार को जारी पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में कटौती की है, जिसका असर पहाड़ से लेकर मैदानों तक देखा जा रहा है।

हालांकि, दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में मंगलवार को भी तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं दिखा है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार यूपी के गौतमबुद्ध नगर जिले में पेट्रोल 29 पैसे सस्ता होकर 94.72 रुपये लीटर हो गया है। डीजल भी 31 पैसे गिरा और 87.83 रुपये लीटर पहुंच गया है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 18 पैसे गिरकर 105.18 रुपये लीटर हो गया तो डीजल 18 पैसे टूटकर 92.04 रुपये लीटर बिक रहा है। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में पेट्रोल 13 पैसे महंगा हुआ और 93.45 रुपये लीटर बिक रहा, जबकि डीजल 20 पैसे चढ़कर 88.32 रुपये लीटर हो गया है। कच्चे तेल की बात करें तो बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में एक बार फिर तेज उछाल दिख रहा है। ब्रेंट क्रूड का भाव लगातार गिरावट के साथ 75.42 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी गिरावट के साथ 71.82 डॉलर प्रति बैरल हो गया है।

# स्पाइसजेट ने एयरकैसल, विलमिंगटन ट्रस्ट के साथ विवाद सुलझाया




मुंबई (ईएमएस)। विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने कहा है कि उसने दो विमान पट्टादाताओं एयरकैसल और विलमिंगटन ट्रस्ट के साथ 2.339 करोड़ अमेरिकी डॉलर के विवाद को सुलझा लिया है। इससे कुछ दिन पहले उसने अमेरिका स्थित विमान पट्टा देने वाली कंपनी बीबीएएम के साथ भी इसी तरह का विवाद सुलझाया था। विमानन कंपनी ने कहा कि समझौते के तहत दोनों पक्ष संबंधित सभी मुकदमे और विवाद उचित मंचों पर वापस लेंगे। बयान में कहा गया है कि स्पाइसजेट ने एयरकैसल (आयरलैंड) डेजिग्नेटेड एक्टिविटी कंपनी और विलमिंगटन ट्रस्ट एसपी सर्विसेज (डबलिन) लिमिटेड के साथ 2.339 करोड़ अमेरिकी डॉलर के विवाद को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है। इसके तहत कुल 50 लाख डॉलर का भुगतान किया गया। साथ ही कुछ विमान इंजनों से संबंधित समझौता भी किया गया है। इसमें कहा गया दोनों पक्ष सौहार्दपूर्ण बातचीत के जरिये इस समझौते पर पहुंचे हैं तथा मामले को अदालत के बाहर सुलझाने का विकल्प चुना है। स्पाइसजेट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमने एयरकैसल और विलमिंगटन ट्रस्ट के साथ लंबे समय से जारी विवाद को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है। इस और अन्य महत्वपूर्ण समझौतों के साथ स्पाइसजेट अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने और अधिक मजबूत भविष्य के लिए आधार तैयार करने में लगी है। स्पाइसजेट ने विमान पट्टे पर देने वाली कंपनी बैबकॉक एंड ब्राउन एयरक्राफ्ट मैनेजमेंट (बीबीएएम) के साथ 13.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर का विवाद सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने की पिछले बुधवार को घोषणा की। विमानन कंपनी ने कहा था, होराइजन एविएशन 1 लिमिटेड, होराइजन 2 एविएशन 3 लिमिटेड और होराइजन 3 एविएशन 2 लिमिटेड के साथ 13.18 करोड़ डॉलर (1,107 करोड़ रुपये) का विवाद 2.25 करोड़ डॉलर में सुलझा लिया गया है। ये सभी पट्टेदार बीबीएएम के प्रबंधन के अधीन हैं।

## सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी

नई दिल्ली (ईएमएस)। त्योहारी मौसम चल रहा है और धनतेरस, दिवाली जैसे बड़े त्योहार भी आने वाले हैं। इस बीच सोने-चांदी की कीमतों में भी उतार-चढ़ाव जारी है। मंगलवार को एमसीएक्स पर सोने का भाव 0.17 फीसदी गिरकर 75,917 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी का भाव 0.18 फीसदी गिरावट के साथ 90,569 रुपए प्रति किलोग्राम पर है। स्टॉकिस्टों और व्यापारियों की सतत लिवाली के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपए बढ़कर 78,700 रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। हालांकि, वैश्विक स्तर पर सोने में गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को सोना 78,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। ताजा औद्योगिक मांग के कारण चांदी 500 रुपए बढ़कर 93,500 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले बंद भाव में यह 93,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसके अलावा 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 600 रुपए बढ़कर 78,300 रुपए प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। इससे पहले यह 78,100 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इससे पहले सात अक्टूबर को सोने की कीमत रिकॉर्ड 78,700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई थी।

# हुंडई आईपीओ में बड़ी गिरावट केवल 8 फीसदी हुआ सब्सक्राइब




मुंबई (ईएमएस)। देश का सबसे बड़ा आईपीओ हुंडई मोटर्स इंडिया लिमिटेड (एचएमआई) मंगलवार से सब्सक्रिप्शन के लिए खुल गया है। इस आईपीओ के लेकर निवेशकों में काफी उत्साह देखा गया था। करीब 2 सप्ताह पहले जब अनलिस्टेड मार्केट में इस शेयर की ट्रेडिंग शुरू हुई थी, तब ये 570 रुपए के जीएमपी पर था यानी वहां से इसमें काफी बड़ी गिरावट आ चुकी है। बीएसई आंकड़ों के अनुसार हुंडई का आईपीओ पहले ही दिन मंगलवार को 11:09 बजे तक 8 फीसदी सब्सक्राइब किया गया। निवेशक इस इश्यू में 17 अक्टूबर तक पैसे लगा सकते हैं। इसके लिए प्राइस बैंड 1,865 से 1,960 रुपए प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बता दें कि साउथ कोरियाई वाहन मैन्युफैक्चरिंग हुंडई की भारतीय यूनिट हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने अपने आईपीओ से एक दिन पहले सोमवार को एंकर निवेशकों से 8,315 करोड़ रुपए जुटा लिए थे। यह आईपीओ 27,870 करोड़ रुपए (लगभग 3.3 अरब डॉलर) का है। इससे पहले एलआईसी आईपीओ का साइज 21,000 करोड़ रुपए का था। इनके अलावा, भारत में पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस नवंबर, 2021 में 18,300 करोड़ रुपए का आईपीओ लेकर आई थी। इसके अलावा कोल इंडिया लिमिटेड ने अक्टूबर, 2010 में 15,199 करोड़ रुपए का आईपीओ पेश किया था। रिलायंस पावर ने जनवरी, 2008 में 11,563 करोड़ रुपए का आईपीओ पेश किया और जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया अक्टूबर, 2017 में 11,176 करोड़ रुपए का आईपीओ लेकर आई थी। कंपनी के शेयर ग्रे मार्केट में 40 रुपए प्रीमियम के साथ उपलब्ध हैं। इसका मतलब है कि हुंडई मोटर के शेयर 2 फीसदी प्रीमियम के साथ 2000 रुपए पर लिस्ट हो सकते हैं। बता दें कि ग्रे मार्केट में अब तक यह शेयर 92 फीसदी लुढ़क चुका है। एनालिस्ट इसे निगेटिव लिस्टिंग का भी संकेत मान रहे हैं। बता दें कि 27 सितंबर को यह शेयर ग्रे मार्केट में 570 रुपए के भाव पर उपलब्ध थे। तब से अब तक में ग्रे मार्केट में यह शेयर हर दिन लुढ़क रहा है। कंपनी ने 1996 में भारत में परिचालन शुरू किया था और यह विभिन्न खंडों में 13 मॉडल बेच रही है। यह आईपीओ भारतीय उद्योग के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि दो दशक के बाद कोई वाहन विनिर्माता कंपनी अपना आईपीओ ला रही है। इससे पहले जापान की वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी 2003 में आईपीओ लाई थी। एचएमआईएल ने उम्मीद जताई है कि इक्विटी शेयरों की सूचीबद्धता से कंपनी की दृश्यता और ब्रांड छवि बढ़ेगी तथा शेयरों के लिए तरलता और सार्वजनिक बाजार उपलब्ध होगा। इस विशाल आईपीओ के साथ हुंडई मोटर इंडिया देश में अपने वाहनों की मजबूत मांग का लाभ उठाना चाहती है। कंपनी को इस पेशकश से निवेशकों की महत्वपूर्ण रुचि आकर्षित होने की उम्मीद है।

## जियो ने 5जी सर्विस में चीन को भी पीछे छोड़ा

नई दिल्ली (ईएमएस)। मोबाइल नेटवर्क सर्विस प्रोवाइडर और ब्रॉड बैंड फील्ड में जोरदार प्रदर्शन करते हुए जियो प्लेटफॉर्म ने चालू वित्तवर्ष की दूसरी तिमाही में रिकॉर्ड मुनाफा कमाया है। कंपनी की ओर से जारी तिमाही रिजल्ट में बताया गया कि रिलायंस जियो का लाभ सालाना आधार पर 23.4 फीसदी बढ़कर 6,539 करोड़ रुपये हो गया है। जियो प्लेटफॉर्म्स की ओर से जारी सूचना के अनुसार 2024-25 की सितंबर तिमाही में जियो प्लेटफॉर्म्स का एबिटिडा साल-दर-साल 17.8 फीसदी बढ़कर 15,931 करोड़ पहुंच गया है। इस दौरान तिमाही के लिए जियो का मुनाफा 23.4 फीसदी साल-दर-साल बढ़कर 6,539 करोड़ हो गया जो एक नया रिकॉर्ड है। 30 सितंबर 2024 को समाप्त दूसरी तिमाही में जियो का ग्राहक आधार की संख्या बढ़कर 47 करोड़ 88 लाख पहुंच गई। यह पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 4.2 फीसदी अधिक रही है। हालांकि, टैरिफ में करीब 25 फीसदी की वृद्धि के बाद दूसरी तिमाही में सीमित मात्रा में सिम-कंसोलिडेशन देख गया। टैरिफ बढ़ोतरी और बेहतर सब्सक्राइबर मिक्स की वजह से जियो का एआरपीयू बढ़कर प्रति ग्राहक 195.1 रुपए हो गया। टैरिफ बढ़ोतरी का पूरा असर अगली 2-3 तिमाहियों में दिखने को मिलेगा। जियो का कुल डेटा और वॉइस ट्रैफ़िक साल दर साल 24 फीसदी बढ़कर 45 अरब जीबी और 6.4 फीसदी बढ़कर 1.42 ट्रिलियन मिनिट हो गया है। जियो ट्रू 5जी को लॉन्च हुए दो साल भी पूरे नहीं हुए हैं लेकिन ये चीन को पीछे छोड़कर दुनिया का सबसे बड़ा 5जी ऑपरेटर बन गया है। जियो ट्रू 5G के ग्राहक बढ़कर 14 करोड़ 70 लाख हो गए हैं। जियो एयर फाइबर के ग्राहक भी तेजी से बढ़ रहे हैं। सितंबर 2024 तक जियो एयर फाइबर 28 लाख घरों तक पहुंच चुका है। रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश एम अंबानी ने कहा कि 'जियो ने शुरुआत से ही अपने ग्राहकों और शेयरधारकों के लाभ के लिए डीप-टेक इनोवेशन पर ध्यान केंद्रित किया है। भारत के डिजिटल परिदृश्य में जियो ट्रू5जी और जियो एयरफाइबर द्वारा किए जा रहे व्यापक परिवर्तन इसी दृष्टिकोण का प्रमाण हैं।

## रिलायंस को दूसरी तिमाही में 19,323 करोड़ का मुनाफा

नई दिल्ली (ईएमएस)। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने चालू वित्तवर्ष की दूसरी तिमाही में जोरदार प्रदर्शन किया है। कंपनी की ओर से जारी किए गए तिमाही नतीजों में बताया गया कि जुलाई-सितंबर तिमाही में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 19,323 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज का पिछली तिमाही यानी अप्रैल-जून में मुनाफा 17,448 करोड़ रुपये रहा था। इस लिहाज से देखा जाए तो तिमाही आधार पर आरआईएल का मुनाफा बढ़ा है, लेकिन सालाना आधार पर इसमें 2.8 फीसदी की गिरावट दिखी है। इससे पहले एक सर्वे में 7 ब्रोकरेज ने मुनाफे में गिरावट की बात कही थी लेकिन कंपनी ने सभी कयासों को दूर करते हुए जबरदस्त प्रदर्शन किया है। रिलायंस ने वित्तवर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में कुल 2,58,027 करोड़ का राजस्व कमाया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.8 फीसदी अधिक है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### तबाह हो चुके गाज़ा में पोलियो टीकाकरण अभियान शुरु

गाजा (ईएमएस)। इजरायली हमलों में तबाह हो चुके गाजा में पोलियो टीकाकरण अभियान का दूसरा चरण शुरु किया गया है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय कार्यकर्ताओं ने बताया कि अभियान गाजा पट्टी के मध्य क्षेत्र में शुरू हुआ।रिपोर्ट के अनुसार, मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा कि दो सप्ताह से भी कम समय में, यूएनआरडब्ल्यूए (फिलिस्तीनियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एजेंसी), विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र बाल कोष का लक्ष्य 10 वर्ष से कम आयु के लगभग 5,90,000 बच्चों को नोवल ओरल पोलियो वैक्सीनेशन की दूसरी खुराक देना है।टीकाकरण का पहला चरण 1 से 12 सितंबर तक लागू हुआ था, तब 5,59,000 से अधिक बच्चों तक पहुंचा गया। पहले दौर की तरह, दूसरे दौर में भी तीन चरण होने हैं, जिनमें से प्रत्येक में तीन अभियान दिवस और एक कैच-अप दिवस शामिल होगा।

### इजराइल ने ईसाई इलाके में बरसाए बम हमले में 21 की मौत, 8 घायल

बेरूत,(ईएमएस)। उत्तरी लेबनान में इजराइल के हवाई हमले में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और आठ घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल का ये हमला त्रिपोली के एक ईसाई इलाके ऐतोउ में हुआ। इजराइल ईसाई इलाके में हमला नहीं करता है।रिपोर्ट के मुताबिक ऐतोउ में एक अपार्टमेंट में दक्षिण लेबनान से पलायन कर आए लोग रह रहे थे। त्रिपोली लेबनान के सुरक्षित इलाके में गिना जाता है। हालांकि, इजराइल ने पिछले हफ्ते पहली बार यहां एक शरणार्थी कैंप पर बमबारी की। इजराइली सेना ने इस हमले पर कुछ नहीं कहा है। इससे कुछ ही घंटे पहले इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि बेरूत समेत हर उस इलाके पर हमला करेंगे, जहां हिजबुल्लाह के ठिकाने हैं।इजराइल का गाजा पर मंगलवार को भी हमला जारी था। इजराइली सेना ने मंगलवार सुबह दक्षिणी गाजा में सलाह-अल-दीन मस्जिद पर बमबारी की। इसमें 29 लोगों की मौत हो गई। इजराइली सेना ने कहा कि उसने नागरिकों के बीच छिपे आतंकवादियों को निशाना बनाया था। हालांकि, उसने कोई सबूत नहीं दिया। इजराइल ने कई बार भीड़ वाले शरणार्थी शिविरों और तंबुओं और राहत शिविरों पर बम बरसाए हैं। गाजा पट्टी में एक अस्पताल परिसर पर इजराइली हवाई हमले में कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई। हमले के चलते युद्ध से विस्थापित लोगों के लिए बनाए गए एक शरणार्थी शिविर में आग लग जाने से कई लोग झुलस गए।

### एससीओ बैठक में पीएम मोदी आते तो अच्छा होता, उनसे करता मुलाकातः नवाज

इस्लामाबाद,(ईएमएस)। एससीओ बैठक में शामिल होने पीएम मोदी आते तो ज्यादा अच्छा होता, मुझे उम्मीद है कि मैं उनसे मुलाकात करूंगा। पाकिस्तान में 15 अक्टूबर यानी मंगलवार से एससीओ की बैठक से पहले ये बात पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ ने कही। पाकिस्तान ने अगस्त में पीएम मोदी को एससीओ का न्योता भेजा था, लेकिन दोनों देशों के बीच खराब रिश्तों के चलते विदेश मंत्री एस जयशंकर इस बैठक में शामिल हो रहे हैं।जयशंकर वहां 24 घंटे बिताएंगे। विदेश मंत्री पाकिस्तान जाने पहले ही ये साफ कर चुके हैं कि वहां जाने का मकसद सिर्फ एससीओ बैठक है, दोनों देशों के रिश्तों पर कोई भी बातचीत नहीं होगी। भारत के अलावा रूस और चीन समेत दस देशों के प्रतिनिधि भी इस बैठक में शामिल हो रहे हैं। इसके मद्देनजर सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए इस्लामाबाद में लॉकडाउन लगा दिया गया है। साथ ही पूरे शहर में तीन दिन के लिए छुट्टी घोषित कर दी गई है।
विदेश मंत्री जयशंकर करीब आठ महीने बाद पाकिस्तान जाने वाले भारत के पहले नेता हैं। इसलिए भी ये दौरा खास है। उनसे पहले 25 दिसंबर 2015 को भारत के पीएम नरेंद्र मोदी पाकिस्तान के दौरे पर गए थे। तब मोदी एक सरप्राइज विजिट पर लाहौर गए थे। उन्होंने पाकिस्तान के पीएम नवाज शरीफ से मुलाकात की थी। उनके इस दौरे के बाद से भारत के किसी भी पीएम या मंत्री ने पाकिस्तान की यात्रा नहीं की है।

### स्पेस एक्स ने बनाया नया कीर्तिमान पहली बार रॉकेट की कंट्रोल लैंडिंग

न्यूयॉर्क (ईएमएस)। अमेरिका की कंपनी स्पेस एक्स ने सबसे शक्तिशाली रॉकेट स्टरशिप के बूस्टर की सफलतापूर्वक लैंडिंग करा ली है।स्पेस क्षेत्र में एक नया इतिहास रच दिया है।स्टार शिप रॉकेट का बूस्टर 96 किलोमीटर की ऊंचाई से वापस लॉन्च पेड पर लौटा है। भविष्य में अब सैटेलाइट मिशन के लिए किसी भी रॉकेट का एक से अधिक बार उपयोग करना संभव हो गया है। यह टेस्ट पृथ्वी से 96 किलोमीटर ऊपर भेजे गए। सुपर हैवी बूस्टर को लॉन्च पैड पर वापस लाया गया है। स्टारशिप की पृथ्वी के वायुमंडल में री एंट्री कराकर हिंद महासागर में कंट्रोल लेंडिंग कराई गई है। जब इस रॉकेट की पृथ्वी में वापसी हुई। तब इसकी रफ्तार 26000 किलोमीटर प्रति घंटे थी।

### पन्नू ने कनाडा के सांसद आर्य को लेकर कहा, क्या हश्र होता है, ये वक्त ही बताएगा

टोरंटो (ईएमएस)। खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख्स फॉर जस्टिस का प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू की हिम्मत बढ़ती जा रही हैं। अब आंतकी पन्नू ने कनाडा के सांसद चंद्र आर्य को धमकी दे दी है। आर्य ने कनाडा में बढ़ते खालिस्तानी उग्रवाद की निंदा की है। इससे गुस्साएं पन्नू ने आर्य को देख लेने की धमकी दी है। पन्नू ने ऑडियो संदेश में कहा है कि सांसद आर्य भारत सरकार के मुखपत्र हैं। पन्नू ने धमकी भरे लहजे में कहा, सांसद आर्य का क्या हश्र होता है, ये वक्त ही बताएगा।सोमवार को एक और वीडियो वायरल हुआ, इसमें कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा को निशाना बनाते हुए दिखाया गया। उनके पुतले जलाए गए और उग्रवादियों ने उन पर निज्जर की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया, जिन्हें उन्होंने शहीद बताया। कनाडा से आए इस वीडियो ने तनाव को और बढ़ा दिया है।कनाडा में भारत के पूर्व उच्चायुक्त अजय बिसारिया ने इन घटनाक्रमों पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कनाडा सरकार के रुख से भारत और कनाडा के बीच भू-राजनीतिक तालमेल (जियो-पॉलिटिकिल अलाइनमेंट) कमजोर हो रहा है। उन्होंने इन घटनाक्रमों को बेवजह का उकसावा बताया और अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए द्विपक्षीय संबंधों में खटास लाने के लिए कनाडाई नेतृत्व की आलोचना की।हाल के महीनों में सांसद आर्य ने खालिस्तानी उग्रवाद की मुखर आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि इससे पहले की बहुत देर हो जाए, बढ़ती हिंसा से सख्ती से निपटा जाए। आर्य के बयानों के जवाब में पन्नू ने सांसद और उनके हिंदू-कनाडाई समर्थकों से कहा है कि वे मोदी के भारत ही चले जाएं। आर्य ने पन्नू की धमकियों का जवाब देकर कहा कि खालिस्तानी उग्रवादी कनाडा का माहौल खराब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खालिस्तानी कनाडाई चार्टर ऑफ राइट्स से मिली स्वतंत्रता का दुरुपयोग कर रहे हैं।

### नाइजीरिया का इगबूरा की पहचान ट्विंस कैपिटल के रूप में

नाइजीरिया (ईएमएस)। नाइजीरिया मे इगबुरा मे वर्ल्ड ट्विन्स फेस्टिवल का आयोजन किया गया है। इस फेस्टिवल में बड़े पैमाने पर दुनिया भर के ट्विंस बच्चे आए हैं। इग्बुरा में 1000 बच्चों के पैदा होने पर 50 बच्चे ट्विंस पैदा होते हैं। विश्व के अन्य देशों में 1000 बच्चों में अधिकतम 12 बच्चे ट्विन्स पैदा होने का रिकॉर्ड है। जिसके कारण इग्बुरा को वर्ल्ड ट्विंस कैपिटल के रूप में सारी दुनिया में जाना जाता है।

### मस्क ने ऑप्टीमस जेन 2 ह्यूमनॉइड रोबोट किया पेश

सैन फ्रांसिस्कों (ईएमएस)। टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने ऑप्टीमस जेन 2 ह्यूमनॉइड रोबोट को पेश किया है। मस्क ने 11 अक्टूबर को कैलिफोर्निया के बरबैंक में इस अत्याधुनिक रोबोट का अनावरण किया। यह रोबोट इंसानों की तरह चलने, बात करने और कई रोज़मर्रा के कार्यों में निपुण है, जो पहले संभव नहीं थे।ऑप्टीमस जेन 2 न केवल कुत्ते को घुमा सकता है, बल्कि बच्चों की देखभाल, घास काटने और ड्रिंक्स सर्व करने जैसे काम भी कर सकता है। इवेंट के दौरान रोबोट ने लोगों को ड्रिंक्स सर्व किया और इंसानों की तरह बातचीत भी की। मस्क ने इसे अब तक का सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट बताया और कहा कि इसकी संभावनाएं असीमित हैं। रोबोट की कीमत 20,000 डॉलर से 30,000 डॉलर के बीच होगी।

# नासा ने बृहस्पति ग्रह के चंद्रमा यूरोपा का अध्ययन करने रॉकेट किया लॉन्च

### यह यान यूरोपा साल 2030 तक पहुंचेगा, 290 करोड़ किमी की यात्रा तय करेगा



वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बृहस्पति ग्रह के चंद्रमा यूरोपा के अध्ययन के लिए रॉकेट लॉन्च किया है। फ्लोरिडा के केप केनवरल स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर से यूरोपा क्लिपर नाम का स्पेसक्राफ्ट के फॉल्कन हैवी रॉकेट से लॉन्च किया गया। इस यान को यूरोपा तक पहुंचने में 2030 तक का समय लगेगा।यूरोपा क्लिपर एक रोबोटिक सोलर पावर्ड यान है। यह बृहस्पति ग्रह की कक्षा यानी ऑर्बिट में 2030 में प्रवेश करेगा। इस दौरान यह 290 करोड़ किलोमीटर की यात्रा करेगा। इस यात्रा में उसे करीब साढ़े पांच साल लगेंगे। इस लॉन्चिंग को पहले किया जाना था लेकिन हुरीकेने मिल्टन की वजह से टाल दिया गया था। बृहस्पति ग्रह की ऑर्बिट में पहुंचने के बाद नासा का यह यान तीन साल में यूरोपा चंद्रमा के नजदीक से 49 बार गुजरेगा। इसकी सबसे नजदीकी यात्रा यूरोपा मून की सतह से 25 किलोमीटर ऊंचाई की होगी। यूरोपा क्लिपर को वहां पर धरती से 20 हजार गुना ज्यादा मैग्नेटिक फील्ड का सामना करना पड़ेगा साथ ही भयानक रेडिशन का भी।इस मैग्नेटिक फील्ड की वजह से सौर कण को बृहस्पति खींचता है इसलिए रेडिशएन बहुत ज्यादा होता है। ऐसे में यूरोपा क्लिपर को खतरा भी है। यूरोपा क्लिपर में 2750 किलोग्राम ईंधन है। जो इसे बृहस्पति तक लेकर जाएगा।यूरोपा क्लिपर स्पेसक्राफ्ट को नासा ने बहुत बड़ा बनाया है। यह 100 फीट लंबा है। इसके सोलर पैनल और एंटीना खुल जाते हैं, तब इसकी चौड़ाई कुल मिलाकर 58 फीट होती है। तब यह एक बास्केटबॉल कोर्ट के आकार का हो जाता है। इसका वजन करीब 6000 किलोग्राम है। बृहस्पति ग्रह के पास 95 चंद्रमा है। बर्फीला यूरोपा चौथा सबसे बड़ा चांद है। यह धरती के व्यास का एक चौथाई है। इसकी सतह पर नमकीन पानी का बर्फीला समंदर है। इस चंद्रमा पर पृथ्वी से दोगुना पानी है। यह उम्मीद भी लगाई जाती है कि यहां पर जीवन मौजूद हो सकता है या पनप रहा हो या कभी पहले रहा हो।यूरोपा का व्यास 3100 किलोमीटर है। पृथ्वी के बाद स चंद्रमा पर जीवन का संकेत मिल सकता है क्योंकि इसकी सह पर 15 से 25 किलोमीटर मोटी बर्फ की चादर है। जिसके नीचे 60 से 165 किलोमीटर गहरा समंदर है। इस समंदर में जीवन की उम्मीद है। यूरोपा क्लिपर हमारे सौर मंडल के सबसे बड़े ग्रह की यात्रा पर है।

### इज़रायली डिफेंस फोर्स वह ताकतवार डिविजन, जिनके सामने हमास और हिज़बुल्लाह ध्वस्त

तेलअवीव (ईएमएस)। इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) की डिवीजन 98, जो हाल ही में लेबनान में बड़े सैन्य आक्रमण का नेतृत्व कर रही है, इजरायल की सबसे शक्तिशाली और प्रशिक्षित सैन्य इकाइयों में से एक मानी जाती है। इसी डिविजन ने फिलिस्तीन के खान यूनिस में हमास के सबसे मजबूत ठिकानों को ध्वस्त किया था। अब यह डिवीजन लेबनान में घुसकर हिज़बुल्लाह के खिलाफ जंग छेड़ रही है।कमांडो यूनिट आईडीएफ की सबसे खतरनाक और प्रभावी यूनिट्स में से एक है। इस यूनिट को दुश्मन की सीमा के अंदर गुप्त और जटिल ऑपरेशनों के लिए जाना जाता है। यह इकाई तेजी से और सटीकता के साथ ऑपरेशन करने में माहिर होती है। इसकी प्रमुख भूमिका गुप्त मिशनों और आतंकवादी ठिकानों पर आक्रमण में होती है।इगोज यूनिट इजरायल की स्पेशल फोर्स यूनिट है, इस जंगल और पहाड़ी इलाकों में भीषण लड़ाई के लिए जाना जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य आतंकवादियों और गुरिल्ला युद्ध तकनीकों से निपटना है।

## 7 अक्टूबर के इजराइली हमले में शामिल अबु दक्का एक हमले में मारा गया

### आईडीएफ का दावा-हमास के ड्रोन अटैक और पैरा-ग्लाइडिंग यूनिट को करता था लीड



यूरुशलम,(ईएमएस)। इजराइल ने हमास के एक और बड़े कमांडर समीर अबु दक्का को मार गिराने का दावा किया है। इजराइल का कहना है दक्का ने पिछले साल 7 अक्टूबर को हुए हमले में अहम भूमिका निभाई थी। वह हमास के ड्रोन अटैक और पैरा-ग्लाइडिंग यूनिट को लीड कर रहा था। उसकी ही मदद से हमास लड़ाके पिछले साल इतनी आसानी से इजराइल की सीमा में घुसकर इतना बड़ा हमला करने में सफल हुए थे। इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) और इजराइल सिक्योरिटी एजेंसी (आईएसएफ) ने समीर अबु दक्का के मारे जाने की पुष्टि की है।इजराइल ने सितंबर 2024 में हमले किए थे, जिसमें हमास के एरियल यूनिट के चीफ समीर अबू दक्का मारा गया था। तब उसके मारे जाने की पुष्टि नहीं हो सकी थी। अब सूत्रों से पता चल गया है कि दक्का मारा जा चुका है। दक्का इजराइली क्षेत्र और आईडीएफ सैनिकों की ओर ड्रोन और यूएवी लॉन्च करने समेत कई हमलों को अंजाम दे चुका है। वह हमास की एरियल यूनिट में ज्ञान के एक अहम सोर्स के रूप में काम करता था।इजराइल का कहना है कि समीर अबु दक्का ने हमास की एरियल यूनिट को बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह पहले मई 2021 में ऑपरेशन 'गार्डियन ऑफ द वॉल्स' तक हमास के यूएवी डिवीजन के प्रमुख के रूप में कार्यरत था। इसके अलावा वह हमास में हथियारों को बनाने वाली प्रोडक्शून यूनिट को भी लीड कर चुका है। उसे हमास की मिलिट्री यूनिट को मजबूत करने के लिए कई अहम जिम्मेदारियां सौंपी गई थी।खुफिया जानकारी के मुताबिक इजराइल के एक साल से जारी हमलों के बावजूद अब नॉर्दर्न गाजा के जबालिया इलाके में अपनी सेनाओं को फिर से संगठित करने और पुनर्निर्माण करने की कोशिश कर रहा है। इजराइली डिफेंस फोर्स नॉर्दर्न गाजा के इलाके में हमास के खिलाफ जमीनी लड़ाई तेज कर चुकी है।

## संयुक्त राष्ट्र का प्रस्ताव-1701 सिर्फ दिखावा ना इजराइल मान रहा न हिजबुल्लाह

वाशिंगटन (ईएमएस)। इजरायल और लेबनान के बीच चल रही जंग में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएन) प्रस्ताव-1701 बेमतलब साबित हो रहा है। एनएफआईएल (यूनाइटेड नेशंस इंटरिम फ़ोर्स लेबनान) ने बताया कि लगातार इजरायली सैनिक उनकी चौकी को निशाना बना रहे हैं। वहीं इजराइली डिफेंस फोर्सेस का कहना है कि हिजबुल्लाह के ठिकाने एनएफआईएल की चौकियों के पास हैं, जहां से हिजबुल्लाह इजरायल पर रॉकेट और मिसाइल दाग रहा है।इजरायल ने लेबनान पर ग्राउंड अटैक शुरू किया था तब एनएफआईएल से वहां से पीछे हटने को कहा था लेकिन एनएफआईएल ने इंकार कर वहां डटे रहे। इजराइल और लेबनान के बीच के एरिया को ब्लू लाइन के नाम से जाना जाता है। इसकी कुल लंबाई 120 किलोमीटर है। ये एक बफर जोन है जहां यूएन फ़ोर्स तैनात है, जो पीसकीपिंग फोर्स है। एनएफआईएल के तहत भारत सहित दुनिया के 50 देशों की सेना के 10 हज़ार से ज़्यादा सैनिक तैनात हैं। इसमें भारत के भी करीब 900 सैनिक हैं। एनएफआईएल ने कहा कि राम्याह में यूएन चौकी पर तैनात पीसकीपर्स ने देखा कि इजरायली डिफेंस फोर्सेस के तीन प्लाटून ब्लू लाइन को पार कर लेबनान में घुस गए। सुबह तड़के साढ़े चार बजे इजरायल के दो मर्कवा टैंकों ने यूएन चौकी के मुख्य गेट को नष्ट कर जबरदस्ती प्रवेश कर लाइट बंद करने को कहा।वहीं इजरायली डिफेंस फोर्सेस का कहना है कि हम यूएन चौकी को नहीं बल्कि हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बना रहे हैं। आईडीएफ ने कहा है कि दक्षिण लेबनान में एनएफआईएल चौकियों के पास हिजबुल्लाह के ठिकाने हैं और पिछले महीनों में वहां से कीरब 25 रॉकेट और मिसाइलें इजरायली समुदाय और इजरायली सैनिकों पर दागी गई। इन हमलों में दो इजरायली सैनिक मारे भी गए।

### प्रस्ताव 1701 को लागू करने में विफलता?

आईडीएफ ने कहा कि लेबनान और अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने प्रस्ताव 1701 को लागू करने में विफलता दिखाई है, जबकि इसे लागू करने के लिए बार-बार अनुरोध किए गए हैं। आईडीएफ ने कहा कि कई सालों से हिज़्बुल्लाह ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का गंभीर उल्लंघन करते हुए दक्षिणी लेबनान बना हुआ है।

### क्या है प्रस्ताव 1701

2006 में इजरायल-लेबनान युद्ध को खत्म करने के लिए यूएन का प्रस्ताव 1701 आया था। इसमें इजरायल और हिजबुल्ला के बीच के संघर्ष को पूरी तरह खत्म करने, लेबनान से इजरायली सेना को वापस बुलाने और लेबनान में एनएफआईएल के सैनिकों को तैनात करने का प्रस्ताव था। इसमें दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह को डिसआर्म (बिना हथियारों का) करना शामिल था।

# कनाडा के झूठ से भारत ने उठाया पर्दा, ट्रूडो का झुकाव खालिस्तान समर्थकों के प्रति

### भारत ने कनाडा के राजनयिकों को किया निष्कासित

### उच्चायुक्त समेत राजनयिकों को वापस बुलाया



नई दिल्ली,(ईएमएस)। निज्जर मामले को लेकर कनाडा से भारत के रिश्ते बिगड़ते ही चले जा रहे हैं। दरअसल कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का खालिस्तान समर्थकों के प्रति झुकाव बढ़ गया है। कनाडा के झूठे आरोपों से भारत ने पर्दा उठाया है, जिससे दोनों ही देशों के संबंधों में खटास पैदा हो गई है। इसके बाद भारत ने कड़ा कदम उठाते हुए कनाडा के छह राजनयिकों को जहां निष्कासित कर दिया वहीं अपने उच्चायुक्त व अन्य राजनयिकों को वापस बुलाने का फैसला लिया है। कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने इस संबंध में छह भारतीय राजनयिकों को निष्कासित करने का आदेश दिया है, जिसमें भारत के उच्चायुक्त भी शामिल हैं। कनाडा ने आरोप लगाया है कि ये सभी राजनयिक कनाडाई नागरिकों की टार्गेट किलिंग में शामिल थे। भारत ऐसे सभी आरोपों को सिरे से खारिज करता आया है।खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर लगातार झूठे आरोप लगाए हैं। इसे लेकर भारत-कनाडा संबंधों पर खटास बढ़ती चली गई है। कनाडा के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए भारत ने ट्रूडो की सरकार को कठोर जवाब दिया है। इसके बाद कनाडाई प्रधानमंत्री ट्रूडो ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री से संपर्क किया है और इस मामले में समर्थन मांगने की कोशिश की है।ट्रूडो ने हाल ही में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर से वार्ता की, जिसमें उन्होंने भारत सरकार के एजेंटों पर कनाडा में नागरिकों को निशाना बनाने का आरोप दोहराया। हालांकि, भारत लगातार इन आरोपों को खारिज करते हुए सख्त रुख अपनाए हुए है और कनाडा से सबूतों की मांग कर रहा है, जिन्हें कनाडाई सरकार अब तक पेश नहीं कर सकी है।इस मामले को लेकर समझा यही जा रहा है कि कनाडा में चूंकि अगले साल चुनाव होने हैं, अतः ट्रूडो खालिस्तान समर्थकों का समर्थन हासिल करने के लिए यह मुद्दा उठा रहे हैं। भारत ने इन आरोपों के बाद कड़ा कदम उठाते हुए कनाडा के छह राजनयिकों को निष्कासित कर दिया है और अपने उच्चायुक्त व अन्य राजनयिकों को वापस बुला लिया। भारत ने साफ कर दिया है कि निज्जर की हत्या में उसके राजनयिकों की कोई संलिप्तता नहीं है, और कनाडा के आरोप बेतुके और आधारहीन हैं। भारत-कनाडा संबंधों पर इस विवाद को लेकर गहरा असर पड़ा है।

### कनाडा ने निज्जर मामले में गृह मंत्री शाह का नाम घसीटा



ओटावा,(ईएमएस)। निज्जर मामले को लेकर भारत और कनाडा के बीच तनाव एक नए स्तर पर पहुंच गया है। कनाडा ने भारत सरकार पर खालिस्तान समर्थकों की हत्या का आरोप लगाया है। रिपोर्ट में कनाडाई अधिकारियों ने आरोप लगाया है कि यह खुफिया जानकारी भारत के शीर्ष अधिकारियों तक पहुंचाई जा रही थी। इसमें गृह मंत्री अमित शाह और रॉ के एक अधिकारी का नाम भी प्रमुख रूप से लिया गया है। ऐसे तमाम आरोपों को भारत सिरे से खारिज करता आया है।निज्जर मामले को लेकर उठा यह विवाद तब और बढ़ गया जब एक मीडिया रिपोर्ट में भारत सरकार की संलिप्तता का दावा किया गया, जिसमें गृह मंत्री अमित शाह का नाम भी जोड़ा गया है। इस रिपोर्ट में बताया जा रहा कि हरदीप सिंह निज्जर की हत्या केवल एक घटना नहीं थी, बल्कि भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के नेतृत्व में एक बड़े अभियान का हिस्सा थी। कनाडाई अधिकारियों का दावा है कि भारतीय राजनयिक खालिस्तानी आतंकियों की खुफिया जानकारी निकालते थे, जिसका इस्तेमाल रॉ द्वारा किया जाता था। कनाडा ने दावा किया कि शाह और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने खालिस्तानी आतंकियों पर हमले की मंजूरी दी थी। इस मामले में कनाडा ने सिंगापुर में एक सीक्रेट मीटिंग के दौरान भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को भी जानकारी दी है। अब जबकि भारत और कनाडा के बीच पहले से ही खटास भरे संबंध चल रहे थे, ऐसे में इस रिपोर्ट ने आग में घी डालने का काम किया है।

### ताइवान की सीमा में घुसे 14 युद्धपोत और 153 विमान

चीन : चीन और ताइवान के बीच लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। बीजिंग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक बार फिर चीनी सेना ने ताइवान की सीमा में घुसपैठ की कोशिश की। हालांकि, ताइवान की सेना ने भी इसका जवाब दिया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि चीन के विमान, नौसैनिक पोत और जहाज ताइवान की सीमा के करीब देखे गए। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने बताया कि मंगलवार सुबह छह बजे ताइवान के आसपास चीनी 14 नौसैनिक पोत और 12 आधिकारिक जहाज देखे गए। जबकि 153 सैन्य विमानों को उड़ान भरते देखा गया।

## 9/11 जैसा हमला करना चाहता था हमास, ईरान को भी थी जानकारी

### एक मीडिया रिपोर्ट में दावाः खान युनूस सुरंगों में मिले दस्तावेजों से हुआ खुलासा



येरुशलम,(ईएमएस)। हमास इजराइल पर 9/11 जैसा हमला करने की फिराक में था। तैयारी भी थी। हर एक चीज की जानकारी ईरान को थी। यह खुलासा हुआ है लीक हुए कुछ दस्तावेजों से जिसे इजराइली डिफेंस फोर्सेस ने खान युनूस की सुरंगों से हासिल किया था। मीडिया रिपोर्ट में इन दस्तावेजों के आधार पर खबरें आ रही हैं। 10 महीने से इजराइल के पास ये दस्तावेज मौजूद थे, तो ये इस समय क्यों और कैसे लीक हुए। कहा जा रहा है कि इजराइल ने जानबूझकर इन दस्तावेजों को लीक किया है, ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमास-हिज्बुल्लाह और ईरान के खिलाफ मत हासिल किया जाए।कुछ लोगों का मानना है कि दस्तावेज जारी करने की वजह ये भी हो सकती है कि जब इजराइल ईरान पर हमला करे तो दुनिया उसके साथ रहे। क्योंकि ईरान ने हाल ही में बैलिस्टिक मिसाइलें इजराइल पर दागी थीं। इजरायल ये बताना चाहता है कि हमास के हमले की जानकारी ईरान को थी। वह उसे सपोर्ट कर रहा था।एक रिपोर्ट में बताया गया है कि अगस्त 2023 में हमास प्रमुख याह्या सिनवार का डिप्टी खलील अल हाया ने अपना प्लान अक्टूबर के हमले से एक महीने पहले ही लेबनान कमांडर मोहम्मद सैद इजादी को बता चुका था। इजादी आतंकी संगठन और ईरानी सरकार के बीच की कड़ी है। जो दोनों की डील कराता है।हिज्बुल्लाह के 9/11 जैसे हमले के प्लान का ईरान ने स्वागत किया था। हमास ने इस प्लान को सफल बनाने के लिए ईरान से पैसे भी मांगे थे। साथ ही इस हमले में शामिल होने का न्यौता भी दिया था। इसके बाद ईरान ने हमास के हमले के समय हिज्बुल्लाह से रॉकेट और मिसाइल दागने को कहा था। खुद नहीं किया।हमास असल में 2022 में ये हमला करना चाहा था। जब इजराइल के प्रधानमंत्री याइर लापिड थे। उस समय नेतन्याहू ज्यूडिशियल रिफॉर्म प्लान में लगे थे। उस समय इजराइल में राजनीतिक उथल-पुथल चल रही थी। साढ़े तीन साल में पांचवीं बार चुनाव हो रहे थे। हमास चाहता था कि हिज्बुल्लाह उसके साथ हमले में रहे। हिज्बुल्लाह ने हमास के हमले के समय इजराइल पर काफी रॉकेट दागे थे।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय टीम जीत की लय बरकारार रखने उतरेगी

### सुबह 9.30 बजे से शुरु होगा मैच




बेंगलुरू (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार से यहां के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मेहमान टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट मैच में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम ने इससे पहले बांग्लादेश को दो टेस्ट मैचों की सीरीज में हराया था जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। रोहित शर्मा की कप्तानी में उतर रही भारतीय टीम का लक्ष्य इस सीरीज में जीत के साथ ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशित (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए अपनी दावेदारी पक्की करना रहेगा। इस मैच में युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल के अलवा युवा तेज गेंदबाज आकाशदीप के प्रदर्शन पर सबकी नजरें रहेंगी। इसके अलावा कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी अधिक से अधिक रन बनाना चाहेंगे।

शुभमन ने पिछली दस पारियों में तीन शतक और दो अर्धशतक जमाए हैं जबकि यशस्वी ने पिछली आठ पारियों में एक दोहरा शतक और पांच अर्धशतक लगाये हैं। अब उनके लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ इस लय को कायम रखकर आगे जाना रहेगा। शुभमन ने पिछले कुछ समय में तेज गेंदबाजों की अंदर आती गेंदों का सामना करना सीख लिया है। वह बांग्लादेश के खिलाफ सीरी में तेज गेंदबाज हसन महमूद की गेंद पर परेशान रहे थे।

वहीं यशस्वी भी तेज गेंदबाजों पर आक्रामक शॉट खेलने के प्रयास में तीन बार आउट हुए हैं। वह अब तक 20 पारियों में 12 बार तेज गेंदबाजों का शिकार बने हैं। ऐसे में इस सीरीज में उन्हें इस कमजोरी से निजात पानी होगी।

दूसरी ओर न्यूजीलैंड के पास मैट हेनरी, विलियम ओ राउरकी और टिम साउदी तेज तेज गेंदबाज हैं। ऐसे में शुभमन और यशस्वी की राह आसान नहीं रहेगी।

कप्तान रोहित ने इस साल 15 टेस्ट पारियों में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया पर पिछली 13 पारियों में 497 रन ही बना सके हैं। इसक अलावा विराट ने इस साल छह पारियों में एक अर्धशतक भी नहीं लगाया है ,ऐसे में उन्हें अब रन बनाने होंगे। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 46 और बांग्लादेश के खिलाफ 47 रन की पारियां खेली। उन्हें न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के स्पिनरों ऐजाज पटेल और रचिन रविंद्र से सावधान रहना होगा। इन दोनो ने पहले भी देखा जाये तो मेहमान टीम न्यूजीलैंड की मुश्किलें भी कम नहीं हैं। हाल में उसे श्रीलंका ने 2-0 से हराया है। इस दौरान उसके बल्लेबाज और गेंदबाज विफल रहे थे। उसके कोच ने भी माना है कि मुख्य तेज गेंदबाज टिम साउदी भी फार्म में नहीं हैं। ऐसे में उसके लिए भारतीय स्पिनरों आर अश्विन और रविंद्र जडेजा का सामना करना और भी कठिन रहेगा। च न्निास्वामी स्टेडियम की पिच स्पिनरों की मददगार रहती है और ऐसे में अश्विन और जडेजा अपनी फिरकी में उन्हें फंसा सकते हैं। इनके अलावा तेज जसप्रीत बुमराह भी फॉर्म में हैं जिन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट में ही 11 विकेट लेकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी हालांकि पांचवें गेंदबाज पर फैसला लेने से पहले भारतीय टीम प्रबंधन को काफी विचार करना होगा। पिछली सीरीज की तरह ही इस इसमें भी युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप को तीसरे तेज गेंदबाज के तौर पर रखा जा सकता है। इसके अलवा स्पिनर कुलदीप यादव या बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल को भी भी इस मैच में अवसर मिल सकता है। इन दोनो का ही प्रदर्शन पिछले कुछ समय में काफी अच्छा रहा है।

दोनो ही संभावित टीमें इस प्रकार हैं :

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), केएल राहुल, रवींद्र जड़ेजा, रविचंद्रन अश्विन, जसप्रित बुमरा, आकाश दीप, कुलदीप यादव

न्यूजीलैंड : टॉम लाथम, डेवोन कॉनवे, विल यंग, रचिन रविंद्र, डेरिल मिशेल, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, टिम साउथी (कप्तान), एजाज पटेल, मैट हेनरी।

## भारत-न्यूजीलैंड तीन मैचों की टेस्ट सीरीज आज से

दुबई (ईएमएस)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच यहां के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में 16 अक्टूबर बुधवार से टेस्ट क्रिकेट सीरीज शुरु होगी। इसमें रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम अपनी घरेलू धरती पर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में उतरेगी। टेस्ट सीरीज का पहला मैच 16 अक्टूबर से जबकि दूसरा मुकाबला 24 से 28 अक्टूबर के बीच पुणे में खेला जाएगा। सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच 1 से 5 नंवबर के बीच मुंबई में खेला जाएगा। आंकड़ों पर गौर करें तो इस सीरीज में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है। बांग्लादेश के खिलाफ जीत से उसके हौंसले बुलंद हैं। टेस्ट सीरीज की बात करें तो भारत और न्यूजीलैंड के बीच अबतक कुल 62 मुकाबले खेले गए हैं जिसमें भारतीय टीम ने 22 में जीत हासिल किया है जबकि 13 मुकाबले न्यूजीलैंड ने जीते हैं। दोनों टीमों के बीच 27 टेस्ट मैच ड्रा रहे हैं। इससे पहले हुए पिछली सीरीज में भारतीय टीम ने जीलैंड को 1--0 से हराया था। भारत और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच 16 अक्टूबर बुधवार से शुरू होगा। टॉस सुबह 9 बजे होगा और मैच आधे घंटे बाद 9:30 से खेला जाएगा। टेस्ट सीरीज के मुकाबलों के लाइव टेलिकास्ट को आप टीवी पर देख सकेंगे। इसके अलावा सीरीज के मुकाबलों की लाइव स्ट्रीमिंग भी देख सकेंगे।

भारतीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), विराट कोहली, शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप।

## बीसीसीआई ने 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम घरेलू टी20 टूर्नामेंट से हटाया, आईपीएल में जारी रहेगा

मुम्बई (ईएमएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में विवादों में रहने वाले 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम को लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अहम फैसला लिया है। बीसीसीआई ने कहा है कि ये नियम घरेलू टी20 टूर्नामेंट में लागू नहीं होगा पर आईपीएल में बना रहेगा। बीसीसीआई ने आगामी सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी से 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम समाप्त कर दिया है। ये नियम कुछ साल पहले सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में ही लागू किया गया था। इसके बाद इसे आईपीएल में लागू किया गया था। बीसीसीआई ने राज्य एसोसिशंस को बताया है कि मौजूदा सत्र के लिए 'इम्पैक्ट प्लेयर' के प्रावधान को समाप्त करने का फैसला किया गया है। गौरतलब है कि इम्पैक्ट प्लेयर' को शीर्ष घरेलू टी20 टूर्नामेंट से खत्म करने का बीसीसीआई का यह फैसला तब आया है जब उसने इस नियम को 2027 तक आईपीएल में बरकरार रखने के फैसला किया है।

इस नियम के कारण ही आईपीएल के पिछले सीजन में कई बड़े स्कोर बने थे। इसकी आलोचना करते हुए भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा सहित कई मौजूदा और पूर्व खिलाड़ियों ने कहा था कि इससे ऑलराउंडर्स की भूमिका कम हो जाती है। वहीं

सौराष्ट्र के मुख्य कोच नीरज ओडेदरा ने बीसीसीआई के इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा, 'यह अच्छा बदलाव है।यह आईसीसी के प्रमुख टूर्नामेंटों का हिस्सा नहीं है।

## टेस्ट क्रिकेट में हालातों के अनुसार ढ़लना पड़ा है : अश्विन



बेंगलूर (ईएमएस)। भारतीय टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि टेस्ट क्रिकेट सबसे उच्च स्तर का क्रिकेट होता है और इसमें हालातों के अनुसार अपने को ढ़ालना पड़ता है। बीसीसीआई के एक वीडियो में अश्विन ने ये बातें कही हैं। इसमें अश्विन ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में हर दिन खिलाड़ियों को हालात के हिसाब से ढलना पड़ता है और नई रणनीतियां अपनानी पड़ती हैं।

अश्विन ने कहा, टेस्ट क्रिकेट हमेशा अनुकूलन के बारे में है। आप पांचवें दिन का खेल वैसे नहीं शुरू कर सकते जैसे पहले दिन किया था। हर दिन आपको हालात के हिसाब से ढलना जरूरी होता है। यही वजह है कि इसे क्रिकेट का शीर्ष स्तर कहा जाता है। बांग्लादेश के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाले अश्विन अब न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 527 विकेट लिए हैं।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 9000 रन पूरे कर सकते हैं विराट



बेंगलुरु (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली बुधवार से यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरु हो रहे पहले ही क्रिकेट टेस्ट मैच में एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर सकते हैं। विराट के पास इस मैच में अपने 9000 रनों को पूरा करने का अवसर है। इसके लिए उन्हें केवल 53 रनों की जरूरत है। विराट हालांकि पिछली आठ पारियों में केवल एक अर्धशतक बना पाये हैं पर प्रशंसकों को उनसे इस मैच में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें हैं। विराट ने ये अर्धशतक साल 2023 में दक्षिय अफ्रीका के खिलाफ लगाया था। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का बल्ला पिछले कुछ मैचों से शांत रहा है। विराट के अभी 8947 रन हैं। अगर वह 53 रन बनाकर 9000 रन पूरे करते हैं तो ऐसा करने चौथे भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे।

विराट से पहले ये उपलब्धि सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और सुनील गावस्कर के नाम है। वह टेस्ट में नौ हजार रन या उससे ज्यादा रन बनाने वाले 18वें बल्लेबाज भी बन जाएंगे। विराट कोहली ने अब तक अपने टेस्ट करियर में 115 मैच खेलते हुए 8947 बनाए हैं। इसमें 29 शतक और सात दोहरे शतक शामिल है। कोहली ने 30 अर्धशतक भी लगाए हैं, उनका सबसे अधिक स्कोर 254 है।

## सलीमा को 20 लाख , उदिता को मिले सबसे ज्यादा 32 लाख




नई दिल्ली (ईएमएस)। महिला हॉकी खिलाड़ियों के लिए बुधवार को पहली बार महिला हॉकी लीग के लिए हुई नीलामी में सभी टीम ने खिलाड़ियों पर जमकर बोली लगायी। हैरानकी बात ये रही कि युवा खिलाड़ियों पर अनुभवी खिलाड़ियों से ज्यादा रकम लगायी गयी।

भारतीय टीम की कप्तान सलीमा टेटे, युवा खिलाड़ी उदिता दुहान, लारेमसियामी हमरजोटे और पूर्व कप्तान सविता पूनिया को टीमों ने खीरीदा। सभी टीमों के पास दो करोड़ रुपये का पर्स था जिसमें से उन्हें 24 खिलाड़ी खरीदने थे। सलीमा टेटे को सूरमा हॉकी क्लब ने 20 लाख रुपये में खरीदा। वहीं दिन की सबसे महंगी खिलाड़ी रहीं डिफेंडर उदिता दुहान रहीं। उदिता के लिए कई टीमों ने बोली लगायी अंत में सूरमा और बंगाल के बीच मुकाबला हुआ जिसमें उदिता को बंगाल टाइगर्स ने 32 लाख रुपये में खरीदा।

## महिला टी20 विश्वकप : भारतीय महिला टीम का सफर फिर निराशाजनक रहा

दुबई (ईएमएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम टी20 विश्वकप से बाहर हो गयी है। भारतीय टीम की उम्मीदें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार के साथ ही समाप्त हो गयीं थीं। इसके बाद बची हुई उम्मीदें पाकिस्तान की न्यूजीलैंड के खिलाफ करारी हार से समाप्त हो गयीं। पाक के साथ ही भारतीय टीम भी महिला टी20 विश्व कप से बाहर हो गयी। यह आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप का नौवां सत्र था जिसमें भारतीय टीम एक बार भी खिताब नहीं जीत पायी। भारतीय टीम ने साल 2020 में फाइनल खेला था। भारतीय टीम महिला टी20 विश्व कप में ग्रुप ए में थी। इस ग्रुप में भारत के साथ ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमें भी थीं। इसमें भारतीय टीम का भारत का पहला मुकाबला न्यूजीलैंड से हुआ था। भारतीय टीम को इस मुकाबले में 58 रन से हार झेलनी पड़ी थी।

भारतीय महिला टीम का दूसरा मुकाबला पाकिस्तान से हुआ था। इसमें भारतीय टीम ने 6 विकेट से जीत हासिल की थी। भारतीय महिलाओं ने इसके बाद श्रीलंका को भी आसानी से हरा दिया था। भारत ने यह मैच रिकॉर्ड 82 रन से जीता. यह टूर्नामेंट में भारत की सबसे बड़ी जीत थी। भारत का आखिरी ग्रुप मैच ऑस्ट्रेलिया से हुआ। ऑस्ट्रेलिया अपने पहले तीन मैच जीतकर पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच गया था। भारत के खिलाफ भी ऑस्ट्रेलिया ने जबरदस्त खेल देखाकर 9 रन से जीत दर्ज की. भारत को इस मुकाबले को जीतने के लिए आखिरी ओवर में 14 रन बनाने थे और उसके 5 विकेट बाकी थे। इसके बाद भी भारतीय टीम दबाव में 9 रन नहीं बना सकी थी। भारतीय टीम इस प्रकार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हमेशा ही हारती रही है।

# खेल की अच्छी समझ के कारण ही उप-कप्तान बनाए गये बुमराह : रोहित



बेंगलुरू (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए उपकप्तान बनाने जाने पर खुशी जतायी है। रोहित ने कहा है कि बुमराह में नेतृत्व क्षमता होने के साथ ही खेल की अच्छी समझ है। इसके साथ ही वह शुरु से ही नेतृत्व समूह का हिस्सा रहे हैं। बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से यहां से शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए उप कप्तान बनाया गया है।

इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में किसी भी खिलाड़ी को उप कप्तान नहीं बनाया गया था। इससे संकेत मिलते हैं कि बुमराह भविष्य में टेस्ट टीम की कप्तानी कर सकते हैं। रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से पहले कहा, 'बुमराह ने बहुत अधिक क्रिकेट खेली है। मैं उनके साथ काफी क्रिकेट खेल चुका हूं। वह खेल की बहुत अच्छी समझ रखते हैं। जब आप उनसे बात करते हैं तो वह खेल को समझते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इस बारे में अभी बहुत अधिक कुछ नहीं कह सकता क्योंकि बुमराह ने बहुत अधिक कप्तानी नहीं की है। जितना मुझे पता है उन्होंने अभी तक एक टेस्ट मैच और कुछ टी20 मैचों में कप्तानी की है। गौरतलब है कि बुमराह ने साल 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच में भारत का नेतृत्व किया था। उन्हें पिछले साल आयरलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया था। रोहित ने कहा, 'बुमराह को पता है कि क्या करना चाहिये। जब आप ऐसी स्थिति में होते हैं जहां आपको एक नेतृत्वकर्ता की जरूरत महसूस होती है तो मुझे लगता है कि बुमराह उनमें से एक होंगे।

## हेल्स वीजा नहीं मिलने के करण आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल के लिए नहीं आये

नई दिल्ली (ईएमएस)। ओलंपिक स्वर्ण विजेजा नाथन हेल्स सहित ब्रिटेन के तीन शीर्ष शॉटगन निशानेबाज वीजा नहीं मिलने के करण आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल के लिए भारत नहीं आये हैं। नाथन के इसमें भाग नहीं लेने से इस प्रतियोगिता का आकर्षण घटा है। विश्व कप फाइनल कर्णी सिंह रेंज में हुआ जिसमें ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेताओं सहित दुनिया भर के शीर्ष निशानेबाजों ने ट्रेनिंग सत्र में भाग लिया।

हेल्स के निजी कोच पूर्व निशानेबाज पीटर विल्सन ने कहा, नहीं, हेल्स नहीं भाग ले रहे। वह समय पर अपना व्यावसायिक वीजा प्राप्त नहीं कर सके। मुझे इसके बारे में पूरी जानकारी नहीं है पर यही परेशानी थी। मुझे लगता है कि एक निशानेबाज ने पर्यटक वीजा के लिए आवेदन किया था जिसे स्वीकार कर लिया गया था। इस दिग्गज डबल ट्रैप निशानेबाज ने कहा, फिर उन्हें बताया गया कि उन्हें व्यावसायिक वीजा के लिए आवेदन करना था और एक कठिनाई थी। वह ये की इसे या तो रद्द कर दिया गया और बाकी को लंबित छोड़ दिया गया और उनके पास इसकी प्रक्रिया पूरी करने का समय नहीं था। विल्सन ने कहा कि यह ब्रिटिश निशानेबाजों के लिए निराशानजक था। उन्होंने कहा, जाहिर है यह बहुत दुख की बात है कि वे प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहे हैं। तीन निशानेबाज थे, दो पुरुष ट्रैप में, हेल्स और मैट कॉवर्ड-हॉली, और एक पुरुष स्कीट में बेन लेवेलिन। बेन को पर्यटक वीजा मिल गया, लेकिन फिर हमारे महासंघ ने कहा कि उसे व्यावसायिक वीजा के लिए फिर से आवेदन करना चाहिए। विल्सन ने कहा, उसने गलत तरीके से आवेदन किया और उस समय उसने बहुत देर कर दी थी। वहीं भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने इन निशानेबाजों को बताया था कि उन्हें कौन सा वीजा आवेदन करना है, विल्सन ने कहा, मैं ऐसा मानता हूं लेकिन मुझे लगता है कि इस समय कोई नहीं जानता कि गलती किसकी है। उन्होंने कहा, लेकिन यह सिर्फ दुखद है सभी टीमों में से यहां सिर्फ ब्रिटेन की टीम और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नहीं है इसलिए यह बेहद है।

## फखर ने आजम को बाहर किये जाने पर सवाल उठाये

लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बल्लेबाज फखर जमां ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चयन पैनल की आलोचना करते हुए कहा है कि स्टार बल्लेबाज बाबर आजम को बाहर किया जाना गलत है। फखर ने इस प्रकार सीधे तौर पर पीसीबी से झगड़ा मौल ले लिया है। फखर ने कहा कि भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली जब खराब दौर से गुजर रहे थे तो भारतीय बोर्ड ने उनका समर्थन किया था। उसे टीम से बाहर नहीं किया था। फखर ने कहा है कि बाबर को बाहर किए जाने से टीम में गलत संदेश जाएगा। फखर के इस प्रकार सवाल उठाने से पीसीबी भड़का हुआ है। चयनकर्ताओं ने उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ आगामी दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच के लिए चुनी गई टीम से बाहर कर दिया है। पाक चयनकर्ताओं के इस फैसले से नाराज फखर ने भड़ास सोशल मीडिया पर इस मामले को उठाया है। फखर ने कहा कि जब कोहली खराब फॉर्म में होता है तब उसका बोर्ड उसके साथ होता है।फखर ने सोशल मीडिया पर लिखा,' आजम को बाहर करने के बारे में सुझाव सुनना चिंताजनक है। भारत ने विराट कोहली को 2020 और 2023 के बीच अपने कठिन दौर के दौरान बाहर नहीं रखा। उस समय उनका औसत काफी कम था। वहीं यदि हम अपने मुख्य बल्लेबाज को बाहर कर रहे तो ये गलत होगा। इससे अन्य खिलाड़ियों में भी गलत संदेश जाएगा। प्रमुख खिलाड़ियों को कमजोर करने की जगह हमें उनका समर्थन करना चाहिये।' फखर के इस बयान से पीसीब भड़का हुआ है। वहीं इस बारे में उससे अपना जवाब देने को कहा गया है।

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वालों में एक भारतीय भी शामिल

दुबई (ईएमएस)। क्रिकेट में कई रिकार्ड बनते रहे हैं। ये रिकार्ड इसने बड़े स्तर के हैं कि इनका टूटना निकट भविष्य में संभव नजर नहीं आता है। इसी कड़ी में पांच गेंदबाज ऐसे हैं जिन्होंने सबसे अधिक विकेट के रिकार्ड बनाये हैं। इसमें श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन, ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैकग्रा, इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन जैसे गेंदबाज हैं। इस सूची में एकमात्र भारतीय गेंदबाज अनिल कुंबले हैं। कुंबले ने अपने करियर में कुल 956 विकेट लिए हैं। वहीं सबसे अधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड मुरलीधरन के नाम है। मुरलीधरन ने अपने करियर में कुल 1347 विकेट लिए हैं। इस दौरान उन्होंने कुल 593 पारी खेली हैं। सबसे अधिक विकेट उन्होंने टेस्ट करियर में लिए थे।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज दिवंगत शेन वॉर्न हैं। वॉर्न ने अपने करियर में कुल 1001 विकेट लिए। इस दौरान उन्होंने कुल 464 पारियां खेली थीं। उन्होंने भी सबसे अधिक विकेट टेस्ट करियर में ही लिए। वॉर्न कार साल 2021 में निधन हो गया था।

तीसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज जेम्स एंडरसन हैं. जिन्होंने हाल में ही संन्यास की घोषणा की है। एंडरसन ने अपने करियर में कुल 560 इनिंग्स खेली थी. जिसमें उन्होंने कुल 991 विकेट लिए थे।

चौथे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज अनिल कुंबले हैं। कुंबले ने 501 मैचों में कुल 956 विकेट अपने नाम किए थे। उन्होनें टेस्ट पारी में 10 विकेट लेने का भी कारनामा किया है. यह कारनामा उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ किया था.

इस लिस्ट में पांचवे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैकग्रा हैं। साल 2007 में संन्यास लेने वाले मैकग्रा ने अपने देश के लिए तीनों प्रारुपों को मिलाकर कुल 493 पारियां खेली थी। इस दौरान उन्होंने 949 विकेट अपने नाम किए थे।



ब्रूसेल्स में यूईएफए नेशंस लीग फुटबॉल में खेलते हुए खिलाड़ी।

# इरफान की आक्रामक बल्लेबाजी से कोणार्क सूर्या फाइनल में पहुंची

### लीजेंड्स लीग

नई दिल्ली (ईएममएस)। ऑलराउंडर इरफान पठान की आक्रामक बल्लेबाजी से पूर्व क्रिकेटटरों की लीजेंड्स लीग क्रिकेट 2024 में खेले गए दूसरे क्वालीफायर में जीत के साथ ही कोणार्क सूर्या की टीम फाइनल में पहुंच गयी है। इरफान की आक्रामक बल्लेबाजी से टीम कोणार्क ने टोयम हैदराबाद को अंतिम ओवर में एक रन से हराया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कोणार्क सूर्या के केविन ओ ब्रायन के अर्धशतक और कप्तान इरफान पठान के तेज 49 रन की सहायता से टीम ने 5 विकेट पर 156 रन बनाए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए टोयम की टीम 6 विकेट पर 155 रन ही बना पाई।




इरफान के ऑलराउंड प्रदर्शन की इस मैच में अहम भूमिका रही। क्वालीफायर 1 में सदर्न सुपरस्टार के खिलाफ मिली हार के बाद टीम ने जबरदस्त वापसी की और अंतिम गेंद पर हैदराबाद को हराकर फाइनल में जगह बनायी। इस मैच में टॉस हारने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी ओडिशा की शुरुआत अच्छी नहीं रही पर तीसरे नंबर पर केविन ओ ब्रायन के 39 बॉल पर 5 चौके और 1 छक्के के दम पर 50 रन की पारी खेल मैच बदल दिया। अंत में कप्तान इरफान पठान ने 35 बॉल पर 5 चौके और 1 छक्के की मदद से 49 रन की पारी खेलकर 156 रन तक पहुंचाया दिया।

इस मैच में सदर्न सुपरस्टार को अंतिम ओवर में जीत के लिए 12 रनों की जरूरत थी। कप्तान इरफान पठान ने इस ओवर की पहली ही गेंद पर 1 रन बना फिर दूसरी पर 2 रन आए तीसरी गेंद पर समीउल्लाह शिनवारी ने जोरदार छक्का लगाया. अब 3 बॉल पर महज 3 रन की जरूरत थी। पठान ने अगली बॉल पर शिनवारी का विकेट लिया। . वहीं स्टुअर्ट बिन्नी ने 1 रन लेकर स्ट्राइक गुरकीरत मान को दी। पठान ने अंतिम गेंद पर रन नहीं देकर अपनी टीम को एक रन से जीत दिला दी।

# पेजर्स से हमले की बात कहकर कांग्रेस ने उठाया ईवीएम का मुद्दा

## चुनाव आयोग ने कहा, 100 फीसदी फुलप्रूफ, कांग्रेस का आरोप, इजराइल से पीएम मोदी के अच्छे संबंध

नई दिल्ली (ईएमएस)। महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव की तारीखों की चुनाव आयोग की घोषणा से पहले विपक्षी दलों ने फिर ईवीएम में गड़बड़ी का मुद्दा उठाया। हालांकि, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि जनता ने मतदान में भाग लेकर सवालों का जवाब दे दिया है। चुनाव आयुक्त कुमार ने कहा कि जनता मतदान में भाग लेकर सवालों का जवाब देती है। जहां तक ईवीएम का सवाल है, वे 100 फीसदी फुलप्रूफ हैं। इसके पहले, कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने हिजबुल्लाह के पेजर्स को हैक करने का उदाहरण देकर दावा किया था कि ईवीएम में हेरफेर हो सकता है। कांग्रेस नेता अल्वी ने कहा कि महाराष्ट्र में विपक्ष को इसके लिए दबाव बनाना चाहिए कि ईवीएम से नहीं बल्कि बैलेट पेपर से वोटिंग होगी। अन्यथा, महाराष्ट्र में, भाजपा सरकार और चुनाव आयोग कुछ भी कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि यदि इजराइल पेजर और वॉकी-टॉकी के इस्तेमाल से लोगों को मार सकता है, तब ईवीएम कहां है?

इजराइल के साथ पीएम के बहुत अच्छे रिश्ते हैं। इजराइल ऐसी चीजों में माहिर है। ईवीएम का बड़ा खेल कहीं भी हो सकता है और उसके लिए बीजेपी चुनाव से पहले ये सब खेल कर लेती है।

पिछले हफ्ते, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ईसीआई को एक ज्ञापन सौंप कर कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि निकाय इस मुद्दे पर संज्ञान लेगा और उचित निर्देश देगा।

संचार के प्रभारी पार्टी महासचिव रमेश ने लिखा कि 9 अक्टूबर को कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने चुनाव आयोग को शिकायतों से भरा एक ज्ञापन सौंपा।



# संक्षिप्त खबरें

## पश्चिम रेलवे चलायेगी अहमदाबाद-ग्वालियर के बीच फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन

अहमदाबाद (ईएमएस)| पश्चिम रेलवे द्वारा आगामी दिवाली और छठ फेस्टिवल के मद्देनजर,यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए अहमदाबाद और ग्वालियर के बीच विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

ट्रेन संख्या 09411/09412 अहमदाबाद-ग्वालियर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन

ट्रेन संख्या 09411 अहमदाबाद-ग्वालियर स्पेशल 19, 26 अक्टूबर और 02 नवंबर 2024 (शनिवार) को अहमदाबाद से 20.25 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 13.00 बजे ग्वालियर पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 09412 ग्वालियर-अहमदाबाद स्पेशल 20, 27 अक्टूबर और 03 नवंबर 2024 (रविवार) को ग्वालियर से 16.30 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 09.05 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। मार्ग में दोनों दिशाओं में यह ट्रेन आणंद, छायापुरी, गोधरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, मक्सी, गुना और शिवपुरी स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में सेकंड एसी, थर्ड एसी, स्लीपर एवं जनरल श्रेणी के कोच रहेंगे। ट्रेन संख्या 09411 की बुकिंग 16 अक्टूबर, 2024 से यात्री आरक्षण केन्द्रों और आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के परिचालन समय, ठहराव और संरचना से सम्बंधित विस्तृत जानकारी के लिए यात्री www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

## इलेक्ट्रिक इंजन फेल होने पर डीजल इंजन से चलेगी ट्रेन

### रेलवे का वैकल्पिक प्लान

नई दिल्ली (ईएमएस)। यात्री गाड़ियां इंजन फेल होने अथवा इलेक्ट्रिक लाइन में आई किसी भी गड़बड़ी के कारण लेट ना हो। इसके लिए रेलवे ने सभी रेल मंडलों को निर्देश दिया है। यात्री गाड़ियां समय पर अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचे। इसके लिए यदि इलेक्ट्रिक इंजन फेल होता है। इलेक्ट्रिक लाइन ट्रिप होती है। इलेक्ट्रिक लाइन कहीं टूट जाती है। ऐसी स्थिति में डीजल इंजन के माध्यम से यात्री गाड़ियों को अगली स्टेशन पहुंचाया जाए। यात्री गाड़ियां समय पर चलें। इसके लिए यह विकल्प सभी रेल मंडलों को दिया गया है।

सभी जंक्शन और रेल मंडल में डीजल इंजन तैयार रखे जाएंगे। ताकि जरूरत पड़ने पर यात्री गाड़ियों मे विकल्प के रूप में उनका इस्तेमाल किया जा सके। रेलवे के अधिकांश मार्ग का इलेक्ट्रि फिकेशन हो चुका है। इलेक्ट्रिक लाइनों में समय-समय पर फाल्ट आता है। जिसको सुधारने में समय लगता है। कभी-कभी इलेक्ट्रिक इंजन फेल हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में यात्री गाड़ियों को डीजल इंजन की सहायता से आगे की स्टेशन पर भेजने का विकल्प अपनाने का निर्देश सभी रेल मंडलों को जारी किया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रत्येक रेल मंडल या जोन में 10 से 15 शिकायतें इलेक्ट्रिक फॉल्ट के कारण, यात्री गाड़ियों के लेट होने की बात सामने आती है।

## राजस्थान में डेंगू से अब तक 6 मौंत, दहशत में लोग

जयपुर (ईएमएस)। राजस्थान में डेंगू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। इस साल डेंगू से छह लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में 14 साल का लड़का भी शामिल है। 14 साल के गिरिराज को अलवर के एक अस्पताल में तेज बुखार के साथ भर्ती किया गया था। मरीज में डेंगू की पुष्टि की गई। हालांकि, दो दिन के उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार हुआ और अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वहीं, सोमवार को मरीज की हालत फिर बिगड़ी और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। जानकारी मिली है कि डेंगू से मरने वाला गिरिराज अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। अब तक राज्य के अलग-अलग हिस्सों में डेंगू से 6 लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें एक आरएएस अधिकारी, एक डॉक्टर, एक नर्सिंग छात्रा और एक व्यापारी शामिल हैं। उदयपुर में आरएएस अधिकारी तारू सुराणा की करीब 17 दिन तक डेंगू का इलाज चलने के बाद 5 अक्टूबर को मौत हो गई। दौसा जिले के सरकारी अस्पताल में तैनात डॉ. ज्योति मीना में 24 सितंबर को डेंगू के लक्षण दिखे। 25 सितंबर को उनकी प्लेटलेट्स मात्र 12,000 रह गई और तभी उनकी मौत हो गई। पाली के एक व्यापारी और कोटा में एएनएम की ट्रेनिंग कर रही छात्रा को भी बुखार आया और फिर जांच में वह डेंगू पॉजिटिव मिले। धीरे-धीरे उनकी तबीयत बिगड़ती गई और उनकी मौत हो गई। झुंझुनूं के बिसाऊ के वार्ड 12 निवासी खेरूनिशा (36) को 4 अक्टूबर को चूरू के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। महिला को तेज बुखार, सिर दर्द, बदन दर्द और डिहाइड्रेशन की शिकायत थी। वह भी डेंगू पॉजिटिव पाई गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## नाबालिग लड़की से छेड़छाड़, पीछा और जबरन ऑटो में बैठाने वाला आरोपी धराया

मुंबई,(ईएमएस)। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक नाबालिग लड़की का कथित तौर पर पीछा करने और उसे परेशान करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि आरोपी कई बार स्कूल से लौटते समय नाबालिक लड़की का पीछा करता था। नारपोली पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने कहा कि उसने कथित तौर पर एक बार लड़की को पकड़ने की और उसे जबरन ऑटो में बैठने का भी प्रयास किया था।

आरोपी लड़की को उसकी हरकतों के बारे में किसी को नहीं बताने की धमकी देता था। लड़की की उम्र 11 साल बताई जा रही है उसकी मां ने पुलिस से शिकायत की जिसके बाद उस व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि शख्स पर आपराधिक बल का प्रयोग, यौन उत्पीड़न, पीछा करना और धमकी देने के तहत मामला दर्ज किया। बता दें कि बच्चों कि खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले बढ़ते जा रहे हैं। बीते माह यूपी के सीतापुर जिले में एक टीचर की करतूत ने सबको हैरान कर दिया था। उसने अपनी एक नाबालिग छात्रा को अगवा कर उसका यौन उत्पीड़न किया था। आरोपी की पहचान संजय गुप्ता के तौर पर की गई थी, जिसे लोगों ने पीटा उसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के आरोपियों को धार्मिक स्थलों पर भी तलाश रही पुलिस

मुंबई,(ईएमएस)। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की जांच चल रही है। हमलावरों की तलाश में पुलिस जुटी है। अभी भी तीन आरोपी फरार है जिनकी तलाश में पुलिस टीमें देश के अलग-अलग इलाकों में छानबीन कर रही हैं। नाम न छापने की शर्त पर पुलिस अधिकारियों ने कुछ अहम जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि एक आरोपी यूपी के बहराइच से शिवकुमार गौतम है और दूसरा पुणे का रहने वाला शुभम लोणकर है। एक संदिग्ध हैंडलर जीशान अख्तर भी मामले में वांटेड है। रिपोर्ट के मुताबिक शिव कुमार गौतम ने गोलियां चलाईं जिससे सिद्दीकी की मौत हुई। पुणे से गिरफ्तारी प्रवीण लोंकर ने ही गौतम को काम पर रखा था, जिसने हमले के लिए दो अन्य लोगों को शामिल किया। धर्मराज कश्यप और गुरमेल सिंह उस वक्त गौतम के साथ थे, जब उसने गोलियां चलाईं। इसके बाद ये अलग-अलग दिशाओं में भाग गए। धर्मराज और गुरमेल को कुछ समय बाद ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

## प्रोफेसर की पत्नी ने लगाए घरेलू हिंसा के आरोप, महिला आयोग ने लिया संज्ञान

गुवाहाटी। असम के गुवाहाटी में पति-पत्नि ने एक दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक असम विश्वविद्यालय के डिफू कैंपस के प्रोफेसर और उनकी पत्नी ने कार्बी आंगलोंग जिले में हत्या के प्रयास और घरेलू हिंसा का आरोप लगाते हुए एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। हिंदी पढ़ाने वाले प्रोफेसर की पत्नी ने अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उसने आरोप लगाया कि पति ने उस पर और उसके बुजुर्ग पिता पर शारीरिक हमला किया और इस दुर्व्यवहार से बचाने के लिए हस्तक्षेप किया। पुलिस ने बताया कि दोनों शिकायतें दीफू पुलिस स्टेशन में दर्ज की गईं, जिसके बाद बीएनएस के संबंधित अधिनियमों के तहत दो मामले दर्ज किए गए हैं। पत्नी उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए असम राज्य महिला आयोग के पास भी पहुंची। मामले में आयोग ने संज्ञान लिया है। इधर एक रिपोर्ट भी सामने आई है, जिसमें दावा किया गया है कि कैंपस की कुछ छात्राओं के साथ प्रोफेसर ने शारीरिक और यौन शोषण किया है। हालांकि, पुलिस ने कहा कि वे गुमनाम शिकायतों पर कार्रवाई नहीं कर सकते और किसी भी छात्रा ने आधिकारिक तौर पर शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

# कनाडा से लौट रहे उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा को मिलेगी कड़ी सुरक्षा

### खुफिया एजेंसी का अलर्ट

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत ने कनाडा के छह राजनयिकों को निष्कासित कर कनाडा से अपने उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों एवं अधिकारियों को वापस बुलाने की घोषणा की। भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा और पांच अन्य अधिकारी सप्ताह के अंत में कनाडा से लौट आएंगे। भारत लौटने के बाद उन्हें संभावित खालिस्तानी खतरों के कारण बढ़ी हुई सुरक्षा दी जाएगी। इसके अलावा, कनाडा में हाल ही में तैनात अन्य भारतीय राजनयिकों और अधिकारियों को भी विशेष सुरक्षा दी जाएगी। वर्मा के अलावा, टोरंटो के वाणिज्य दूत सिद्धार्थ नाथ को सबसे अधिक खतरे में माना जा रहा है। उन्हें भी हाल ही में कनाडा छोड़ने को कहा गया था। नाथ ने पिछले साल अगस्त में टोरंटो कांसुलेट का कार्यभार संभाला था।



खालिस्तान समर्थक समूह 'सिख्स फॉर जस्टिस' (एसएफजे) ने उच्चायुक्त वर्मा की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए 500,000 डॉलर का इनाम घोषित किया है। एसएफजे का आरोप है कि वर्मा का निज्जर की हत्या में कथित तौर पर हाथ था और यह संगठन लगातार कनाडा के प्रधानमंत्री को मामले की जांच के लिए पत्र लिखता रहा है।

सूत्रों के अनुसार, भारत सरकार खालिस्तानी गतिविधियों से जुड़े भारतीय मूल के कनाडाई नागरिकों के ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्ड पर सख्त कार्रवाई करने की योजना बना रही है। हालांकि, वीजा जारी करने पर रोक लगाने की संभावना नहीं है, जैसा कि पिछले साल प्रधानमंत्री ट्रूडो के बयान के बाद हुआ था।

# बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में लॉरेंस से पूछताछ करने कस्टडी चाहती है पुलिस

### मुंबई लाने की तैयारी, सीआरपीसी 268 बन रही रोड़ा

मुंबई,(ईएमएस)। महाराष्ट्र में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में गिरफ्तार तीसरे आरोपी प्रवीण लोनकर की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। 21 अक्टूबर तक पुलिस आरोपी से पूछताछ कर सकती है। पुलिस के मुताबिक प्रवीण का भाई शुभम जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा हुआ है। बिश्नोई गैंग ने ही बाबा सिद्दीकी की हत्या की है। इस हाई प्रोफाइल मामले में लॉरेंस बिश्नोई का नाम आने के बाद पुलिस उससे पूछताछ कर सकती है। लॉरेंस को साबरमती जेल से हिरासत में लेकर पूछताछ करने की मुंबई पुलिस अनुमति मांग सकती है लेकिन इसमें बड़ा पेंच है। कहा जा रहा है कि मुंबई पुलिस को लॉरेंस बिश्नोई की हिरासत आसानी से नहीं मिलेगी। सलमान खान को जान से मारने की धमकी और उनके घर के बाहर फायरिंग मामले में भी बिश्नोई का नाम आया था। तब से पुलिस लॉरेंस की कस्टडी मांग रही है।

विशेषज्ञों का मानना है लॉरेंस बिश्नोई की कस्टडी के लिए मुंबई पुलिस को हाईकोर्ट से इजाजत लेनी होगी। यह मुश्किल है। मुंबई पुलिस सलमान खान के घर फायरिंग मामले में लॉरेंस बिश्नोई से पूछताछ करना चाहती है। अब बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मामला बड़ा है इसलिए मुंबई पुलिस को लॉरेंस की कस्टडी मिल सकती है, वह भी सिर्फ केंद्र की इजाजत के बाद। बिश्नोई पिछले एक साल से साबरमती जेल में बंद है। उस पर पंजाब, दिल्ली, गुजरात और मुंबई में हत्या, हत्या के प्रयास, जबरन वसूली और ड्रग्स और हथियार तस्करी सहित कई मामले दर्ज हैं।

बता दें लारेंस बिश्नोई को खालिस्तान समर्थकों को आतंकी फंडिंग के सिलसिले में एनआईए ने गिरफ्तार किया था।

# बाबा सिद्दीकी के बाद, ये सेलिब्रेटी बिश्नोई की हिट लिस्ट में, सलमान, मुनव्वर फारुकी

मुंबई (ईएमएस)। 12 अक्टूबर को एनसीपी नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या की कथित साजिश रचने में लॉरेंस बिश्नोई का नाम आया है। हत्या की जिम्मेदारी खुद लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली। बाबा सिद्दीकी की हत्या के पीछे की वजह उनकी सलमान खान से दोस्ती को बताया जा रहा है।

इसके बाद सलमान के घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस बीच गैंगस्टर बिश्नोई लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। सूत्रों के मुताबिक बिश्नोई ने एनआईए (एनआईए) के सामने सनसनीखेज खुलासे किए हैं। बिश्नोई के टारगेट्स की हिट लिस्ट में सबसे ऊपर बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान हैं जिन्हें मारने की साजिश रच रहा है।लॉरेंस ने कबूला है कि वहां हर हाल में सलमान को मारना चाहता है। ये मुद्दा सलमान खान के काले हिरण शिकार मामले में शामिल होने के बाद से शुरू हुई थी। बिश्नोई समुदाय में काले हिरण का बहुत सम्मान किया जाता है।

कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी भी बिश्नोई के निशाने पर हैं। कथित तौर पर पिछले महीने दिल्ली में उन्हें निशाना बनाने का प्रयास हुआ था। इस घटना के बाद मुंबई पुलिस ने फारुकी की सुरक्षा बढ़ा दी है। दरअसल मुनव्वर ने कई शो में हिंदी देवी-देवताओं का मजाक उड़ाया था, इसकारण बिश्नोई गैंग फारुकी से खुश नहीं है। सितंबर में दिल्ली के कार्यक्रम में निशानेबाजों को हिट का काम सौंपा गया था। उन्होंने मुंबई से उसी फ्लाइट में उनके साथ यात्रा की और यहां तक कि वही होटल बुक किया जहां मुनव्वर रुकने वाले थे। हालांकि, खुफिया एजेंसियों ने दिल्ली पुलिस को सतर्क कर दिया और योजना विफल कर दी गई। कथित तौर पर,उन्हें पिछले कुछ सालों से धमकियां मिल रही हैं।

दिवंगत पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के मैनेजर शगनप्रीत सिंह का नाम भी बिश्नोई हिट लिस्ट में शामिल है। बिश्नोई का मानना है कि शगनप्रीत ने उनके करीबी सहयोगी विक्की मिड्डुखेड़ा के हत्यारों को पनाह दी थी जिनकी अगस्त 2021 में मोहाली में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# बीजेपी विधायक गुर्जर ने डासना मंदिर हमले की घटना से सीएम को कराया अवगत

लखनऊ,(ईएमएस)। बीजेपी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलकर उन्हें डासना मंदिर की घटना के सभी पहलुओं से अवगत कराया है। डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद सरस्वती द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ दिए बयान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के बाद इलाके में तनाव फैल गया था। नंद किशोर गुर्जर यूपी के गाजियाबाद जिले के लोनी विधानसभा से विधायक हैं।

दरअसल, 4 अक्टूबर की रात डासना मंदिर के बाहर बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग जमा हो गए थे और उन्होंने कथित रूप से मंदिर पर पथराव किया था।



बीजेपी विधायक गुर्जर ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि आज सीएम योगी आदित्यनाथ से भेंट कर देवी डासना मंदिर के सभी पक्षों से अवगत करा दिया है। सीएम ने मामले में शांति बना कर रखने के लिए कहा है। साथ ही उन्होंने कहा किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

नंद किशोर गुर्जर ने अपनी मुलाकात के दौरान सीएम योगी के साथ खींची गई एक फोटो भी शेयर की है।


बता दें विधायक गुर्जर को डासना मंदिर पर हमले के विरोध में बुलाई गई हिंदू महापंचायत में हिस्सा लेने जाते समय रास्ते में ही रोक दिया गया था। उन्होंने रोहिंग्या मुसलमानों को देश से बाहर निकालने की मांग की है। नरसिंहानंद को पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ उनकी टिप्पणियों के लिए कई एफआईआर और मुस्लिम समूहों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने 29 सितंबर को एक कार्यक्रम में जानबूझकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के अपराध से संबंधित का उल्लंघन करते हुए ये टिप्पणियां की थी।

# यूपी विधानसभा की नौ सीटों पर उपचुनाव 13 नवम्बर को

लखनऊ (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश में विधानसभा की 9 सीटों पर उपचुनाव का ऐलान हो गया है। मंगलवार को चुनाव आयोग ऐलान करते हुए मतदान के लिए 13 नवंबर की तारीख तय की है। वहीं 23 नवंबर को नतीजे घोषित होंगे। तारीख का ऐलान होने के साथ ही सूबे में सियासी गर्मी बढ़ गयी है। उत्तर प्रदेश में फूलपुर, गाजियाबाद, मझवां, खैर, मीरापुर, सीसामऊ, कटेहरी, करहल और कुंदरकी विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। इसमें कानपुर की सीसामऊ सीट को छोड़कर अन्य सभी सीटें विधायकों के सांसद बन जाने की वजह से खाली हुई हैं। सीसामऊ से इरफान सोलंकी के सजायाफ्ता हो जाने की वजह से सीट पर उपचुनाव हो रहा है। अयोध्या जिले की मिल्कीपुर सीट को लेकर अभी कोई ऐलान नहीं हुआ है।

यूपी से सांसद बने 9 विधायकों ने जून के महीने में इस्तीफा दिया था। इस हिसाब से 14 दिसंबर के पहले ये सीटें भरी जानी चाहिए, लेकिन इरफान सोलंकी की सीसामऊ सीट 7 जून को ही रिक्त घोषित की गई थी। इसलिए, यह 7 दिसंबर के पहले भरी जानी है। इसलिए नवंबर में चुनाव करवाने ही होंगे। 2027 में प्रस्तावित यूपी के विधानसभा चुनाव के लगभग सवा दो साल पहले होने वाले उपचुनाव को सियासी दल सत्ता के सेमीफाइनल के तौर पर देख रहे हैं। चुनाव आयोग ने मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर तारीखों का ऐलान नहीं किया है। याद हो कि अयोध्या की फैजाबाद लोकसभा सीट से चुनावी जीत दर्ज कर समाजवादी पार्टी ने बड़ा उलटफेर कर दिया। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या सीट पर भाजपा की हार ने सपा को हमले का मौका दिया। सपा ने यहां से दलित नेता अवधेश प्रसाद को चुनावी मैदान में उतारा था। फैजाबाद लोकसभा सीट से जीत दर्ज करने वाले अवधेश प्रसाद मिल्कीपुर विधानसभा सीट से यूपी चुनाव 2022 में विधायक चुने गए थे। अब समाजवादी पार्टी ने उपचुनाव के लिए अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को उम्मीदवार बनाया है।

ऐसे में सूबे की जिन नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है उनका ब्यौरा कुछ इस प्रकार है-गाजियाबाद सदर सीटः गाजियाबाद सदर विधानसभा सीट भी भारतीय जनता पार्टी के मजबूत किले के रूप में जानी जाती है। यूपी चुनाव 2022 के दौरान यहां से अतुल गर्ग ने जीत दर्ज की थी। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा ने गाजियाबाद के सांसद रहे पूर्व सेना प्रमुख रिटायर्ड जनरल वीके सिंह का टिकट काटकर अतुल गर्ग को चुनावी मैदान में उतारा। अतुल गर्ग जीत दर्ज करने में कामयाब रहे। इसके बाद यह सीट खाली हुई है।




मीरापुर विधानसभा सीटः मुजफ्फरनगर की मीरापुर विधानसभा सीट पर यूपी चुनाव 2022 के दौरान राष्ट्रीय लोक दल के उम्मीदवार चंदन चौहान ने जीत दर्ज की थी। उस समय राष्ट्रीय लोकदल समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन कर चुनावी मैदान में उतरी थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय लोक दल ने एनडीए का दामन थामा। जयंत चौधरी ने चंदन चौहान को बिजनौर लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया और वह जीत दर्ज करने में कामयाब रहे। इसके बाद मीरापुर विधानसभा सीट खाली हो गई।

फूलपुर विधानसभा सीटः यूपी चुनाव 2022 के दौरान प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवीण पटेल ने जीत दर्ज की थी। भारतीय जनता पार्टी ने प्रवीण पटेल को फूलपुर लोकसभा सीट से लोकसभा चुनाव 2024 में उम्मीदवार बनाया। वह जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। इसके बाद यह सीट खाली हुई है। समाजवादी पार्टी ने यहां से मुस्तफा सिद्दीकी को उम्मीदवार घोषित कर दिया है।

मझवां विधानसभा सीटः मिर्जापुर की मझवां विधानसभा सीट को लेकर यूपी की राजनीति में खासी चर्चा है। यह सीट यूपी चुनाव 2022 के दौरान एनडीए में गठबंधन के तहत निषाद पार्टी के पाले में गई थी। निषाद पार्टी के टिकट पर उम्मीदवार मनोज कुमार बिंद ने यहां से जीत दर्ज की थी। मनोज कुमार बिंद को भारतीय जनता पार्टी ने भदोही से लोकसभा चुनाव का उम्मीदवार बनाया। लोकसभा चुनाव 2024 में वह जीत दर्ज करने में कामयाब रहे। अखिलेश यादव ने पीडीए के तहत मझवां से ज्योति बिंद को चुनावी मैदान में उतार दिया है।

करहल विधानसभा सीटः मैनपुरी जिले के तहत करहल विधानसभा सीट आती है। यहां से अखिलेश यादव यूपी चुनाव 2022 में जीत दर्ज कर पहली बार विधायक बने थे। 2012 में मुख्यमंत्री बनने के दौरान अखिलेश यादव विधान परिषद सदस्य चुने गए थे। लोकसभा चुनाव 2024 में कन्नौज लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरकर अखिलेश ने जीत दर्ज की। इसके बाद यह सीट खाली हुई है। समाजवादी पार्टी ने यहां से अखिलेश के भतीजे तेज प्रताप सिंह यादव को चुनावी मैदान में उतारा है।

कुंदरकी विधानसभा सीटः संभल लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 में पहले शफीकुर रहमान बर्क को उम्मीदवार घोषित किया था। लोकसभा चुनाव से पहले शफीकुर रहमान बर्क का निधन हो गया। इसके बाद अखिलेश यादव ने यहां से उनके पोते और मुरादाबाद की कुंदरकी विधानसभा सीट से विधायक जियाउर रहमान बर्क को चुनावी मैदान में उतारा। जियाउर रहमान संभल सीट से जीत दर्ज करने में कामयाब रहे। इसके बाद कुंदरकी विधानसभा सीट खाली हुई है। कुंदरकी विधानसभा सीट को समाजवादी पार्टी का गढ़ माना जा रहा है।

खैर विधानसभा सीटः अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट को भारतीय जनता पार्टी के गढ़ के रूप में माना जाता है। यहां से यूपी चुनाव 2022 में अनूप बाल्मीकि ने भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज की थी।

# पुलिस विभाग में प्रोन्नति पाने वाले अधिकारियों के लिए पीपिंग सेरेमनी कार्यक्रम का किया गया आयोजन





धनबाद। न्यू टाउन हॉल में मंगलवार को पुलिस विभाग में प्रोन्नती पाने वाले अधिकारियों के लिए पिपिंग सेरेमनी कार्यक्रम आयोजन किया गया । जिन पुलिस कर्मियों को प्रमोट किया गया उनमें कुल 254 लोग शामिल हैं। सिपाही, हवलदार से 250 पुलिस कर्मियों को सहायक पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर प्रोन्नती दी गई। इसके साथ ही तीन पदाधिकारियों को पुलिस निरीक्षक व 1, को अवर पुलिस निरीक्षक के पद पर प्रोन्नती दी गई। एसएसपी, हृदीप पी जनार्दनन ने प्रोन्नती पाने वाले सभी पदाधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । एसएसपी समेत अन्य पदाधिकारियों ने अधिकारियों को प्रोन्नती के बाद मिलने वाला स्टार लगाया। एसएसपी ने कहा कि प्रोन्नती पाने वालों के लिए उनके जीवन में यह एक यादगार क्षण है। एसएसपी ने प्रमोशन पाने वाले सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं दी और बेहतर कार्य करते हुए अपनी जिम्मेवारियों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करने को कहा। पीपिंग सेरिमनी में वरीय पुलिस अधीक्षक, हृदीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी, अजीत कुमार, डीएसपी मुख्यालव द्वितीय, एन बंका, डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम, एसडीपीओ सिंदरी, आशुतोष सत्यम, एसडीपीओ निरसा, रजत मणिक बाखला, डीएसपी सीसीआर, सुमित कुमार, डीएसपी मुख्यालय वन शंकर कामती, डीएसपी साइबर, संजीव कुमार समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### मंईयां सम्मान योजना को लेकर झामुमो के समर्थकों ने

## रणधीर वर्मा चौक के समीप एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर मिठाइयां बाँटी



धनबाद। झामुमो जिला कमिटी निर्देशानुसार मीडिया पैनेलिस्ट सह केंद्रीय सदस्य डॉ. नीलम मिश्रा के नेतृत्व में रणधीर वर्मा चौक पर झारखण्ड सरकार द्वारा मंईयाँ सम्मान योजना मे प्रत्येक महिला को 1000/- मिलने वाला सहायता राशि को बढ़ाकर 2500/- किये जाने पर उत्साह मनाने को लेकर कार्यक्रम रखा गया । कार्यक्रम में मिठाई खिलाकर और अबीर ग़ुलाल लगा कर झारखण्ड के मुख्यमंत्री, हेमन्त सोरेन का आभार प्रकट किया गया । साथ ही महिलाओं में काफी उत्साह का माहौल बना हुआ है । सभी ने ठाना पुनः हेमन्त सोरेन की सरकार झारखण्ड मे बनना तय है । कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय सदस्य जग्गू महतो, महानगर अध्यक्ष मन्टू कुमार चौहान, उपाध्यक्ष, मिहिर दत्ता, रामु मंडल,बंटी सिंह,संयुक्य सचिव राजेश तुरी, झा. को. म. यु. अध्यक्ष हराधन रजवार, बुद्धिजीवी मोर्चा अध्यक्ष सह जिला बीस सूत्री सदस्य राजू प्रामाणिक, उपाध्यक्ष विष्णुदेव विश्वकर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सद्दाम हुसैन,इजराफिल अंसारी, सरफराज, सहबाज,राजा तुरी,महिला मोर्चा अध्यक्ष सुमन देवी चौहान, गीता देवी, सुनीता प्रमाणिक, बेबी प्रमाणिक, लक्ष्मी रक्षित,पारो देवी, बेबी देवी, आरती देवी, रात्रि देवी, प्रीति देवी, कोमल कुमारी, सिमरन कुमारी, प्रिन्सी कुमारी, सोनिया कुमारी, सूरजपतिया देवी, सीता देवी, कृष्णा चौहान, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे ।

## बीसीसीएल में अंतर ग्राम फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन




धनबाद । 15 अक्टूबर को बीसीसीएल के विशेष अभियान 4.0 ( Special Campaign 4.0 ) के आलोक में सीएसआर विभाग, कोयला भवन के सौजन्य से सिजुआ क्षेत्र द्वारा सिजुआ स्टेडियम, सिजुआ में अंतर ग्राम फुटबॉल प्रतियोगिता-2024 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छः ग्रामीण टीमों ने भाग लिया। अंतर ग्राम फुटबॉल प्रतियोगिता-2024 का फाइनल मैच 16 अक्टूबर को खेला जाना है। मौके पर स्टेडियम में श्री सुधाकर प्रसाद, महाप्रबंधक, सिजुआ क्षेत्र, श्री चंदन कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, सिजुआ क्षेत्र, श्री मुकेश कुमार, उप प्रबंधक (कार्मिक/ प्रशासन), सिजुआ क्षेत्र, सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। खेल प्रेमी दर्शक दीर्घा में बैठकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते नजर आए।आज के मैच में खिलाड़ियों ने खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन-2024 के निमित्त नगर आयुक्त ने स्वीप कार्यक्रम को लेकर की बैठक



धनबाद। आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त, रवि राज शर्मा की अध्यक्षता में स्वीप एक्टिविटी को लेकर समाहरणालय में बैठक आयोजित की गई। वरीय पदाधिकारी ने स्वीप कर्मियों से कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में शहरी क्षेत्रों में वोट प्रतिशत कैसे बढ़ाए इस पर चर्चा की गई एवं इसका विस्तार से प्रारूप बनाया गया। साथ ही कार्य योजना भी तैयार की गई। बैठक में शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गठित स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने कहा कि स्वीप योजना के तहत जिले में कारगर कार्य होना चाहिए। स्वीप कोषांग का मुख्य लक्ष्य मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान के प्रतिशत में वृद्धि करना। स्वीप योजना के तहत कैलेंडर तैयार किया गया है । उसके अनुसार कार्यक्रमों को आयोजित करना सुनिश्चित करें। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर, डीपीएम जेएसएलपीएस, शैलेश रंजन, सहायक नगर आयुक्त सुश्री शिखा कुमारी, एसएमपीओ सुश्री विनीता कुमारी, समेत सीडीपीओ एवं अन्य कर्मी मौजूद थे ।

## इप्टा की 213वीं बैठक सम्पन्न



धनबाद, जमशेदपुर, मंगलवार को भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ सह समाजसेवी संस्था इप्टा की 213 वीं बैठक पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर जिला के डिमना रोड मांगो एक्टिव कोचिंग सेंटर में लालटू गोराई की अध्यक्षता में मीटिंग संपन्न हुई । जिसमें आज निजी शिक्षकों की सरकारी योजना का लाभ हेतु विस्तार से चर्चा की गई । मौके पर डॉक्टर परमानंद मोदी, संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष, रंजीत श्रीवास्तव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर बी निराला, नीरज बैध, डी एस ठाकुर एवं लालटू गोराई उपस्थित थे ।

## चुनावी बिगुल बजने से पहले निरसा विधायक ने शिलान्यास की लगाई झड़ी



निरसा, (धनबाद), झारखंड में आज चुनावी बिगुल बजने वाला है । चुनाव की घोषणा से पहले निरसा के भाजपा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने निरसा क्षेत्र में शिलान्यास की झड़ी लगा दी । पंडरा क्षेत्र के लोगों के लिए रानी तलाब का शिलान्यास की है, वर्षो से मांग रही थी की रानी तालाब का जन्नोधार हो, जिसके तहत मंगलवार को लघु सिंचाई प्रमंडल धनबाद द्वारा 3 करोड़ 99 लाख की राशि से रानी तलब का जन्नोधार किया गया। साथ ही ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कालूबथान,यशपुर और पंचेत के कई योजनाओं का शिलान्यास की । उक्त जानकारी देते हुए निरसा के विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने बताया कि इस तालाब के जन्नोदार के लिए लगातार प्रयशरत रही हूं । जिला प्रशासन से लगातार मांग करते आ रही थी और आज नारियल फोड़ कर विधिबत शिलान्यास किया गया। तालाब सोंदीकारण से क्षेत्र वासियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

# शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन तैयार: उपायुक्त

## शहरी व युवा मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने की अपील




### आदर्श आचार संहिता आज से प्रभावी

### नामांकन करने की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर 2024

### 20 नवंबर 2024 को धनबाद में मतदान

### लाइसेंसी हथियार धारकों को हथियार जमा करने का निर्देश

धनबाद। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, माधवी मिश्रा ने विधानसभा चुनाव 2024 की घोषणा होने के बाद पत्रकार वार्ता कर मीडिया से कहा की धनबाद में 22 अक्टूबर 2024 को विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर 2024 रहेगी। 30 अक्टूबर 2024 को नामांकन पत्रों की स्क्रुटनी की जाएगी। वहीं 1 नवंबर 2024 को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि रहेगी।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में धनबाद में 20 नवंबर 2024 को मतदान किया जाएगा। 23 नवंबर 2024 को मतगणना की जाएगी तथा 25 नवंबर 2024 को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा की शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन ने मुकम्मल तैयारी की है। उन्होंने शहरी एवं युवा वोटरों को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की।

साथ ही बताया कि 2019 के विधानसभा चुनाव में धनबाद में 62.28% मतदान हुआ। वहीं लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत 2.53% बढ़कर 64.81% रहा। विधानसभा चुनाव में भी स्वीप एक्टिविटी के तहत मतदाताओं को जागरुक कर मतदान प्रतिशत को और बढ़ाने का जिला प्रशासन का उद्देश्य रहेगा।

आगे उन्होंने कहा कि 38 सिंदरी, 39 निरसा, 40 धनबाद, 41 झरिया, 42 टुंडी एवं 43 बाघमारा विधानसभा को लेकर 1318 भवनों में 2372 मतदान केंद्र में मतदाता मतदान करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा 38 सिंदरी, 39 निरसा, 40 धनबाद, 41 झरिया, 42 टुंडी एवं 43 बाघमारा को लेकर कुल 20 लाख 75 हजार 869 मतदाता है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 10 लाख 72 हजार 596, महिला मतदाताओं की संख्या 10 लाख 3 हजार 221 एवं 52 ट्रांसजेंडर मतदाता है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि धनबाद में 27944 पीडब्ल्यूडी, 85 वर्ष से अधिक उम्र के 5443 वोटर है। 18 - 19 वर्ष के वोटरों की संख्या 76656 है। 18 से 19 वर्ष के वोटरों में मेल वोटर की संख्या 33347, फीमेल वोटर की संख्या 43308 तथा एक ट्रांसजेंडर मतदाता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता भी प्रभावी हो गई है। चुनाव आयोग के निर्देश अनुसार इसका अक्षरशः पालन किया जाएगा।

उन्होंने बताया की निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करने के लिए 63 स्टेटिक सर्विलांस टीम, 18 विडीयो सर्विलांस टीम, 12 विडीयो व्यूइंग टीम, 63 फ्लाइंग स्क्वॉड टीम, 22 अकाउंटिंग टीम तथा 12 असिस्टेंट एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर मौजूद रहेंगे। इसके अलावा 11 इंटर स्टेट तथा 5 इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट पर लगातार आने जाने वालों की जांच की जाएगी। पत्रकार वार्ता में मौजूद वरीय पुलिस अधीक्षक, हृदीप पी, जनार्दनन ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तरह ही विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सिंदरी एवं टुंडी विधानसभा में विशेष निगरानी रखी जाएगी। वहीं 41 मतदान केंद्र नक्सल एरिया में है। जबकि वल्नरेबल बूथ की संख्या 37 एवं क्रिटिकल बूथ की संख्या 632 है। उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर जिले को 260 सेक्टर में बांटा गया है। जहां मतदान संपन्न होने तक सुरक्षाकर्मी भ्रमण करते रहेंगे। मतदान के दिन 19 जोन में क्विक रिस्पांस टीम मौजूद रहेगी।

आगे उन्होंने कहा कि जिले में शांति एवं विधि व्यवस्था कायम करने के लिए एक 9731 से अधिक वैसे असामाजिक तत्वों को चिन्हित किया है, जो विगत 1 साल में विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं। वहीं पिछले 10 साल में विविध कांड में संलिप्त अभियुक्तों की भी लिस्ट बनाई गई है। उनके ऊपर पुलिस की सतत नजर रहेगी और प्रीवेंटिव कार्रवाई भी की जाएगी।

एसएसपी ने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सीएमपीएफ की 5 कंपनी एलॉट की गई है। जिसमें 2 कंपनी धनबाद में आ गई है और अभी से जिले के हर कोने में भ्रमणशील रहेगी। साथ ही उन्होंने लाइसेंसी हथियार धारकों को अपने निकटतम थाना में हथियार जमा करने का निर्देश दिया।

साथ ही एसएसपी ने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं भड़काऊ मैसेज डालने वालों के लिए सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल भी प्रभावी है। ऐसा करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

पत्रकार वार्ता में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक, हृदीप पी जनार्दनन, 38 सिंदरी विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता, विनोद कुमार, 39 निरसा विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, 40 धनबाद विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ, राजेश कुमार, 41 झरिया विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, पीयूष सिन्हा, 42 टुंडी विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह एलआरडीसी, दिलीप कुमार महतो, 43 बाघमारा विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह निदेशक डीआरडीए, राजीव रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सुनील कुमार सिंह के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। प्रेस वार्ता में काफी संख्या में मिडिया कर्मी मौजूद थे ।

### बड्र्स गार्डेन स्कूल में 29वीं सीनियर महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को

# स्कूल प्रबंधन एवं थाना प्रभारी द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान किया







राजगंज (धनबाद) ,बड्स गार्डेन स्कूल परिसर में क्षेत्र के नए थाना प्रभारी, सुश्री अलीशा अग्रवाल के माध्यम से आज स्कूल प्रबंधन द्वारा 29वीं सीनियर महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रमाण पत्र और उपहार प्रदान किया गया। इस दौरान सुश्री अलिशा अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनकी कड़े मेहनत और खेल की प्रतिभा की काफी प्रशंसा की।

साथ ही प्राचार्य प्रमोद चौरसिया ने इन महिला ने खिलाड़ियों को झारखंड की टीम में चयन होने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी और उनके कड़े मेहनत को सैल्यूट किया।

साथ ही स्कूल की निदेशका श्रीमती गौरी ने पुष्पगुच्छ देकर ने थाना प्रभारी का स्वागत किया एवं स्कूल की स्काउट एंड एनसीसी बैंड ग्रुप द्वारा थाना प्रभारी और सभी फुटबॉल खिलाड़ियों को मार्च पास्ट और सलामी देकर स्वागत किया । स्कूल प्रबंधन की ओर से प्रमोद कुमार ने ट्रायल कैंप के मुख्य सलेक्टर के रूप में झारखंड फुटबॉल टीम के मुख्य सलेक्टर एवं मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब कोलकाता के पूर्व खिलाड़ी मोहम्मद नियाजउद्दीन का एवं अध्यक्ष, ऐ के पाल ने टीम कोच पारस करमाली का पुष्प कुछ देकर स्वागत किया।

इस दौरान स्कूल के सभी छात्राओं व शिक्षक परिवार ने तालियों की गड़गड़ाहट से सभी खिलाड़ियों का हौसला बढाया । जिससे सभी खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा था ।

## गुरुनानक कॉलेज में अभिभावक, शिक्षक मिलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



धनबाद, मंगलवार को गुरु नानक कॉलेज धनबाद के राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा भुदा कैंपस में अभिभावक -शिक्षक मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग में अध्ययन छात्र-छात्राओं में से 74 छात्र छात्राएं एवं 74 अभिभावक ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।अभिभावक और छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय प्रसाद ने कक्षा में छात्रों की उपस्थिति के साथ ही साथ कॉलेज लाइब्रेरी, एनएसएस, एनसीसी, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां, महाविद्यालय में समय-समय पर आयोजित होने वाले सेमिनार, रोजगार मेले, स्पोकन ट्यूटोरियल में उनकी सक्रिय सहभागिता और उपस्थिति को आवश्यक एवं महत्वपूर्ण बताया। उपस्थित अभिभावकों की ओर से कॉलेज में आयोजित शैक्षणिक एवं अन्य क्रियाकलापों के सुदृढ़ एवं सुचारु गतिविधियों की प्रशंसा की। विभाग अध्यक्ष,डॉ, मीना मालखंडी ने अतिथियों का स्वागत किया एवं अपने संबोधन में विभाग के द्वारा शैक्षणिक एवं अन्य क्रियाकलापों से संबंधित विषयों पर नीतिगत जानकारी दी । इस समारोह में उपस्थित अभिभावकों की ओर से विभाग के द्वारा किए गए कार्यक्रम को काफी सराहा। कार्यक्रम को भुदा कैंपस के प्रोफेसर- इंचार्ज प्रोफेसर अमरजीत सिंह ने भी संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में प्रोफ़ेसर दीपक कुमार, प्रोफेसर दलजीत सिंह, डॉ, नीता ओझा , प्रोफेसर नमिता कुमारी और प्रोफेसर सिमरन छाबड़ा, नरेंदर सिंह तथा पंकज कुमार आदि मौजूद थे।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▶ समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।